✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 140 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




महाराष्ट्र में छह करोड़ के इनामी नक्सली भूपति ने किया सरेंडर

# जदयू के 57 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीट बंटवारे के बाद से जारी तनाव के बीच आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पहली सूची में 57 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। इनमें मंत्री श्रवण कुमार, विजय कुमार चौधरी, महेश्वर हजारी समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। जदयू के टिकट से अपना नामांकन दाखिल कर चुके अनंत सिंह का भी नाम इस लिस्ट में है। जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि जदयू की पहली सूची आज जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का चुनाव प्रचार 16 से शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने स्थिति की सही समीक्षा करने के बाद पहली सूची जारी करने का निर्णय लिया है। हमारी दूसरी सूची भी एक-दो दिनों में जारी कर दी जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष अब तक सीट बंटवारे पर फैसला नहीं कर पाया है। एनडीए पूरी तरह एकजुट है और हमारा उद्देश्य नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाना है। बिहार के लोग भी एनडीए की डबल इंजन सरकार का फायदा देख रहे हैं और अब वे पीछे मुड़ कर नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 16



अक्तूबर से अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेंगे। सीएम नीतीश के इस अभियान से राज्य में एक अलग माहौल देखने को मिलेगा। एनडीए का उद्देश्य है कि बिहार के विकास की रफ्तार को बनाये रखना। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी या रोजगार देने का जो वादा किया है, उसे पूरा करना है। बिहार में जो कई महत्वपूर्ण सिक्स-लेन हाइवे बन रहे हैं, विकास के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम हो रहे हैं, उसे समय से पूरा करना है। वहीं जदयू में अंदर तनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर किसी भी तरह के मतभेद से इनकार करते हुए कहा कि जदयू में किसी प्रकार की कोई अंदरूनी समस्या नहीं है। पार्टी में जो भी निर्णय लिए जाते हैं, वह नीतीश कुमार की सहमति से ही होते हैं। वह एक लोकतांत्रिक नेता हैं, तानाशाही प्रवृत्ति के नहीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की भी कमान संभाले हुए हैं और जदयू की भी कमान संभाले हुए हैं। विपक्ष को भी पता है कि इस बार लोगों का फीडबैक क्या है, महिलाओं और युवाओं का मूड कैसा है और रिजल्ट कैसा आने वाला है। इसलिए पूरा विपक्ष दहशत में है। मैं देख रहा हूं कि कुछ लोग एजेंडा बेस्ड नैरेटिव चलाने की कोशिश कर रहे हैं। निराधार खबरें चला कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार आलमनगर से नरेन्द्र नारायण यादव, बिहारीगंज से निरंजन कुमार मेहता, सिहेंश्वर (अ.जा.) से रमेश ऋषिदेव, मधेपुरा से कविता साह, सोनबरसा (अ.जा.) से रत्नेश सदा, महिषी से गुंजनेश्वर साह, कुशेश्वरस्थान (अ.जा.) से अतिरेक कुमार, बेनीपुर से विनय कुमार चौधरी, दरभंगा ग्रामीण से ईश्वर मंडल, बहादुरपुर से मदन साहनी, गायघाट से कोमल सिंह, मीनापुर से अजय कुमार, सकरा (अ.जा.) से आदित्य कुमार, कांटी से ई. अजीत कुमार, कुचायकोट से अमरेंद्र कुमार पांडेय, भोरे (अ.जा.) से सुनील कुमार, हथुआ से रामसेवक सिंह एवं बरौली से मंजीत सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं जीरादई से भीषम कुशवाहा, रघुनाथपुर से विकास कुमार सिंह उर्फ जीसू सिंह, बड़हरिया से इन्द्रदेव पटेल, महाराजगंज से हेम नारायण साह, एकमा से धूमल सिंह, मांझी से रणधीर सिंह, परसा से छोटे लाल राय, वैशाली से सिद्धार्थ पटेल, राजापाकर (अ.जा.) से महेंद्र राम, महनार से उमेश सिंह कुशवाहा, कल्याणपुर (अ.जा.) से महेश्वर हजारी, वारिसनगर से डॉ. मांजरीक मृणाल, समस्तीपुर से अश्वमेघ देवी, मोरवा से विद्यासागर सिंह निषाद, सरायरंजन से विजय कुमार चौधरी, विभूतिपुर से रवीना कुशवाहा, हसनपुर से राज कुमार राय, चेरिया बरियारपुर से अभिषेक कुमार, मटिहानी से राजकुमार सिंह, अलौली (अ.जा.) से रामचंद्र सदा, खगड़िया से बब्लू मंडल, बेलदौर से पन्ना लाल पटेल, जमालपुर से नचिकेता मंडल, सूर्यगढ़ा से रामानन्द मंडल, शेखपुरा से रंजीत कुमार सोनी, बरबीघा से कुमार पुष्पंजय एवं अस्थावां से जितेन्द्र कुमार को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार राजगीर (अ.जा.) से कौशल किशोर, इस्लामपुर से रूहैल रंजन, हिलसा से कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, नालंदा से श्रवण कुमार, हरनौत से हरिनारायण सिंह, मोकामा से अनंत सिंह, फुलवारीशरीफ (अ.जा.) से श्याम रजक, मसौढ़ी (अ.जा.) से अरुण मांझी, संदेश से राधा चरण साह, जगदीशपुर से भगवान सिंह कुशवाहा, डुमरांव से राहुल सिंह तथा राजपुर से संतोष कुमार निराला पर दांव लगाया है।

## बस-ट्रक की टक्कर में सीआइएसएफ के 32 जवान घायल, 21 रेफर

### चुनाव ड्यूटी के लिए जा रहे थे सभी जवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेय छपरा गांव के पास बुधवार सुबह तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हुआ जब सीआईएसएफ जवानों से भरी बस को एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो दर्जन से अधिक जवान घायल हो गए। बताया गया है कि दिल्ली से सीवान जंक्शन पहुंचे जवान सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में आसन्न विधानसभा की चुनावी ड्यूटी के लिए बस में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान रसूलपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेय छपरा गांव के पास छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर सामने से आ रहे ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। बस में कुल 41 जवान सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शीशे चकनाचूर हो गए। कई जवान सीटों से उछलकर बस की फर्श पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग सहित रसूलपुर व एकमा थाने की पुलिस, डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. कौशलेंद्र कुणाल ने सभी लगभग 26 घायलों का पर्चा बनाकर प्राथमिक उपचार किया। जबकि आधा दर्जन से अधिक जवानों ने अफरा तफरी के बीच बिना पर्चा बनवाए ही प्राथमिक उपचार कराया। वहीं गंभीर रूप से घायल 21 जवानों को बेहतर उपचार हेतु छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एकमा एसडीपीओ राजकुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव व एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर घायलों को त्वरित चिकित्सा कराने व मामले की जांच में जुट गए।

## संक्षिप्त समाचार

### कार से नौ लाख रुपए बरामद

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** किशनगंज पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के दौरान सघन गाड़ी जांच में 9 लाख रुपए कैश बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई बुधवार की शाम को रामपुर चौक के पास की गई। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निरंतर गाड़ी जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्णिया के अमौर थाना क्षेत्र के गछगड़िया निवासी व्यक्ति मो. साबीर के पास से यह राशि मिली।

### दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित अनन्य विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) दिपांजन मिश्रा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी रवि कुमार उर्फ रविरंजन को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 25 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया है, जिसका उपयोग पीड़िता के पुनर्वास में किया जाएगा।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** शहर में बुधवार दोपहर गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। यह घटना वार्ड नंबर 14 में हुई, जहां छावनी मोहल्ले के एक युवक ने कट्टे से गोली चलाई। गंभीर रूप से घायल युवक को सदर अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान भभुआ शहर के वार्ड नंबर 15 निवासी बसंत राम का बेटा रामलाल के रूप में हुई है।

## साफ होने लगी है औरंगाबाद में एनडीए की सियासी तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जैसे-जैसे राजनीतिक दलों के द्वारा अपने उम्मीदवारों की घोषणा की जा रही है वैसे-वैसे औरंगाबाद में एनडीए की सियासी तस्वीर साफ होने लगी है। अब तक एनडीए गठबंधन की ओर से केवल औरंगाबाद, रफीगंज, ओबरा एवं कुटुम्बा के लिए क्रमशः त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, प्रकाश चन्द्र एवं ललन राम के नाम की घोषणा की गई है लेकिन रफीगंज से प्रमोद कुमार सिंह को टिकट मिल गया है। इसी प्रकार ओबरा से प्रकाश चंद्रा को लोजपा का प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है। हम (से) की ओर से कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्व विधायक ललन राम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। अभी गोह विधानसभा क्षेत्र तथा नवीनगर विधानसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है क्योंकि इन दोनों जगह पर औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। चर्चा के अनुसार भाजपा ने अपने प्रत्याशी मनोज कुमार शर्मा को अरवल से टिकट दे दिया है इसलिए यह सीट पूर्व विधायक रणविजय सिंह के लिए तय माना जा रहा है। यह अलग विषय है कि रणविजय सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे या उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मंच के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। चर्चा यह है कि वह भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। नवीनगर के लिए पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह और आनंद मोहन के बड़े लड़के चेतन आनंद के नाम की चर्चा जोरों पर है। अभी यहां से किसी का नाम अंतिम रूप से घोषित नहीं किया गया है।

## भाजपा की दूसरी सूची में मैथिली ठाकुर समेत 12 प्रत्याशियों के नाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशियों की सूची आने का सिलसिला जारी है। सबसे पहले, पहली सूची भारतीय जनता पार्टी ने जारी की थी। अब जदयू की सूची दोपहर में आने के बाद शाम होते-होते भाजपा ने 12 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इसमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर के अलावा चर्चित आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा का भी नाम है। मैथिली ठाकुर पिछले कई दिनों से भाजपा के संपर्क में थीं। उन्हें 14 अक्तूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पार्टी सदस्यता दिलाई थी। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में बक्सर से भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा भी कुछ महीने पहले ही जनसुराज को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। अब भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया है। भाजपा



द्वारा जारी सूची के अनुसार अलीनगर से मैथिली ठाकुर, हायाघाट से राम चन्द्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार, गोपालगंज से सुभाष सिंह, बेनीपुर से केदार नाथ सिंह, छपरा से छोटी कुमारी, सोनपुर से विनय कुमार सिंह, रोसड़ा (अनुसूचित जाति) से बीरेंद्र कुमार, बाढ़ से डॉ. सियाराम सिंह, अगिआंव (अनुसूचित जाति) से महेश कुमार पासवान, शाहपुर से राकेश कुमार ओझा एवं बक्सर से आनंद मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि एक दिन पहले यानी 14 अक्तूबर को भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी की थी। इसमें 71 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी। भाजपा ने पहली सूची में 9 महिलाओं को टिकट दिया है। इनमें परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह शामिल हैं।

## योगी आदित्यनाथ का बिहार में चुनाव प्रचार आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में लगातार कई रैलियां करेंगे। योगी के चुनाव प्रचार का सिलसिला 16 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। यूपी सीएम पटना और सहरसा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के दो प्रत्याशियों का नामांकन कराएंगे। दोनों जगहों पर वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बता दें कि योगी आदित्यनाथ को बतौर स्टार प्रचार बिहार में रैलियों के लिए बुलाया जा रहा है। एनडीए के प्रत्याशी लगातार भाजपा संगठन से अपने विधानसभा क्षेत्रों में योगी की रैलियों की मांग कर रहे हैं। यूपी सीएम की पहली रैली गुरुवार को पटना के दानापुर विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां वे ऑरगेनो रिसॉर्ट में भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के नामांकन के बाद उनके समर्थन में जनसभा को संबोधित कर वोट मांगेंगे।

## चिराग पासवान ने 14 प्रत्याशियों के नामों पर लगाई मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू के बाद अब चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रा) ने भी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में उनके भांजे सीमांत मृणाल का भी नाम है। सूची में सबसे ऊपर उनके पुराने विश्वासी राजू तिवारी का नाम है। पहली सूची में 14 नाम हैं। चिराग पासवान को एनडीए के सीट बंटवारे में 29 सीटें मिली हैं लेकिन कुछ सीटों पर जदयू-हम से विवाद है, जिसका समाधान भाजपा निकाल रही है। इस सूची में सबसे पहला नाम राजू तिवारी का है। वे पूर्वी चंपारण के गोविंदगंज से प्रत्याशी बनाए गए हैं। यह सीट भाजपा की थी। भाजपा के सुनील मणि तिवारी 27 हजार से ज्यादा मतों से जीते थे। इस बार यह सीट भाजपा से लोजपा (रा) को मिल गई है। लोजपा (रा) ने पूर्वी चंपारण के गोविन्दगंज से राजू तिवारी, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, सिवान के दरौली (सु.) से विष्णु देव पासवान, सारण के गरखा (सु.) सीमांत मृणाल, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल से सुरेन्द्र कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं बेगूसराय के बखरी (सु.) से संजय कुमार, खगड़िया के परबत्ता से बाबुलाल शौर्य, भागलपुर के नाथनगर से मिथुन कुमार, पटना के पालीगंज से सुनील कुमार, रोहतास के डेहरी से राजीव रंजन सिंह, बक्सर के ब्रह्मपुर से हुलास पांडे, कटिहार के बलरामपुर से संगीता देवी, जहानाबाद के मखदुमपुर रानी कुमारी, औरंगाबाद के ओबरा प्रकाश चन्द्र को चिराग की पार्टी की ओर से टिकट दिया गया है।

## तीन दिनों में 33.97 करोड़ जब्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव और सात राज्यों की आठ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग सख्त है। चुनाव के दौरान पैसों के दुरुपयोग और मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में व्यय पर्यवेक्षकों की तैनाती की है जो उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर पैनी नजर रखेंगे। आगामी चुनावों में धनबल, मुफ्तखोरी के साथ-साथ नशीली दवाओं, नशीले पदार्थों और शराब के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए आयोग ने दो चरणों में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश जारी किए हैं। एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले चुनावी खर्च की निगरानी के लिए व्यय पर्यवेक्षकों को पहले ही तैनात कर दिया गया है और वे अधिसूचना के दिन अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि उड़न दस्ते, निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल मतदाताओं को लुभाने के लिए धनबल या अन्य प्रलोभनों के किसी भी संदिग्ध मामले पर नजर रखने के लिए चौबीसों घंटे सतर्क रहेंगे। इसी के साथ चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद से विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने कुल 33.97 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, ड्रग्स और मुफ्त सामान जब्त किया है।

## अमित शाह से मुलाकात के बाद उपेन्द्र कुशवाहा की नाराजगी खत्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बुधवार को दिल्ली में मुलाकात के बाद रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की नाराजगी दूर हो गई है। एनडीए में इच्छा अनुरूप एक-दो सीटें नहीं मिलने की वजह से मंगलवार देर शाम से शुरू हुई नाराजगी दूर करने की कवायद देर रात से ही शुरू हो गई थी। सुबह गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उन्हें साथ लेकर दिल्ली गए जहां उन्होंने गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। बुधवार दोपहर 12 बजे से लगभग 45 मिनट तक गृह मंत्री के साथ उपेंद्र कुशवाहा की बैठक हुई। हालांकि मुलाकात के दौरान क्या आश्वासन मिला, इस पर उपेंद्र ने स्पष्ट कुछ नहीं बताया। मगर उनकी बातों से यह जरूर साफ हो रहा था कि अब उनकी नाराजगी खत्म हो गई है। बताया जा रहा है कि रालोमो को महुआ सीट के बदले दूसरी सीट मिलेगी, जो उनकी पसंद की होगी। साथ ही रालोमो को विधान परिषद की एक सीट मिलेगी। इसके पहले मीडिया के सवाल पर उपेंद्र ने कहा कि एनडीए में कुछ मुद्दे हैं, जिस पर विमर्श की आवश्यकता है। बिहार में एनडीए की सरकार जरूर बनेगी। गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद शाम 7.15 बजे उपेंद्र कुशवाहा पटना लौट आए हैं।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में 16वें अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी तथा सम्मेलन का किया उद्घाटन

## 11 वर्षों में बिछाए गए 35 हजार किलोमीटर नए ट्रैक : वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा रेलवे मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 2025 और अंतर्राष्ट्रीय रेल सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया। आइआरइइ एशिया का सबसे बड़ा तथा विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रेल और परिवहन क्षेत्र से संबंधित प्रदर्शनी है जो विश्वभर के उद्योग जगत के नेताओं, नवाचारकर्ताओं और हितधारकों को एक साथ लाती है। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे के आधुनिकीकरण पर विशेष



ध्यान दिया है और इसके परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि में लगभग 35,000 किलोमीटर नए ट्रैक बिछाए गए हैं और 46,000 किलोमीटर रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान में 156 वंदे भारत एक्सप्रेस, 30 अमृत भारत और 4 नामो भारत सेवाएं संचालित हो रही हैं, जो देशभर में अत्यधिक लोकप्रिय हैं। हमारे उत्पादन स्तर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अब प्रतिवर्ष लगभग 7,000 कोच निर्मित किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी के बारे में उन्होंने कहा कि यह भारत की रेल तकनीक, निर्माण और नवाचार के क्षेत्र में हुई प्रगति को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच है, जो साझेदारी, निवेश और विकास के नए अवसरों के द्वार भी खोलता है। इस अवसर पर भारतीय उद्योग परिसंघ और गति शक्ति विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए, जिससे उद्योग-अकादमिक सहयोग को और मजबूती मिलेगी। यह प्रदर्शनी और सम्मेलन तीन दिनों तक चलेगा जिसमें उद्योग से जुड़ी चर्चाएं, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी, व्यावसायिक बैठकें और तकनीकी प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी, जिससे रेल परिवहन के भविष्य को आकार देने में भारत की भूमिका और सशक्त होगी। आइआरइइ 2025 में 14 से अधिक देशों जैसे ऑस्ट्रिया, फ्रांस, जर्मनी, जापान, नीदरलैंड्स, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि से 450 से अधिक प्रदर्शक और 20,000 से अधिक उद्योग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। भारतीय रेल अपना अब तक का सबसे बड़ा पैवेलियन प्रस्तुत कर रही है, जिसमें आधुनिकीकरण, डिजिटल पहलों और भविष्य की आवश्यकताओं को प्रदर्शित किया जा रहा है। आइआरसी में लगभग 500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिनका मुख्य विषय है-भविष्य के लिए तैयार रेलवे: नवाचार, एकीकरण और वैश्विक साझेदारी। यह सम्मेलन तकनीकी प्रगति, सहयोग और वैश्विक संपर्क पर केंद्रित है तथा उद्योग-सरकार और खरीदार-विक्रेता के बीच संवाद को प्रोत्साहित कर नई साझेदारियों और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देता है।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

एक अखबार, पूरा बिहार

राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध

अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें

9334115121/8540866721/8789755505

पटना कार्यालय

द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स आशियाना-दीघा रोड, पटना-13

मो0-6206165107 7004534093

# पुलिस ने गांजे के 385 हरे पौधों को किया जब्त, नौ पर प्राथमिकी

## बदरोई गांव में बड़े पैमाने पर हो रही थी गांजा की खेती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लहसुना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल लहसुना थाना क्षेत्र के बदरोई गांव में बड़े पैमाने पर गांजा की खेती हो रही थी। ऐसे में गुप्त सूचना के आधार पर सत्यापन करते हुए पुलिस ने घर आंगन और खंडहरनुमा मकान की तलाशी लेने के लिए पहले नोटिस की लेकिन लोगो ने नोटिस लेने से इंकार कर दिया ऐसे में इसको वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अंचल मसौढी कार्यालय से मजिस्ट्रेट के तौर पर राजस्व कर्मचारी निशीकांत कुमार के समक्ष सभी घरों की तलाश ली गई जहां तकरीबन कई घरों में बड़े पैमाने पर अपने आंगन में और खंडहर नुमा घरों में गांजा की खेती कर रहे थे, जिसे पुलिस ने सभी हरे पौधे को काटकर एकत्रित किया। तकरीबन 385 गांजा के पौधे बरामद किए गए हैं। इस पूरे मामले में नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मौके पर एएसपी कोमल किरण, मसौढी थानाध्यक्ष अनिल कुमार, लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून शामिल रहे। दर्ज प्राथमिकी में बदरोई गांव के चंदन कुमार उर्फ चंदन मंडल पिता बड़का यादव, गोलू कुमार पिता बिंदेश्वर यादव, रामनारायण यादव पिता स्वर्गीय राजेंद्र यादव, उदय यादव पिता रामनंदन यादव, बिंदा यादव पिता रामनाथ यादव, गणेश यादव पिता सियाशरण यादव, टुटु उर्फ मुकेश पिता स्वर्गीय विजय यादव, अशोक कुमार पिता स्व. हरीकिशोर यादव एवं मंटू कुमार पिता स्व शेखर प्रसाद आदि लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए गांजा की खेती करने के मामले में कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें गोलू कुमार प्रताप बिंदेश्वर यादव और मंटू कुमार पिता स्वर्गीय शेखर प्रसाद है। अन्य प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।



# एक कदम बूथ की ओर... कार्यक्रम के तहत धनरूआ में मतदान की शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लोकतंत्र के महापर्व चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाने को लेकर लगातार अनुमंडल प्रशासन के द्वारा मसौढी प्रखंड एवं धनरूआ प्रखंड में डोर टू डोर, नॉक द डोर, बूथ की ओर एक कदम, रंगोली प्रतियोगिता, साइकिल रैली के तहत गांव से लेकर शहर तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हर गांव में जीविका दीदीयों, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। ऐसे में बुधवार को मसौढी धनरूआ एवं पुनपुन में कई आंगनबाड़ी केंद्र पर एक कदम बुथ की ओर.. कार्यक्रम के तहत मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा गांव-गांव में मतदाताओं को वोट के अधिकार के बारे में उन्हें बताया गया इसके अलावा मेरा वोट मेरा अधिकार वोट जैसा कुछ नहीं पहले जलपान फिर मतदान आदि नारों के साथ मतदाताओं के बीच उनके वोट के अधिकार के बारे में जागरूक किया गया और बताया गया कि आपका एक मत सरकार बनाने में काफी महत्वपूर्ण है। सीडीपीओ मसौढी अनिता कुमारी एवं धनरूआ सीडीपीओ जीनत कौसर, प्रवेक्षिका नेहा कुमारी, मधुलता, रंजू, मंजू स्वीटी कुमारी आदि शामिल रहे हैं।



# ससमय नहीं पहुंच पाने से नामांकन पत्र नहीं कर पाए दाखिल

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिक्रम विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन उम्मीदवार अनिल कुमार बुधवार को बिक्रम निर्वाचन कार्यालय में देर से पहुंचने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर पाए। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर समय 3 बजे तक ही नामांकन पत्र दाखिल करने का समय निर्धारित है।उन्होंने बताया कि समर्थकों के साथ वे नामांकन के लिए निकले थे परंतु नामांकन स्थल पर पहुंचते हुए देर हो गई। हालांकि उन्होंने बताया कि उनकी कागजी प्रक्रिया पूरी हो गई है।सिर्फ पत्र दाखिल करना शेष रह गया है।निर्वाचन कार्यालय से निकलकर बिक्रम के क्रीड़ा मैदान में उन्होंने समर्थकों के साथ सभा की।सभा में महागठबंधन के तमाम घटक दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे। गौरतलब है कि अनिल कुमार पूर्व में बिक्रम विधानसभा से तीन बार विधायक रह चुके हैं।

# विभिन्न मामलों में फरार छह अभियुक्तों ने कोर्ट में किया सरेंडर

## पुलिस ने बनाई थी दबिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना के विभिन्न कांडों में कई अपराधकर्मी पुलिस दबिश के कारण बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है जिसमें धनरूआ थाना कांड सं0-633/24 में चोरी मामले में नीतू देवी पति स्व0 मुन्ना कुमार सा0-नई हवेली नदवां एवं, धनरूआ थाना कांड सं0-75/24 में आर्म्स एक्ट में अभि0 राकेश कुमार पे0 गोपाल प्रसाद सा0-बालापर, धनरूआ थाना कांड सं0-536/25 (हत्या का प्रयास मामले में चितरंजन कुमार, निरजन कुमार उर्फ सुजीत कुमार दोनों पे0 बमबहादुर सिंह, बमबहादुर सिंह पे0 स्व0 बुन्देला सिंह, सा0-बीर, इसके अलावा धनरूआ थाना कांड सं0-372/25 आर्म्स एक्ट एवं हत्या का प्रयास के मामले में विन्देश्वरी राम पे0 स्व0 गणेश राम सा0 तेतरी आदी ने कोर्ट में सरेंडर किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार फरार अभियुक्तों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसको लेकर पुलिसिया दबीश के कारण बुधवार को चार मामलों में जिसमें गृहभेदन, हत्या का प्रयास, के मामले में फरार अभियुक्तों ने कोर्ट में सरेंडर किया।

# नामांकन के छठे दिन दो उम्मीदवारों ने भरा पर्चा, 10 ने कटवाया एनआर



## विधानसभा चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर मसौढ़ी में चल रहे नामांकन के छठे दिन दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कराया है। जिसमें एनडीए से जदयू के टिकट पर अरुण मांझी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। वही दूसरा लेबर पार्टी ऑफ इंडिया पार्टी से जगत पासवान ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कराया है अब तक कुल 10 लोगों ने एनआर कटवाया है। गुरुवार को राजद पार्टी से रेखा पासवान अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे उसके बाद गांधी मैदान मसूड़े में सभा को संबोधित करेंगे। बहरहाल विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। एक तरफ जहां प्रशासन अपनी तैयारी में जुटा है वही मतदाताओ में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। गांव से लेकर शहर तक हर कोई अपने पसंद के नेता को चुनने में लगे हैं। वहीं फिलहाल इन दिनों बीते 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे नामांकन कार्य में अब तक दो उम्मीदवारों में पर्चा दाखिल कराया है। अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम कक्ष में नामांकन कार्य किया जा रहा है सुरक्षा को लेकर 3 लेयर सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

# अरुण मांझी ने किया नामांकन, सुशासन और विकास के नाम पर वोट की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा में एनडीए से उम्मीदवार और जदयू के टिकट से अरुण मांझी ने बुधवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया है। अनुमंडल कार्यालय स्थित एसडीएम कक्षा में निर्वाची पदाधिकारी अभिषेक कुमार के समक्ष नामांकन पर्चा भरा। मौके पर पूर्व सांसद अरुण कुमार उपस्थित रहे। नामांकन करने के बाद बाहर निकले प्रत्याशी अरुण मांझी ने हुंकार भरते हुए कहा है कि सुशासन की हवा में लालटेन नहीं जलेगी। हर तरफ विकास की चर्चा है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो बिहार में विकास का पैमाना रखा है कोई भी मुख्यमंत्री आज तक इतना काम नहीं कर पाया है, ऐसे में हम उनके कल्याणकारी योजनाओं की गांव-गांव तक फैलाएंगे हम मसौढी विधानसभा में राज करने नहीं बल्कि बेटा बनकर काम करने आए हैं। हर समाज की हर वर्गों को लाभ पहुंचाएंगे, मसौढी विधानसभा से एनडीए भारी मतों से जीतेगी। इस मौके पर जहानाबाद के पूर्व सांसद रहे अरुण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के विकास की लंबी लकीर खींची गई है और विकास के नाम पर उन्हें इस बार भी मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। बहरहाल नामांकन के छठे दिन पहला खाता खोलते हुए एनडीए के अरुण मांझी ने नामांकन किया है और मसौढी अनुमंडल चौराहा से कर्पूरी चौक तक जुलूस निकाला गया है। भारी संख्या में समर्थकों का उत्साह रहा। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शाहिद आलम, अश्विनी गोल्डी, सुनील कुमार वर्मा, संजय केसरी एवं अन्य शामिल रहे।




**Format C-7**
**(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
(1) Name of Constituency : 77, महिषी
Name of the candidate : गौतम कृष्ण

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | (1) सरकारी कार्य में बाधा (2) अवैध निर्माण कार्य (3) दंगा भड़काना (4) धड़ना दौरान (5) रेल परिचालन बाधा |
| | b. | Case no. | (1) मधेपुरा सदर 379/17- धारा- 147, 341, 342, 323, 353, 34 (2) मधेपुरा सदर 870/17, धारा- 143, 149, 447, 188, 506 (3) सहरसा सदर 1318/18, धारा- 147, 149, 143, 290, 337, 431, 353, 286, 188, 504, 506 एवं 3/4 प्रिभिनशन ऑफ डाइमेज टू पब्लिक प्रॉपटी एक्ट. (4) सहरसा सदर 26/19- धारा- 341, 323, 353, 504, 34 MED. PR. ACT-2018 (5) G.R.P सहरसा सदर 356/17- धारा- 174 (A) |
| | c. | Name of the Court | (1) मु० न्या० द०, मधेपुरा (2) मु० न्या० द०, मधेपुरा (3) मु० न्या० द० प्र० क्षे०, सहरसा (4) मु० न्या० द० प्र० क्षे०, सहरसा (5) रेल न्या०, खगड़िया RPF |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं (5) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर, पी.एचडी है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित


# भाजपा ने 'असम के सिंघम' को उतारा चुनावी रण में

**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**बक्सर।** एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और 'असम के सिंघम' के नाम से लोकप्रिय पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा को काफी विचार मंथन के उपरांत आखिरकार बुधवार को एनडीए गठबंधन ने बक्सर सदर विधानसभा सीट से अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इस फैसले के साथ ही बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया है, जहां एक पूर्व तेजतर्रार पुलिस अधिकारी अब सीधे जनता के दरबार में पहुंचेगा। श्री मिश्रा ने हाल ही में जनसुराज छोड़कर बीजेपी की सदस्यता ली थी और पार्टी को मजबूत करने की शपथ ली थी। प्रत्याशी घोषित होने के बाद उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया। मैं इस विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। अब सेवा का दायरा बढ़ा है – पहले वर्दी में जनता की रक्षा करता था, अब जनता के बीच जाकर उनकी आवाज़ बनूंगा। बक्सर सदर सीट पर मिश्रा की उम्मीदवारी से मुकाबला रोचक हो गया है। एनडीए को उम्मीद है कि मिश्रा की प्रशासनिक साख, बेदाग छवि और जनता से सीधे जुड़ाव की क्षमता उन्हें मजबूत उम्मीदवार बनाएगी। स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में इस फैसले को लेकर काफी उत्साह है। उनका मानना है कि मिश्रा के आने से पार्टी को नया जोश मिला है और बक्सर में जीत की संभावना कहीं ज्यादा प्रबल हो गई है।

# बहरामपुर में करंट से पति-पत्नी की हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के बहरामपुर पंचायत के किशुनगंज गांव में बुधवार का दिन पूरे गांव के लोगों के लिए गमगीन का माहौल रहा। दरअसल गांव में एक ही साथ पति पत्नी दोनों की मौत करंट लगने से हो गई, दरअसल बताया जाता है की किसान सुरेंद्र बिंद अपने खेतों में पटवन करने गए थे उसी दौरान खेत में गिरे हुए नंगी तार के चपेट में आ गए और छटपटाने लगे हैं, जिसे देखकर उनकी पत्नी अंजू देवी बचाने के लिए दौड़ी और वह भी इस करंट के चपेट में आ गई, जहां पति-पत्नी दोनों की मौत मौके पर ही हो गई, इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल हो गया, परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है, एक ही साथ पति पत्नी की मौत की घटना के बाद पूरे गांव के लिए बुधवार का दिन काला दिन रहा। मृतक के तीन बेटा और एक बेटी है अपनी बेटी की शादी के लिए लड़का भी ढूंढा जा रहा था ऐसे में एक ही झटके में सभी बच्चे अनाथ हो गए हैं, पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार ने बताया कि यह बिजली विभाग की लापरवाही हैं कई जगहों पर कटा तार गिरा हुआ है। 11 हजार का तार बहुत ही नीचे हैं सरकार से मांग करते हैं कि इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए,इस घटना से मर्माहत धनरूआ पंचायत के मुखिया रानी कुमारी ने भी शोक संवेदना अर्पित की है।


**Format C-7**
**(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
(1) Name of Constituency : 98, साहेबगंज
Name of the candidate : पृथ्वीनाथ राय

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. सरकारी काम में बाधा डालना, 2. मारपीट, 3. सार्वजनिक उपद्रव, शरारत, 4. मारपीट |
| | b. | Case no. | (1) देवरीया थाना मुज० प्राथमिकी सं. 35/2011, धारा - 147, 148, 149, 188, 341, 353, 427, 504, 506 भा.द.वि. (2) देवरीया थाना मुज० प्राथमिकी सं. 9/2009, धारा - 147, 148, 149, 448, 307, 504 भा.द.वि. एवं 27 शस्त्र अधि० (3) देवरीया थाना मुज० प्राथमिकी सं. 17/2005, धारा - 426, 280, 504 भा.द.वि. (4) पारू थाना मुज० प्राथमिकी सं. 142/2001, धारा - 147, 148, 149, 323, 427, 379 भा.द.वि. एवं 27 शस्त्र अधि० |
| | c. | Name of the Court | (1) एस.डी.जे.एम पश्चिमी, (2) ए.डी.जे. 17, (3) ए.सी.जे.एम. प्रथम पूर्वी, (4) न्या. द. प्रथम श्रेणी |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिएट हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# राघोपुर में तेजस्वी ने किया नामांकन

## लालू-राबड़ी और मीसा भारती रहीं मौजूद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राघोपुर से नामांकन कर दिया है। इस दौरान लालू यादव, राबड़ी देवी और बड़ी बहन मीसा भारती भी मौजूद रहीं। तेजस्वी के नामांकन केंद्र पर पहुंचते ही समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। साथ ही सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किये गए थे। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राघोपुर सीट के लिये नॉमिनेशन कर दिया है। तेजस्वी यादव ने राघोपुर विधानसभा सीट से तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान पूरे समाहरणालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

**सुरक्षा को लेकर थी विशेष व्यवस्था**

तस्वीरों में देखा गया कि लालू यादव व्हील चेयर पर मौजूद थे।



उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और तेजस्वी की बड़ी बहन मीसा भारती भी मौजूद रहीं। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। समाहरणालय कैंपस में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। डीएम वर्षा सिंह, एसडीएम रामबाबू बैठा और एसडीपीओ सुबोध कुमार ने नामांकन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी और सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी या अव्यवस्था न होने पाए।

**समर्थकों के बीच भारी उत्साह**

तेजस्वी यादव के नामांकन को लेकर समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। समर्थकों की भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने समाहरणालय परिसर के आसपास नो व्हीकल जोन घोषित किया था। जगह-जगह पर बैरिकेडिंग लगाकर लोगों की आवाजाही को नियंत्रित किया गया। इस दौरान पूरे इलाके में पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और अर्धसैनिक बल मुस्तैद रहे।

**राजद की पारंपरिक सीट रही है राघोपुर**

मालूम हो राजद के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में तेजस्वी यादव ने नामांकन दाखिल किया। दरअसल, राघोपुर सीट राजद का पारंपरिक गढ़ रही है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी विधायक रह चुके हैं। तेजस्वी यादव अब तीसरी बार इसी सीट से चुनावी मैदान में हैं। हाजीपुर का पूरा इलाका बुधवार को चुनावी माहौल में डूबा रहा और सभी की नजरें अब राघोपुर की इस हॉट सीट पर टिकी हैं जहां मुकाबला बेहद दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# प्रेम कुमार और बिजेंद्र यादव 9वीं बार लड़ रहे चुनाव, हरिनारायण जीते तो बनेगा नया रिकार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हरनौत से मौजूदा विधायक हरिनारायण सिंह लगातार 10वां चुनाव जीतते हैं तो नया रिकार्ड बना देंगे। बिहार में अब तक 10 बार बिहार विधानसभा का चुनाव कोई नहीं जीत सका है। जदयू ने उन्हें हरनौत से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। हालांकि उम्र व स्वास्थ्य के कारण उनके फिर से चुनाव लड़ने पर संशय था। लगातार 8 बार चुनाव जीतनेवाले मौजूदा दो विधायकों ने क्लब 9 में शामिल होने के लिए चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी पेश कर दी है। भाजपा के प्रेम कुमार और जदयू के बिजेंद्र प्रसाद यादव अगर इस बार चुनाव जीतते हैं तो नौ बार चुनाव जीतनेवाले सदस्यों की सूची में इन दोनों का नाम भी शामिल हो जायेगा।

**हरिनारायण सिंह बना सकते हैं रिकार्ड**

अब तक बिहार में नौ बार चुनाव जीतने का रिकार्ड केवल तीन लोगों के पास है जिनमें सदानंद सिंह, रमई राम और हरिनारायण सिंह शामिल हैं। सदानंद सिंह और रमई राम का निधन हो चुका है, ऐसे में माना जा रहा है कि हरिनारायण सिंह 10वीं बार चुनाव लड़ने का रिकार्ड इस बार अपने नाम करेंगे। हरिनारायण सिंह 1977, 1983, 1990, 2000, 2005 फरवरी, 2005 अक्टूबर, 2010, 2015 और 2020 में चुनाव जीता है। इसी तरह सदानंद सिंह पहली बार 1969 में कहलगांव से विधानसभा का चुनाव जीते। इसके बाद उन्होंने 1972, 1977, 1980, 1985, 2000, 2005 फरवरी, 2010, 2015 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। इसी तरह रमई राम ने पहली बार बोचहां से 1972 में चुनाव जीता और फिर 1980, 1985, 1990, 1995, 2000, 2005 फरवरी, 2005 अक्टूबर, 2010 में विधानसभा का चुनाव जीते। रिकॉर्ड नौ बार जीतनेवाले लोगों के क्लब में शामिल होने की दहलीज पर ऊर्जा और योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव के अलावा सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार भी खड़े हैं। इन दोनों को पार्टी ने इस बार भी उम्मीदवार बनाया है। दोनों आठ बार विधानसभा पहुंच चुके हैं। बिजेन्द्र प्रसाद सुपौल से तो प्रेम कुमार वर्ष 1990 से गया से लगातार जीत रहे हैं। दोनों ही 1990, 1995, 2000, 2005 फरवरी, 2005 अक्टूबर, 2010, 2015 और 2020 में जीत दर्ज की है।





# जदयू ने एलजेपी (रामविलास) के दावे वाली सीटों पर भी उतारे उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जनता दल यूनाइटेड ने बुधवार को अपने 57 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली पार्टी ने आगामी चुनावों के लिए औपचारिक रूप से चुनावी रणभेरी फूंक दी है। उम्मीदवारों की इस पहली सूची में जेडीयू ने उन चार सीटों पर भी अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं, जिन पर लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान दावा कर रहे थे। इनमें सोनबरसा से रत्नेश सदा, मोरवा से विद्यासागर निषाद, एकमा से धूमल सिंह और राजगीर से कौशल किशोर शामिल हैं। यह कदम एनडीए गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर चल रहे तनाव के बीच आया है। हालांकि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने घोषणा की कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है और बिहार के विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगा। पार्टी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार से अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। वह पहले चरण में उम्मीदवारों के नामांकन में शामिल होंगे और कोसी इलाके में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। जेडीयू की पहली लिस्ट में कई मौजूदा विधायकों और राज्य मंत्रियों को फिर से टिकट दिया गया है जबकि कुल 23 वर्तमान विधायकों के नाम शामिल हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव एक और बड़े बदलाव का गवाह बन रहा है। लगभग 20 वर्षों में यह पहली बार है जब जेडीयू चुनावी गठबंधन के तहत भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से अधिक सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रही है। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत जेडीयू को बीजेपी के बराबर 101 सीटें मिली हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर बीजेपी के बढ़ते प्रभाव और जेडीयू द्वारा 'बड़े भाई' के दर्जे को खोने के स्पष्ट संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इस बीच टिकट बंटवारे को लेकर जेडीयू में कुछ नाराजगी की खबरें भी सामने आई हैं। गोपालपुर से जेडीयू विधायक गोपाल मंडल टिकट और पार्टी सिंबल न मिलने से नाराज होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के बाहर धरने पर भी बैठ गए थे। हालांकि वरिष्ठ जेडीयू नेता विजय चौधरी ने स्वीकार किया कि पुराने कार्यकर्ताओं में नाराजगी है, लेकिन उन्हें मनाने की कोशिश की जा रही है।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 'चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल में 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में 'चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया तथा राजीव कुमार, मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतियोगिता के विजेता को प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मुख्यालय में कार्यरत सफाईकर्मियों के बीच जूट बैग एवं टोपी का वितरण किया गया। इस दौरान प्लास्टिक निर्मित बैग का प्रयोग न करने एवं प्रकृति को प्लास्टिक से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया तथा रेल परिसर, रेलवे स्टेशन को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया।




# विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गयाजी जिला के समेकित जांच चौकी डोभी गयाजी के द्वारा की गई वाहन जांच के दौरान एक पिकअप से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की पुष्टि आबकारी विभाग निरीक्षण ने किया। उन्होंने बताया कि विधान सभा चुनाव को देखते हुए सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वाहन जांच अभियान के दौरान समेकित जांच चौकी डोभी से एक चार पहिया वाहन पिकअप से 720 लीटर विदेश शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

# दीपावली-छठ के लिए पटना से 166 अतिरिक्त उड़ानें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिवाली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को देखते हुए एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस पटना एयरपोर्ट से कुल 166 अतिरिक्त उड़ान सेवा देगी। इस कड़ी में 2 नवंबर तक एयर इंडिया पटना से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के लिए 114 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। इनमें दिल्ली-पटना-दिल्ली, मुंबई-पटना-मुंबई और बेंगलुरु-पटना-बेंगलुरु के लिए 38-38 उड़ानें शामिल हैं। दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को देखते हुए एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पटना एयरपोर्ट से कुल 166 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की है। इसमें एयर इंडिया की 114 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 52 उड़ानों को शामिल किया गया है।

**बेहतर होगी कनेक्टिविटी**

मिली जानकारी के अनुसार ये उड़ानें न सिर्फ घरेलू, बल्कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को भी बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। 15 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच एयर इंडिया पटना से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के लिए 114 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। इनमें दिल्ली-पटना-दिल्ली, मुंबई-पटना-मुंबई और बेंगलुरु-पटना-बेंगलुरु के लिए 38-38 उड़ानें हैं।

**इन शहरों के लिए उड़ान सेवा**

इसके अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस 22 अक्टूबर से 3 नवंबर तक 52 उड़ानें संचालित करेगी। इसके तहत दिल्ली-पटना-दिल्ली और बेंगलुरु-पटना-बेंगलुरु के लिए 26-26 उड़ानों को शामिल किया गया है। यानी 15 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच दोनों एयरलाइंस दिल्ली-पटना-दिल्ली मार्ग पर 64, मुंबई-पटना-मुंबई मार्ग पर 38 और बेंगलुरु-पटना-बेंगलुरु मार्ग पर 64 उड़ान सेवा देगी।

# वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय दीवाली कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय दीवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ मुन्नवर जहां ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ जहां ने छात्राओं की ओर से लगाये गये स्टॉल की सराहना की और आर्ट एंड क्राफ्ट के मानव जीवन में महत्व को समझाया। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं को आर्ट एंड क्राफ्ट के तहत ज्वेलरी और साज-सज्जा का सामान बनाना सिखाया गया।

# जीबीएम कॉलेज में करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के निर्देशन में छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया जिसमें एमिटी यूनिवर्सिटी के सेंटर मैनेजर रवि कुमार सिंह एवं लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर, पंजाब की ऑफिसर नूपुर ने छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारियां दीं। एनआईआरएफ तथा नैक के बारे में सविस्तार समझाया। एमिटी यूनिवर्सिटी एवं एलपीयू यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित विभिन्न कोर्सेज एवं मिलने वाले एजुकेशनल बेनेफिट्स के बारे में बताया। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल ने छात्राओं को अपनी रुचि एवं सहूलियत का ध्यान रखते हुए कोर्सेज एवं करियर ऑप्शन सेलेक्ट करने के लिए कहा। उन्होंने छात्राओं को प्रोफेशनली इंडिपेंडेंट होने की सलाह दी। ताकि उन्हें उनके परिजन कभी भी बोझ कहकर हतोत्साहित नहीं करें। प्रधानाचार्या ने छात्राओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र एवं सशक्त होने का परामर्श दिया। उन्होंने कॉलेज में एक करियर काउंसिलिंग सेल के गठन की भी घोषणा की जिससे छात्राओं को कॉलेज के अनुभवी प्राध्यापक, प्राध्यापिकाओं एवं बाहर से आमंत्रित मार्गदर्शकों द्वारा करियर संबंधित उलझनों का हल बताया जायेगा। उनके लिए कौन से कोर्सेज एवं प्रोफेशन्स बेहतर होंगे, की जानकारी दी जायेगी। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि कॉलेज में दिसंबर माह में एमिटी यूनिवर्सिटी द्वारा साइबर सेक्युरिटी सत्र का आयोजन किया जायेगा जबकि एलपीयू यूनिवर्सिटी द्वारा कॉलेज में आईटी स्किल्स एंड कम्प्यूटर प्रोफिशिएंसी विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन होगा। काउंसलिंग सेशन में डॉ सहदेब बाउरी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल, डॉ जया चौधरी, डॉ प्यारे मांझी, डॉ रानी, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार एवं अनेक छात्राओं की उपस्थिति थी।

# एएम कॉलेज में 45 विद्यार्थियों के बीच प्लेसमेंट सर्टिफिकेट वितरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गयाजी के अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय में बजाज सीपीबीएफआई ने ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट का अध्यनरत विद्यार्थियों के बीच प्रमाणपत्र वितरण किया। कार्यक्रम में बजाज फिनसर्व टाइम्स प्रो एवं कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की सहभागिता से आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में 45 विद्यार्थियों के बीच सर्टिफिकेट वितरित किया गया जिससे उनके रोजगार के अवसर में सहायक होगा। अतिथि के रूप में टाइम्स प्रो नई दिल्ली से अमरेश कुमार एवं कोलकाता से राहुल बसाक उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मो. नजीर अख्तर ने विद्यार्थियों को उनके लगन और मेहनत के लिए सराहा एवं अतिथियों के साथ उन्हें सर्टिफिकेट दिया। इस अवसर पर डॉ. अमृतेंदु घोषाल, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, डॉ. श्वेता सिंह, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, डॉ. नीरज कुमार कमल भौतिक विज्ञान विभाग, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अनामिका भगत अर्थशास्त्र विभाग, डॉ. मोहन सिंह मनोविज्ञान विभाग, डॉ. सुनीता गणित विभाग एवं डॉ. रीना कुमारी अंग्रेजी विभाग उपस्थित थे। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षार्थी अविश कुमार सलूजा बीसीए विभाग एवं खुशी कुमारी अंग्रेजी विभाग ने मुख्य भूमिका निभाई।

# स्टडी किट एवं टूल किट के द्वारा रोजगार एवं स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन), बिहार पटना के नियोजन सेवा का विस्तार एवं नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत योग्य अभ्यर्थियों को इन शर्तों के अनुरूप टूल-किट एवं स्टडी-किट प्रदान किया जाना है जिसमें टूल किट योजना के अंतर्गत वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने इलेक्ट्रिशियन, फिटर, मोबाइल रिपेयर, ब्यूटीशियन, प्लंबर, इलेक्ट्रॉनिक रिपेयर, होम अप्लायंसेज रिपेयर, सिलाई मशीन ऑपरेटर इत्यादि के क्षेत्र में सेटी, जन शिक्षण संस्थान, पीएमकेभीवाई, डीडीयूजीकेवाई इत्यादि मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा (न्यूनतम तीन माह का) प्रशिक्षण प्राप्त एवं पूर्व से कार्य/ट्रेड में निपुण आरपीएल (रिकॉग्निशन ऑफ प्रेयर लर्निंग) के तहत नियमानुसार निर्गत प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो वो आवेदन दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों की उम्र सीमा 18-40 वर्ष तक होनी चाहिए। टूल किट प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी के पास एनसीएस आईडी, आय प्रमाण पत्र (वार्षिक 3 लाख तक), निवास प्रमाण पत्र, मैट्रिक सर्टिफिकेट, प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। टूल किट योजना का लाभ में दिव्यांजन, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग एवं महिलाओं को प्राथमिकता दिया जाएगा। स्टडी किट योजना के अंतर्गत वैसे अभ्यर्थी जो किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा जैसे यूपीएससी, बीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उन्हें स्टडी किट योजना के अंतर्गत परीक्षा की तैयारी से संबंधित पुस्तक दी जाएगी। स्टडी किट योजना में अभ्यर्थियों की उम्र सीमा एवं शैक्षणिक योग्यता प्रतियोगिता परीक्षा के मापदंड के अनुरूप होना चाहिए। आवेदन संबंधी दस्तावेज के अंतर्गत अभ्यर्थियों के पास एनसीएस आईडी, आय प्रमाण पत्र (वार्षिक 3 लाख तक), निवास प्रमाण पत्र, मैट्रिक सर्टिफिकेट, संबंधित प्रतियोगिता परीक्षा का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। योजना के लाभ में दिव्यांजन, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग एवं महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी। उपरोक्त योजना का लाभ लेने हेतु अभ्यर्थियों को 6 माह पूर्व का एनसीएस निबंधन का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा जिन अभ्यार्थियों के पास एनसीएस का रजिस्ट्रेशन नहीं है वो अवर प्रादेशिक नियोजनालय गया जी में अपना निबंधन कर सकते हैं।

# युवक से मोबाइल छीनने की कोशिश, विरोध करने पर चाकू से हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में एक युवक पर चाकू से हमला हुआ। गंभीर हालत में परिजनों ने जय प्रकाश नारायण अस्पताल में एडमिट कराया जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल की पहचान मोख्तार आलम के पुत्र फरहान (25) के तौर पर हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अबगिला बड़ी मस्जिद के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार फरहान ई-रिक्शा से शहर की ओर जा रहा था। बड़ी मस्जिद के पास एक अनजान युवक ने मोबाइल छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर फरहान के गर्दन और हाथ पर चाकू से हमला कर दिया जिससे लहूलुहान होकर वे गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया। लोगों ने हमलावर को मौके पर ही पकड़ लिया। गुस्साई भीड़ ने हमलावर की पिटाई कर दी जिससे वह भी घायल हो गया। पुलिस ने भीड़ से बचाकर अस्पताल पहुंचाया। मुफस्सिल थाना के इंस्पेक्टर एसके द्विवेदी ने बताया कि विवाद का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। छानबीन की जा रही है। फिलहाल दोनों घायल अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस मोबाइल लूट के प्रयास से जुड़े एंगल पर भी जांच कर रही है।

# बीच की खाई को पाट कर ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की हो सकती है प्राप्ति : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** ग्रामीण भारत एवं नगरीय भारत दोनों में बड़ी खाई है, आज देश के सामने गांव में रहने वाले युवा खासकर पढ़ने - लिखने वाले छात्रों का ज्ञान संवर्धन कैसे हो, उनके परिष्करण कैसे हो, उनका विकास कैसे हो ये सभी चुनौती का विषय है। केवल नगरीय क्षेत्र विकसित होते जाएं और ग्रामीण क्षेत्र पिछड़ते जाएं यह देश की सुरक्षा के लिए सही नहीं है और इस पर विचार-विमर्श कर समाधान निकालने की आवश्यकता है। इसलिए चाहे वो ज्ञान का क्षेत्र हो, चिकित्सा का क्षेत्र हो, चाहे अधिक्वता के क्षेत्र में हों, चाहे अभियंता के क्षेत्र में हों, चाहे निर्माण का क्षेत्र हो, चाहे उद्योग का क्षेत्र हो या कोई भी विकास का क्षेत्र हो जितनी जल्दी हो सके ग्रामीण और नगरीय भारत के बीच की खाई को समाप्त कर दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों के बीच की खाई को पाट कर ही हम एक समृद्ध भारत एवं विकसित भारत की परिकल्पना कर सकते हैं। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में राजर्षि जनक सेंट्रल लाइब्रेरी द्वारा ग्रामीण छात्रों के विकास में सार्वजनिक पुस्तकालय की भूमिकाः चुनौतियां और अवसर विषय पर मंगलवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में दिया। राजा राममोहन रॉय लाइब्रेरी फाउंडेशन, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं सीयूएसबी के सेन्ट्रल लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो के एन सिंह ने कहा कि इस कार्यशाला का विषय समसामयिक और काफी महत्वपूर्ण है क्यूंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की बात करते हैं। वर्तमान परिदृश्य में समाज के हर वर्ग एवं ग्रामीण तथा शहरी इलाके के रहने वाले लोगों को बिना किसी भेदभाव के कंधे-से-कंधा मिलाकर साथ चलना होगा तभी विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति संभव हो पाएगी। मुझे प्रसन्नता है कि सीयूएसबी का ध्यय कैंपस फॉर कम्युनिटी है और ग्रामीण क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए इस तरह के कार्यशाला का आयोजन काफी सराहनीय है। कुलपति प्रो. सिंह ने कार्यशाला के आयोजन मंडल में शामिल सदस्यों क्रमशः लाइब्रेरियन डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. पंकज माथुर, असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. मयंक युवराज एवं अन्य पुस्तकालय कर्मियों की सराहना करते हुए बधाई तथा शुभकामनाएं दी। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और इसके पश्चात, लाइब्रेरियन डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में सभागार में मौजूद विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों, अधिकारियों, शोधार्थियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए दो-दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्यों से अवगत कराया।

# पीएचसी डोभी में दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गयाजी जिला के डोभी प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी के प्रांगण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डोभी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति गया के निर्देशानुसार सीपीआर का प्रशिक्षण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में आए सभी ग्रामीणों को दिया गया एवं बताया गया कि किसी भी तरह के मरीज जैसे एक्सीडेंट या किसी को हार्ट अटैक आता है तो इसे सीपीआर देकर बचाया जा सकता है। इसी प्रकार सरकारी स्कूल में भी छात्र-छात्राओं को भी प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में आये सहभागिता आईसीएमआर गया जी के टीम में डॉ आशीष की अहम भूमिका रहा। उन्होंने ग्रामीणों और विद्यालय के बच्चों को हार्ट अटैक के लक्षणों के बारे में बारीकी से बताया और सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया। साथ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिव शंकर झा, डॉ नरेश मालाकार, डॉ. अल्पेश, रूपेश कुमार, सीमा गुप्ता एवं अन्य कर्मी समिल्लित हुए।

# कन्नड़ फिल्म अभिनेता किच्चा सुदीप ने किया पूर्वजों का पिंडदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गयाजी में बहुभाषी व कन्नड़ फिल्म अभिनेता किच्चा सुदीप पहुंचे। मशहूर साउथ एक्टर सुदीप संजीव उर्फ किच्चा सुदीप ने अपनी मां और पूर्वजों के लिए पिंडदान का कर्मकांड किया। गयाजी में सुदीप संजीव ने कहा कि यहां पिंडदान का कर्मकांड कर अद्भुत शांति मिली है। पिंडदान तीर्थ पुरोहित विनोद आचार्य के द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान किच्चा सुदीप के अलावे उनके परिवार के कई और सदस्य मौजूद थे जिसमें भाई-बहन और चाची शामिल थी। करीब 2 घंटे तक रहकर अपने मां और पूर्वजों का पिंडदान का कर्मकांड किया अभिनेता किच्चा सुदीप ने किया। वहीं तीर्थ पुरोहित बिनोद आचार्य ने बताया कि साउथ एक्टर किच्चा सुदीप ने गयाजी में पिंडदान किया। पिंडदान के बाद उन्होंने कहा कि यहां अद्भुत शांति मिली है। पिंडदान का कर्मकांड करने के बाद वह काफी प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा सुदीप संजीव ने बिहार और गया की प्रशंसा की। बहुभाषी फिल्म अभिनेता सुदीप संजीव आज मंगलवार को गया एयरपोर्ट पहुंचे और फिर उसके बाद तीर्थ पुरोहित विनोद आचार्य द्वारा पिंडदान का कर्मकांड किया। इसके बाद विष्णुपद मंदिर पहुंचकर पिंड अर्पित किया। भगवान विष्णु के अलौकिक चरण चिन्ह का दर्शन किया। वहीं पावन फल्गु नदी को भी गए। इस तरह साउथ अभिनेता ने विष्णुपद अक्षयवट और फल्गु में पिंडदान का कर्मकांड संपन्न किया।

CMYK

# राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य : डीएम

## चुनाव के दौरान मीडिया की भूमिका अत्यंत संवेदनशील



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के सफल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन हेतु गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक जिला पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एम.सी.एम.सी. कोषांग के सुचारू संचालन, कार्यप्रणाली एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मीडिया की भूमिका अत्यंत संवेदनशील और प्रभावशाली होती है, इसलिए समिति द्वारा प्रकाशित या प्रसारित किसी भी प्रचार सामग्री, विज्ञापन अथवा समाचार की तथ्यात्मक सत्यता एवं आदर्श आचार संहिता के अनुरूपता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण एम.सी.एम.सी. का एक प्रमुख दायित्व है। किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार अथवा संगठन द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म आदि) पर प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापनों का पूर्व अनुमोदन अनिवार्य है। बिना पूर्व अनुमति कोई भी राजनीतिक विज्ञापन, नारा, वीडियो या संदेश प्रकाशित अथवा प्रसारित नहीं किया जा सकता। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान के दिन एवं उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया (समाचार पत्रों) में प्रकाशित किए जाने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का भी पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। इसके लिए संबंधित उम्मीदवारों/दलों को निर्धारित आवेदन प्रपत्र ए भरकर, विज्ञापन की प्रति (स्क्रिप्ट/वीडियो/पोस्टर आदि) सहित एम.सी.एम.सी. को प्रस्तुत करना होगा। समिति द्वारा समीक्षा के उपरांत अनुमति/अस्वीकृति की लिखित सूचना दी जाएगी। इसी प्रकार, समिति का एक अन्य महत्वपूर्ण कार्य "पेड न्यूज" की पहचान करना है। एम.सी.एम.सी. स्थानीय एवं राज्य स्तरीय मीडिया में प्रकाशित समाचारों की गहन समीक्षा कर यह सुनिश्चित करती है कि कोई समाचार विज्ञापन स्वरूप में तो प्रसारित नहीं किया गया है। ऐसे मामलों को आयोग द्वारा "पेड न्यूज" के रूप में दर्ज कर संबंधित उम्मीदवार के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाता है। उन्होंने आगे बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित सोशल मीडिया दिशा-निर्देशों के तहत सभी उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की जानकारी नामांकन के समय प्रस्तुत करनी होती है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एम.सी.एम.सी. द्वारा नियमित मीडिया मॉनिटरिंग एवं दैनिक रिपोर्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। समिति प्रतिदिन समाचार पत्रों, टीवी चैनलों एवं ऑनलाइन पोर्टलों की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसमें मीडिया कवरेज की निष्पक्षता, संतुलन एवं आचार संहिता के अनुपालन का विवरण शामिल रहेगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित सूचना तत्काल जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, बिहार को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मीडिया सुविधा एवं समन्वय भी एम.सी.एम.सी. की प्रमुख जिम्मेदारी है। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि अधिकृत मीडिया कर्मियों को आवश्यक सूचना, प्रेस पास, प्रेस बुलेटिन एवं आधिकारिक अपडेट समय पर उपलब्ध कराए जाएं। मीडिया से साझा की जाने वाली जानकारी केवल अधिकृत स्रोतों से दी जानी चाहिए ताकि किसी भी अपुष्ट या भ्रामक सूचना से बचा जा सके। बैठक में समिति के सदस्यगण एवं नोडल पदाधिकारी (मीडिया एवं एम.सी.एम.सी. कोषांग) उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व प्रमाणीकरण हेतु आवेदन प्रपत्र, प्रक्रिया एवं अनुमोदन प्रणाली की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# इनर व्हील क्लब ने पांच लोगों का मुफ्त करवाया मोतियाबिंद का ऑपरेशन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। इनर व्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ के द्वारा डॉक्टर कॉलोनी खंदक पर स्थित कुमार नेत्रालय में डॉ नीतीश कुमार के द्वारा पांच मरीजों का मुफ्त मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया गया। साथ ही मरीजों को खाना, कंबल, मिठाई एवं फ्रूट्स दिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर नीतीश कुमार ने बताया कि यह लोग मोतियाबिंद से ग्रसित थे जिसे दैनिक कार्य में दिक्कत आ रही थी। इसलिए इन लोगों को इनर व्हील क्लब के द्वारा यहां लाया गया एवं सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। डॉ. नीतीश जी यह भी कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने बताया कि हम लोग को यह कार्यक्रम करवाने का मौका मिला। साथ ही हमें बहुत खुशी हो रही है कि समय रहते इनका ऑपरेशन सफल रहा। जिससे उनके दैनिक कार्यों में कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर डॉ नीतीश कुमार ने हमारी बहुत मदद की उन्होंने बताया कि समय रहते अगर मोतियाबिंद का पता चले तो तुरंत ऑपरेशन करवा लेना चाहिए। साथ ही साथ आज के दिन क्लब के सदस्यों द्वारा वरिष्ठ नागरिक गृह, नालंदा में बुजुर्गों के लिए फल, कंबल, मिठाई, हॉर्लिक्स वितरण किया गया, यह भी एक सराहनीय कार्य है ताकि इस तरह का कार्यक्रम होते रहना चाहिए ताकि हम लोगों को सेवा करने का मौका मिल सके। इस अवसर पर अध्यक्ष रश्मि रानी, सचिव कुमारी रश्मि, पूर्वाध्यक्ष मंजू प्रकाश, एडिटर पूनम कुमारी एवं सदस्य रूबी वर्मा, नीतू सिंहा, अमिता रानी रानी, सुमन भारती आदि मौजूद थी।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। 14 अक्टूबर 2025 को अपराह्न लगभग 9 बजे सूचना प्राप्त हुई कि गोविंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखंड के ग्राम मननियातरी टोला लीलाडीह में आगामी बिहार विधान सभा चुनाव 2025 को लेकर ग्रामीणों के बीच प्लेट, कटोरी एवं चम्मच जैसी लोक लुभावन वस्तुओं का वितरण किया जा रहा था। निर्वाची पदाधिकारी, गोविंदपुर-सह-उप विकास आयुक्त, नवादा प्रियंका रानी के द्वारा सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी कौआकोल को निर्देशित किया गया। अंचलाधिकारी कौआकोल, मनीष कुमार द्वारा स्थानीय थाना कौआकोल के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ तत्काल कार्रवाई हेतु प्रस्थान किया गया। रात्रि लगभग 10:30 बजे अंचलाधिकारी कौआकोल की टीम ग्राम मननियातरी लीलाडीह पहुंची, जहां वीडियो फुटेज के आधार पर स्थानीय ग्रामीण उपेंद्र यादव, पिता लखन यादव एवं दिनेश कुमार, पिता यदू यादव, दोनों ग्राम मननियातरी लीलाडीह, थाना कौआकोल, जिला नवादा से पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में उपेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि सुधीर कुमार, उम्र लगभग 21 वर्ष, पिता छोटन यादव, ग्राम मननियातरी लीलाडीह, थाना कौआकोल, जिला नवादा द्वारा 14 अक्टूबर की संध्या लगभग 8 बजे एक स्कॉर्पियो से राजनीतिक दल से संबंधित चिन्ह, नारा एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का चित्र अंकित प्लेट, कटोरी एवं चम्मच का वितरण किया गया था।

अंचलाधिकारी द्वारा उक्त सूचना के सत्यापन हेतु वीडियो फुटेज एवं स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें तथ्य की पुष्टि हुई। उपेंद्र यादव द्वारा उक्त सामग्री का एक सेट संरक्षित कर प्रस्तुत किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी कौआकोल द्वारा विधिवत जब्ती प्रक्रिया की गई, जिसमें स्थानीय गवाह दिनेश कुमार (पुत्र यदू यादव) तथा पुलिस बल के हवलदार सं० 81 संतोष दुबे (BSAP-02 डेहरी, वर्तमान तैनाती कौआकोल थाना, नवादा) की उपस्थिति में सामग्री को जब्त किया गया। जब्त की गई सामग्री में हरे रंग के कार्टन बॉक्स में रखे गए मेलामाइन के चार प्लेट, चार कटोरी एवं चार चम्मच सम्मिलित हैं। सभी पर राष्ट्रीय जनता दल का चुनाव प्रतीक 'लालटेन', लोक लुभावन चुनावी नारा एवं नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव का चित्र अंकित पाया गया। जब्ती सूची विधिवत तैयार की गई, जिस पर दोनों गवाहों के हस्ताक्षर लिए गए तथा जप्ती सूची की एक प्रति प्रस्तुतकर्ता को सौंपी गई। अंचलाधिकारी कौआकोल ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि बिहार राज्य में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। इस परिस्थिति में उपरोक्त कृत्य आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट एवं गंभीर उल्लंघन है। अतः उन्होंने संबंधित व्यक्ति सुधीर कुमार (उम्र 21 वर्ष), पिता छोटन यादव, ग्राम मननियातरी लीलाडीह, थाना कौआकोल, जिला नवादा के विरुद्ध सुसंगत विधिक धाराओं के अंतर्गत कौआकोल थाना में केस संख्या-418/25 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# रोटरी क्लब ने चलाई स्वच्छता जागरूकता




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे के अवसर पर रोटरी क्लब तथागत के द्वारा नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सुंदरगढ़ बिहार शरीफ में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में हाथ धोने की आदत को प्रोत्साहित करना तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो ने बच्चों को साबुन से सही तरीके से हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन किया और स्वच्छ रहने के लाभ बताए। परियोजना निर्देशक रो अमित कुमार ने कहा कि स्वच्छ हाथ न केवल बीमारियों से बचाते हैं, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में यह एक छोटा किंतु महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव रो. मधु कंचन द्वारा किया गया तथा विद्यालय के शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. अनिल सैनी एवं रो अमित कुमार के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक प्रिय रंजन कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ मन ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। शिक्षिका दीप्ति सुमन ने बच्चों को संदेश दिया कि हाथ हमेशा साबुन से ही धोएं ताकि रोगों से बचा जा सके। रोटरी क्लब तथागत समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए लगातार स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता से जुड़े जनहितकारी कार्यों का आयोजन करता रहा है। इस अवसर पर रो अशोक कुमार क्लब के सदस्यगण एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोरी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के पसई टोला कल्याणपुर में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान पसई टोला कल्याणपुर निवासी नंदन राजवंशी का चार वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी के रुप में की गई। घटना बुधवार की सुबह तकरीबन साढ़े सात की है। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गये, और घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने में लगे रहे। इधर,सूचना पर थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, और मामले की छानबीन करते हुए कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया।

# नवादा में नामांकन प्रक्रिया में आई तेजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नवादा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तृतीय चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया में तेजी देखने को मिल रही है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 13 अक्टूबर 2025 से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य शुरू हो चुका है। इस चरण में मतदान 11 नवंबर 2025 को संपन्न होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, संवीक्षा की तिथि 21 अक्टूबर तथा अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित की गई है। नामांकन दाखिल करने का समय प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक रहेगा। नामांकन दाखिल करने के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निम्न स्थान निर्धारित किए गए हैं —

235-रजौली (अ.जा.) — अनुमंडल पदाधिकारी रजौली के कार्यालय कक्ष में।

236-हिसुआ — अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, नवादा के कार्यालय में।

237-नवादा — अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर के कार्यालय में।

238-गोविंदपुर — उप विकास आयुक्त, नवादा के कार्यालय में।

239-वारिसलीगंज — भूमि सुधार उपसमाहर्ता, नवादा सदर के कार्यालय में।

**15 अक्टूबर 2025 तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की स्थिति इस प्रकार रही**

रजौली (235) — एन.आर. (नामांकन रजिस्ट्रेशन): 02, नॉमिनेशनः शून्य

हिसुआ (236) — एन.आर.: 03, नॉमिनेशनः शून्य

नवादा (237) — एन.आर.: 03, नॉमिनेशनः शून्य

गोविंदपुर (238) — एन.आर.: 02, नॉमिनेशनः 01 (संजय कुमार, पिता स्व. कपिल यादव, पार्टी: इंसाफ पार्टी)

वारिसलीगंज (239) — एन.आर.: 01, नॉमिनेशनः शून्य

नामांकन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी नामांकन स्थलों पर अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क, वेटिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

## एक नजर

### जागरूक मतदाता सशक्त लोकतंत्र की नींव



**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र आज रजौली विधानसभा क्षेत्र में बाल विकास परियोजना के कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराना और उन्हें लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान कर्मियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और उन्हें आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही लोगों को यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का वोट अत्यंत मूल्यवान है। कार्यक्रम के तहत उपस्थित कर्मियों ने कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और नारे, पोस्टर तथा जनसम्पर्क के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

### 530 माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण



**बिहारशरीफ**। टाउन हॉल में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु जिला मास्टर ट्रेनर द्वारा माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में सम्पन्न हुआ। प्रथम पाली में कुल 265 माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में भी 265 माइक्रो ऑब्जर्वर ने भाग लिया। कुल मिलाकर 530 माइक्रो ऑब्जर्वर ने इस प्रशिक्षण में भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, इवीएम/वीवीपैट के संचालन तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका एवं दायित्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मतदान दिवस 6 नवंबर 2025 को उनकी जिम्मेदारियों, निष्पक्षता बनाएं रखने एवं आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने हेतु प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन निर्वाचन से संबंधित अनुभवी जिला मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों को आगामी निर्वाचन में पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ दायित्व निर्वहन का संकल्प दिलाया।

### पुलिस ने पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**रजौली**। थाना क्षेत्र के हरदिया और सतगिर से पुलिस बलों ने चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में हरदिया निवासी गोविंद राजवंशी के पुत्र शंभू राजवंशी व विजय राजवंशी और शंभू राजवंशी के पुत्र पंकज कुमार एवं सतगिर गांव निवासी शिबू भुइयां के पुत्र मिठू भुइयां को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना कांड संख्या 503/20 में ट्रक में भरे शराब की जब्ती को लेकर उत्पाद विभाग द्वारा केस दर्ज करवाया गया था। उक्त केस में फरार चल रहे एक अभियुक्त को भी पुलिस बलों द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पंजाब के मोहाली निवासी जागेश सिंह के पुत्र ओमवीर सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# फायरिंग करने वाला अपराधी हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार

## एक देशी रायफल, एक देशी कट्टा, दो पिस्टल मैगजीन और पांच गोली बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में वर्चस्व और दबंगई कायम रखने के उद्देश्य से की गई फायरिंग मामले में पुलिस ने एक अपराधी को हथियार और शराब के साथ गिरफ्तार किया है। 13 अक्टूबर की रात पंचाने नदी के पास गोली चलने की सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। गुप्त सूचना के आधार पर अखिलेश कुमार पिता ओमप्रकाश पासवान निवासी गिरियक निचली बाजार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अखिलेश ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि फायरिंग में अन्य तीन व्यक्ति विजय यादव उर्फ बिजो उर्फ बैजू, सत्येन्द्र यादव उर्फ सातो और जितेन्द्र यादव उर्फ जितो भी शामिल थे। अखिलेश कुमार की निशानदेही पर मंगर बिगहा नया नगर स्थित पंचायत भवन के पास भूसे में छिपाकर रखे गए एक देशी रायफल, एक लोहे का देशी कट्टा, दो पिस्टल मैगजीन और पांच गोली बरामद की गई। इसके अलावा उसके घर से 53.2 लीटर देशी शराब, 3 लीटर बियर और 1.125 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। इस संबंध में गिरियक थाना में आर्म्स एक्ट एवं मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर सुनील कुमार सिंह, थानाध्यक्ष गिरियक श्रीकांत कुमार, पुअनि राकेश कुमार, सअनि विभाकर चौधरी, निशांत भूषण ज्ञानेन्दु, राजु कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# संक्रमण से बचाव को लेकर बच्चों को किया जागरूक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय रजौली में बुधवार को 'अन्तर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका ममता रानी के नेतृत्व में सहायक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को हाथ धुलाई के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाध्यापिका ममता रानी ने कहा कि बच्चों समेत बड़ों को विभिन्न प्रकार के संक्रमण से बचने के लिए हाथ धुलाई अत्यंत आवश्यक है। साबुन से हाथ धोने से डायरिया, दस्त, पीलिया जैसे रोगों से बचा जा सकता है। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर विद्यालय में बच्चों को उचित हाथ धुलाई की जानकारी दी गई, ताकि वे संक्रमण वाली बीमारियों से ग्रसित होने से बच सकें। इस अवसर पर छात्रों को हाथ धुलाई शपथ भी दिलाई गई। शपथ के दौरान छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से हाथ धोएंगे और अपने परिवार के सदस्यों को भी हाथ धुलाई के महत्व के बारे में बताएंगे। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक शिक्षिकाओं में कविता झा, रजनी शर्मा, सुनील कुमार, शशांक कुमार, कुमारी कंचन माला एवं शिल्पी रानी मौजूद रहे। उन्होंने भी बच्चों को हाथ धुलाई के महत्व के बारे में बताया और उन्हें नियमित रूप से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका ममता रानी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करके हम बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाथ धुलाई एक सरल और प्रभावी तरीका है जिससे हम अपने आप को और अपने परिवार को संक्रमण वाली बीमारियों से बचा सकते हैं।

# टी एस कॉलेज में बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की वार्षिक अंतर महाविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2025 के तहत टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के अलावा एस.एन. सिन्हा कॉलेज, वारसलीगंज की टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबले में एस.एन. सिन्हा कॉलेज, वारसलीगंज की टीम विजेता रही, जबकि मेजबान टी.एस. कॉलेज, हिसुआ उपविजेता रही। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर विधिवत रूप से किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी पुतुल कुमारी रेफरी के रूप में उपस्थित थी। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय के खेल-कूद प्रभारी डॉ. सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में संपन्न हुई। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा द्वारा पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता टीम के कप्तान सौरव कुमार और उपविजेता टीम के कप्तान आशुतोष कुमार को प्राचार्य डॉ. शर्मा, अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार, कुलानुशासक प्रो. सुंदर शर्मा एवं खेल-कूद प्रभारी डॉ. सुनील कुमार दुबे द्वारा संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने दोनों टीमों को खेल भावना का परिचय देने के लिए धन्यवाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. रजनीश देव, डॉ. भोला शंकर वर्णवाल, डॉ. पूनम भारती, डॉ. अमरदीप मोहन अंभोरे, डॉ. स्वर्गेश कुमार, डॉ. परमानंद राम, डॉ. कुमारी सुधा देवी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. संजय कुमार चौहान, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. शंभूनाथ, डॉ. अंजली कुमारी, डॉ. दिव्या पांडे, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. चंद्रशेखर शांडिल्य, डॉ. गरिमा वर्मा, डॉ. उपेंद्र मिश्रा, डॉ. मांडवी कुमारी, डॉ. शेखर, रंजय कुमार, कुसुम कुमारी, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, राजेश कुमार, अमरनाथ गुप्ता, सिन्धुकांत, विनय कुमार, रौशन कुमार, अमरजीत, अविनाश कुमार, दिनेश कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# करमाटांड़, झरनवां व रानीगदर गांव के लोगों का मतदान करना एवरेस्ट फतह से कम नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कहा जाता है कि भारत गांवों का देश है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। परंतु आजादी के दशकों बाद भी बिहार के कई गांव की हालत आज भी नहीं बदली है। ऐसा ही कुछ हाल नवादा जिला अंतर्गत गोविंदपुर विधानसभा के नक्सल प्रभावित कौआकोल प्रखण्ड के बूथ नम्बर-404 के मतदाताओं की है। यहां के लोगों को वोट डालने के लिए पहले 40-45 किलोमीटर दूर पचम्बा गांव जाकर वोट डालना पड़ता था। यही कारण उपेक्षा से नाराज ग्रामीण वोट बहिष्कार कर देते थे। परंतु बाद में प्रशासन के सूझबूझ से किसी तरह वोटिंग कार्य सम्पन्न होते थे। यूं कहें तो वोट देने के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती थी। परंतु जिला निर्वाची पदाधिकारी सह नवादा डीएम रवि प्रकाश ने इस बूथ के मतदाताओं की समस्याओं को संज्ञान में लेकर बूथ का निरीक्षण किया एवं मतदान केंद्र गांव में ही बनने का आश्वासन दिया। अंततः डीएम के प्रयास के बाद प्राथमिक विद्यालय रानीगदर दनियां में ही मतदान केंद्र बनाया गया है। रानीगदर दनियां में मतदान केंद्र बन जाने से दनियां गांव के लोगों की परेशानी का तो समाधान हो गया,परन्तु इसी बूथ पर तीन अन्य गांव के भी मतदाताओं का वोट है। बता दें कि बूथ नम्बर 404 प्रखण्ड के अत्यंत ही संवेदनशील मतदान केंद्र है। जहां 346 पुरुष एवं 328 महिला समेत 674 मतदाता हैं। इस मतदान केंद्र पर दनियाँ समेत रानीगदर, झरनवां एवं करमाटांड़ के भी मतदाता हैं। जहां के लोगों के लिए वोट करना किसी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि जब वोट डालने को ये लोग निकलते हैं,तो उनके सामने जंगल और पहाड़ी इलाका होता है। मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए पैदल चलना अथवा बाइक से कच्ची पगडंडियों से होकर पहुंचना ही एक मात्र विकल्प है। स्थानीय ग्रामीण व करमाटांड़ गांव निवासी गोरेलाल राय,तुलसी राय,बिंदेश्वरी राय आदि ने बताया कि करीब 12 से 13 किलोमीटर की दूरी पर करमाटांड़ से दनियाँ गांव हैं। जहां इनका मतदान केंद्र बनाया गया है। ऐसे में इस गांव के लोग पैदल ही वोट देने को निकल पड़ते हैं। बुजुर्गों का मतदान केंद्र पर पहुंचना संभव ही नहीं है। वोट देकर लौटने में सुबह से शाम हो जाती है,खाने के लिए सत्तू और मकई का भुजा बांधकर निकलना पड़ता है। वहीं इसी बूथ पर मतदान करने झरनवां गांव के लोगों को जाना है। यहां के निवासी हेमचन्द राय,गोविंद राय आदि बताते हैं कि उनके गांव से मतदान केंद्र की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। जबकि रानीगदर गांव निवासी कृष्ण भुला,राजो भुला आदि बताते हैं कि उनके गांव के लोगों को लगभग 6 किलोमीटर दूर जाकर मतदान करना पड़ेगा। बता दें कि बूथ नम्बर 404 के अंतर्गत 674 मतदाताओं में करमाटांड़, झरनवां एवं रानीगदर इन तीनों गांवों के लगभग 450 से अधिक मतदाता हैं। इन गांवों के लोगों में मतदान करने के प्रति काफी जोश भरा हुआ है।

# स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से लोगों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। थाना क्षेत्र में फोरलेन पर बने ओवर ब्रिज और करिगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से अंधेरा पसरा हुआ रहता है। इस अंधेरे के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होते रहती है। सड़क दुर्घटनाओं में बाइक चालक और टोटो चालक से लेकर पशु तक गंभीर रूप से घायल हो जा रहे हैं। बीते मंगलवार की रात्रि नवादा से इलाज करवाकर वापस रजौली घर आ रहे एक बाइक पर सवार तीन लोग सामने से आ रही बाइक से टकरा गए। इस सड़क दुर्घटना में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही रॉन्ग साइड से बिना बाइक की हेडलाइट जलाए आ रहे दूसरे बाइक पर सवार एक पुरुष और महिला को हल्की फुल्की चोटें आई।

**तीन घायलों में एक का हाथ टूटा**

सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों में महसई मोहल्ला निवासी मो. हाशिम,मो. हाशिम के पुत्र मो. अरमान और पुत्री सलीना प्रवीण शामिल है। दुर्घटना के बाद घायल परिजनों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया। इलाज के क्रम में सलीना प्रवीण बार बार बेहोश हो जा रही थी।वहीं मो. हाशिम के बाएं हाथ की हथेली टूट गई थी,जिसे एक्सरे के लिए कहा गया और बाद में नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल बाइक चालक मो. अरमान भी गंभीर रूप से चोटिल था।

**पीड़ित परिजनों ने टोल प्लाजा पर काटा बवाल**

करिगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप बंद पड़े स्ट्रीट लाइट के कारण हुई सड़क दुर्घटना के बाद पीड़ितों ने एनएचएआई द्वारा प्रदत एंबुलेंस सेवा की मांग की। किंतु मेडिकल पोस्ट के समीप कोई भी कर्मी मौजूद नहीं था। इसको लेकर परिजन आक्रोशित हो गए और जमकर बवाल काटा।आक्रोशित परिजनों को देखकर सभी टोलकर्मी इधर-उधर भाग खड़े हुए।

**पीड़ितों ने एनएचएआई के पीडी से की शिकायत**

अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने फोरलेन पर स्ट्रीट लाइट के बंद रहने की और सड़क दुर्घटना के बाद कर्मियों की विस्तृत शिकायत एनएचएआई के पीडी सुभाष मीणा से दूरभाष पर की। वहीं एनएचएआई के पीडी द्वारा पीड़ित परिजनों को संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। लोगों ने कहा कि यदि स्ट्रीट लाइट नियमित रूप से नहीं जलेगा, तो लोग बाध्य होकर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

घायलों के साथ मारपीट करने का किया प्रयास :-

रॉन्ग साइड से रजौली की ओर से आ रहे बाइक पर सवार अदलबिगहा गांव निवासी लोगों ने अपने परिजनों को बुलाकर पीड़ित घायलों और उसके परिजनों के साथ भी उलझ गए।

# लोकतंत्र में मतदाता की भागीदारी ही असली शक्ति : प्रमंडलीय आयुक्त

## उन बूथों और टोलों पर विशेष ध्यान दें जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा होते ही गया जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों (स्वीप अभियान) में बड़े स्तर पर लगातार आयोजित की जा रही है। ताकि गया जिले के मतदान प्रतिशत में और ज्यादा इजाफा आये। बुधवार को उसी क्रम में हरिदास सेमनरी स्कूल के प्रेक्षागृह में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में स्वीप लोगों का अनावरण आयुक्त मगध प्रमण्डल सफीना एएन, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर, डीडीसी नवीन कुमार, सहायक समाहर्ता सूरज कुमार एवं जिला के वरीय पदाधिकारी गणों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के प्रत्येक प्रखंड, पंचायत और गांव तक मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से सघन अभियान चलाया जा रहा है। मतदाताओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे 11 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने बहुमूल्य वोट का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम के निर्देश पर पूरे जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियों को गति दी गई है। आईसीडीएस की सेविकाओं एवं सहायिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, विकास मित्रों तथा शिक्षा विभाग के स्कूली छात्र-छात्राओं, स्काउट, गाइड की सक्रिय भागीदारी से स्वीप गतिविधियां निरंतर जारी हैं। हर प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों एवं कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। गांवों और कस्बों में रंगोली/मेहंदी प्रतियोगिता, प्रभातफेरी, साइकिल रैली, मोटरसाइकिल रैली, हस्ताक्षर अभियान, क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन और वाद-विवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालयों के बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर पहले मतदान, फिर जलपान, वोट है हमारा अधिकार, 100 प्रतिशत मतदान हमारा लक्ष्य जैसे नारे लगाकर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। रंगोली के माध्यम से मतदान दिवस और मतदान के महत्व का संदेश सुंदर कलात्मक रूप में घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में उत्साह का माहौल है। कॉलेजों और विद्यालयों में छात्रों के बीच क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन आयोजित की जा रही हैं। इन आयोजनों से युवाओं में मतदान के प्रति जिम्मेदारी और गर्व की भावना विकसित हो रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने सभी आरओ, एआरओ एवं सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उन बूथों और टोलों पर विशेष ध्यान दें जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। विशेषकर महादलित और सुदूर ग्रामीण इलाकों में लक्षित अभियान चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता की भागीदारी ही असली शक्ति है। प्रत्येक मतदाता का मतदान करना न केवल उसका अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र के प्रति उसकी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जिलावासियों को मिलकर कार्य करना है। संबोधन के पहले एवं डीएम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वीप गतिविधियों के तहत स्वीप दुत एवं सखी का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घघाटन किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त ने प्रेक्षागृह में उपस्थित सभी सेविका सहायिका एवं विकास मित्रों को मतदान हेतु शपथ दिलवाया है। उन्होंने बताया कि घर घर जा जाकर सभी मतदाताओं के बीच पंपलेट भी वितरण किया जाएगा जिसमें 11 नवंबर को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर आ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधित लिखा है।

# स्टेशन मास्टरों के लिए सुविधा बढाने की जरूरत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पूर्व मध्य रेलवे में स्टेशनों पर कार्यरत स्टेशन मास्टरों से संरक्षा को ध्यान में रखते उनके लिए सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई है। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की बैठक में सुविधा बढ़ाने की मांग उठी। साथ ही ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित बनाए रखने के लिए समस्याओं के समाधान पर भी जोर दिया गया है। गया जंक्शन पर आयोजित बैठक में ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि डबल ड्यूटी से कैरियर पर दांव लगने की आशंका बढ़ जाती है। स्टेशन मास्टरों को सड़क साइड स्टेशनों पर स्टेशन पर डयूटी पर आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा की सुविधा की जरूरत बतायी है। ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन के लिए दिन रात काम करने वाले स्टेशन मास्टरों के लिए स्टेशन परिसर में समुचित सुविधाओं की उपलब्धता पर भी जोर दिया है। इसके साथ ही कहा कि सुविधाओं के अभाव में स्टेशन मास्टरों के बीच परेशानी बनी रहती है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि काम की बोझ हम सभी साथियों पर पड़ रहा है। स्टेशन मास्टर ,प्वाइंट्स मैन, गेट मैन और यातायात निरीक्षक से उत्कृष्ट स्तर पर काम लिया जाता है। लेकिन समुचित सुविधाएं नहीं मिल रही है। कहा कि स्टेशन मास्टर डबल ड्यूटी करते हैं। भारतवर्ष के करीब रात्रि पाली में 70 फीसदी स्टेशन पर स्टेशन मास्टर अपने कैरियर पर दांव लगाकर डबल ड्यूटी करने को विवश होते हैं। इसका खास के कारण यह है कि ड्यूटी छुटने के बाद इनके घर आने-जाने के लिए कोई सुविधा नही है। जिस स्टेशन पर रेस्ट रूम बना हैं वहां बेसिक सुविधाए नहीं है।

# मध्य विद्यालय में श्रद्धा पूर्वक मनी पूर्व राष्ट्रपति की 94वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय दखिनगांव में बुधवार को भारत के महान वैज्ञानिक मिसाईल मैन व 11वे राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 94वीं जयंती विद्यालय प्रधान शिक्षिका मधु के देखरेख में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने इनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया एवं इनकी जीवनी पर चर्चा करते हुए इनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। विद्यालय प्रभारी शिक्षिका मधु ने कहा कि डॉ. कलाम अपना अधिकतर जीवन युवा पीढ़ी को प्रेरित करने और गाइड करने के लिये समर्पित कर दिया था। उनका मानना था कि युवा पीढ़ी यानि स्टूडेंट्स ही हैं जो दुनिया में बड़े बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। डॉ. अब्दुल कलाम ने कहा था कि सपने सच होने से पहले आपको सपने देखने होंगे। उन्होंने साईंस और टेक्नोलॉजी विशेषकर मिसाइल और अंतरिक्ष अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनके जन्म दिन पर 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दौरान विद्यालय की छात्रा अनुष्का, चांदनी, सलोनी, दूज रानी ने भी गीत संगीत एवं भाषण के द्वारा इनकी जीवनी पर प्रकाश डाला एवं नमन किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक उपेन्द्रनाथ कौशल, प्रभाकर कुमार रविरंजन कुमार सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# नगर आयुक्त ने लाइटों की मरम्मत में लापरवाही बरतने वाले संवेदक पर 65 हजार की लगाई पेनाल्टी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नगर निगम कार्यालय में बुधवार को नगर आयुक्त कुमार अनुराग की अध्यक्षता में प्रकाश व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। आयोजित इस बैठक में दीपावली व छठ महापर्व के मद्देनजर देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसके अलावा लाइटों से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं उसके निवारण पर भी समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक में आम नागरिकों से मिल रही शिकायतें एवं शहरी क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत रूप से चर्चा के बाद कामों में लापरवाही बरतने वाले संबंधित संवेदक पर नगर आयुक्त सख्त दिखें। नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने शहर में प्रकाश व्यवस्था की हो रही मेंटेनेंस से संबंधित जेई व संवेदक से पूरे कामों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न इलाकों में दस दिनों से ज्यादा स्ट्रीट लाइट एवं न्यू रोप लाइट बंद होने की शिकायत दर्ज हुई है। शिकायत के बावजूद कई इलाके में मेंटेनेंस के अभाव में स्ट्रीट लाइट और न्यू रोप लाइटें बंद है। नगर आयुक्त ने बताया कि स्वच्छ गया ऐप में यह सुविधा दी गई है कि कोई भी व्यक्ति लाइट से संबंधित शिकायत ऐप पर दर्ज कर सकता है जिसमें लाइट का फोटो एवं जियो टैग्ड फोटो अपलोड करना होता है। एजेंसी को कार्य सौंपा हुआ है कि 24 से 48 घंटे के अंदर वो लाइट की मरम्मत कर लाइट को सही कर दें अन्यथा इसकी समीक्षा कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निगम में भी टीम प्रतिनियुक्त की गई है जो शिकायतों को ऐप के माध्यम से दर्ज करते हैं। इसी क्रम में माह सितंबर एवं अक्टूबर की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि 141 स्ट्रीट लाइट की शिकायतें दर्ज है जो दस दिनों से ज्यादा लंबित है। नगर आयुक्त ने संबंधित संवेदक पर काम में लापरवाही बरतने व ससमय 141 स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस न होने को लेकर 42300 पेनाल्टी लगाई। इसके अलावा 93 न्यू रोप लाइट से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई जिसके मेंटेनेंस अभाव में बंद होने पर 23250 की पेनाल्टी लगाई है। उपरोक्त इस प्रकार कार्यों में लापरवाही बरतने पर कुल 65550 की पेनाल्टी लगाई गई। उन्हें सख्त निर्देश दिया है कि अब तक शहर में प्रकाश व्यवस्था की मेंटेनेंस अभाव में बंद पड़े लाइटों की आंकलन कर दो दिन के अंदर सभी कामों त्वरित निवारण करें। बैठक में नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए कि दीपावली व छठ महापर्व के मद्देनजर देखते हुए शहर के अन्य हिस्सों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित संवेदक को सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि शहरवासी के शिकायतों पर त्वरित लाइटों की मेंटेनेंस ससमय पूरा किया जाए।बैठक में सहायक अभियंता गौरव सिन्हा, कनीय अभियंता और संबंधित संवेदक उपस्थित थे।

# हस्ताक्षर अभियान से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आयुक्त मगध प्रमण्डल सफीना एएन एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - डीएम शशांक शुभंकर द्वारा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बुधवार को प्रेरित किया गया। बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के मद्देनजर गया जिले में मतदान दिवस 11 नवंबर 2025 को मतदान करने हेतु मतदाताओं के बीच स्वीप गतिविधि अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ताकि मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, प्रथम बार के मतदाताओं तथा आम जनता में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्वयं हस्ताक्षर कर इस अभियान की शुरुआत की तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों एवं आम नागरिकों से इस मुहिम में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर एक मत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि जिले का हर पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। गया वोट अवश्य करेगा। इसी शंखनाद के साथ प्रमंडलीय आयुक्त एवं डीएम ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर जिले भर के आम मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

# दूसरे चरण के नामांकन में उमड़ा उत्साह, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन प्रक्रिया के तहत बुधवार को शेरघाटी अनुमंडल में प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पर्चे दाखिल किए। शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र से स्वराज पार्टी (लोकतांत्रिक) के प्रत्याशी संतोष ठाकुर ने नामांकन पर्चा भरा। वहीं इमामगंज विधानसभा क्षेत्र (227) से पीपीआई पार्टी के प्रत्याशी बनारसी दास ने अपना नामांकन दाखिल किया। चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती है। अनुमंडल क्षेत्र के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। नामांकन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीमों को तैनात किया गया है। वहीं नामांकन प्रक्रिया से पहले शेरघाटी से 2, इमामगंज से 3 और बाराचट्टी से 5 नाजिर रसीद काटे गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार नामांकन स्थल पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरी गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सभी उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# महिला से मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के नकनुप्पा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट के एक मामले ने तूल पकड़ लिया। इस घटना में पीड़िता संजरानी देवी, पति बिरजू मांझी ने अपने ही पड़ोसियों के खिलाफ शेरघाटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आवेदन में बताया कि गांव के ही ननहका उर्फ छोटू मांझी, रवींद्र मांझी, सुषमा देवी और रश्मि कुमारी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की तथा घर में घुसकर गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़िता ने कहा कि विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें धमकी भी दी। घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की निष्पक्ष छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम के निर्देश पर जिले के सभी बार्डर एरिया में सघन जांच अभियान चला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर गया जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर के निर्देश के आलोक में गया जिले के सभी बार्डर एरिया में सघन जांच अभियान करवाया जा रहा है। बाराचट्टी एरिया में बाराचट्टी थाना के समीप आज सुबह एक ट्रक जिसका नंबर जेएच एएच 7702 है, जांच में लगभग 684 किलोग्राम चरस गांजा को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के एसटीएफ द्वारा जॉइंट आपरेशन के दौरान पकड़ा है। इसके अलावा गांजा तरस्करी में लाइनर में लगे एक चार चकिया वाहन हौंडा क्रेटा जिसका नंबर जेएच 01 एफएस 1951 है, इन दोनों वाहनों को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा 3 लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। एनसीबी पटना के अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए गांजा की अनुमानित राशि लगभग 3 करोड़ 42 लाख है। अंचलाधिकारी बाराचट्टी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिकोण से बोर्डर एरिया में लगातार वाहनों की जांच की जा रही है, वीडियोग्राफी के साथ वाहनों की जांच की जा रही है। पकड़े गए मादक पदार्थ के विरुद्ध सीजर बनाने एवं आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद हैं।

# वजीरगंज में छठ घाट एवं तालाब की सफाई शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** छठ पर्व की तैयारी को लेकर प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित तालाब एवं छठ घाट की सफाई शुरू हो गई है जिसके लिये अमर ज्योति नवयुवक संघ डाकबंगला श्री छठ पूजा समिति के सदस्य व स्वच्छताकर्मी लगे हुए हैं। समिति अध्यक्ष राजू कुमार एवं सदस्य विजय कुमार ने बताया कि समिति के आग्रह पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह के सहयोग एवं विकास योजना के माध्यम से तालाब का जीर्णोद्धार, उत्तर साइड में सीढ़ी का नवनिर्माण, पेवर ब्लॉक के साथ सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। तालाब को सुखाकर कीचड़ एवं कचरा मुक्त करते हुए स्वच्छ जल भरा जा रहा है। परिसर की सफाई एवं छठ पूजा में प्रतिमा स्थापन सहित अन्य कार्यों में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं, दिपावली तक सभी महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लिये जायेंगे तथा छठ घाट व्रतियों के लिये तैयार हो जाएगा।

# सम्पत्ति विवाद में मारपीट, चार घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में संपत्ति विवाद को लेकर बुधवार को भाई-भाई के बीच हुई मारपीट में भाई-भौजाई एवं भतीजा-भतीजी लहूलुहान हो गई जिसके बाद घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। मामले को लेकर पीड़ित सनोज बिंद ने बताया कि जगह जमीन को लेकर भाई के साथ विवाद चल रहा था। इसी दौरान बुधवार के दोपहर कहा-सुनी हो गई। देखते-देखते भाई एक भतीजा एवं उसके परिवार के लोग मेरे परिवार पर टूट पड़े जिसमें मेरी पत्नी गीता देवी, बेटी श्रुति कुमारी, संजना कुमारी एवं बेटा शनि कुमार जख्मी हो गया। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर पुलिस में शिकायत की गई है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षण डीएसपी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना के शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# टिकारी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी कुंदन कुमार ने किया नामांकन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बुधवार को टिकारी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी कुंदन कुमार ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। टिकारी प्रखण्ड क्षेत्र के रामनगर ग्राम निवासी 25 वर्षीय कुंदन कुमार ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन पर्चा दाखिल किया। कुंदन कुमार नामांकन पत्र दाखिल करने वाले पहले प्रत्याशी बने। नामांकन के दौरान कुंदन कुमार द्वारा दायर की गई हलफनामा के अनुसार कुंदन महज दो लाख रुपये की अचल सम्पति के मालिक हैं व कुंदन के विरुद्ध एक आपराधिक मामला भी दर्ज है। वहीं कुंदन के पास बैंक बैलेंस भी नहीं है व महज 50 हजार नगदी है। निर्वाची पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने नामांकन पर्चा प्राप्त किया। वहीं अब तक 17 उम्मीदवारों ने एनआर रसीद कटवाया है। बुधवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मुकेश सिंह, रामाधार सिंह, मुन्ना कुमार व मनोज कुमार भारती ने प्रबल भारत पार्टी से जितेंद्र मिश्रा, समता पार्टी से धर्मेंद्र पासवान व जनसुराज से शशि कुमार ने एनआर रसीद कटवाया। नामांकन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं।

# टिकारी से डॉ. अनिल कुमार को 'हम' का टिकट, एनडीए समर्थित प्रत्याशी के रूप में करेंगे नामांकन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) ने मंगलवार की रात टिकारी विधानसभा क्षेत्र से डॉ. अनिल कुमार को प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने दूसरी बार उन पर विश्वास जताते हुए टिकट सौंपा है। इस घोषणा के बाद क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। टिकट मिलने के बाद डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह पार्टी के नेतृत्व का आशीर्वाद और जनता के विश्वास का परिणाम है। टिकारी विधानसभा के विकास की दिशा में यह एक और कदम है। उन्होंने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर 2025 को टिकारी अनुमंडल कार्यालय में सुबह 10 बजे एनडीए समर्थित प्रत्याशी के रूप में वे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने टिकारी क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर एनडीए को मजबूत करें और बिहार में पुनः नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्थायी सरकार के गठन में योगदान दें। वहीं, टिकट की घोषणा के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने डॉ. अनिल कुमार के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई थी। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि इस बार भी टिकारी की जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएगी।

# 16 वीं बटालियन जमुई विजयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मानवेन्द्र, उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी गया जी के द्वारा एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ की गरीमामयी उपस्थिति में अन्तर्वाहिनीं क्रिकेट प्रतियोगिता- 2025 का समापन बुधवार को किया गया। यह प्रतियोगिता 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) गया जी (बिहार) के अन्तर्गत क्षेत्रक मुख्यालय की टीम समेत बटालियन कुल 05 टीमों (16, 29, 32 एवं 35 बटालियन) ने भाग लिया। बुधवार को फाइनल मैच 16 बटालियन एसएसबी जमुई बनाम 29 वीं बटालियन एसएसबी के बीच खेला गया जिसमें 16 वीं बटालियन जमुई (बिहार) विजयी रही। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल कार्यक्रम में मानवेन्द्र, उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय ने अपने सम्बोधन में विजेता टीम समेत इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमों को बधाई दिया एवं इन सभी टीमों में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयन कर क्षेत्रक स्तर की एक टीम बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। यह टीम अंतर क्षेत्रक क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI-834001, JHARKHAND.**
**Ph No.: +91-651-2225878,**
**CIN: U45200JH2013SGC001752,**
**e-mail Id**-pdt.juidco@gmail.com,juidcolimited@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

**NIT No** – JUIDCO Ltd/NIT/DPR-PMC/SWM/HC/25/657
**Tender ID** – 2025_UDD_102016_1
**PR No.** – 354878

**Project Title** - "Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy service for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharhganj"
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

**Sd/-**
**Project Director (Tech)**
**JUIDCO Ltd.**

PR 364183 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)



बिहार सरकार

**कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, औरंगाबाद**

**अति अल्पकालीन आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 एवं पर्व त्योहारों के अवसर पर अवैध शराब की बिक्री/ परिवहन/ भण्डारण एवं उपभोग पर पूर्ण रूपेण अंकुश लगाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, **जिसका मोबाईल नं0–8544433806 है।**

अतः अवैध शराब से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना उक्त मोबाईल नं0 पर दिया जा सकता है।

**अधीक्षक मद्यनिषेध, औरंगाबाद**

PR- 017084 ( Excise ) 2025-26

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

संपादकीय

# शर्म अल शेख: मोदी का न जाना

मिस्र के शहर शर्म अल शेख में गाजा शांति सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का न जाना कूटनीतिक हल्कों में चर्चा का विषय है। क्योंकि मोदी उन नेताओं में से हैं, जिन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर हमास और इजराइल में शांति समझौते का उत्साह से स्वागत किया था। वैश्विक शांति की दृष्टि से यह सम्मेलन बड़ी घटना है और इसमें दुनिया के कई देशों के बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। जबकि भारत की ओर से प्रधानमंत्री के दूत के रूप में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को भेजा गया है। यह एक दिवसीय सम्मेलन गाजा पट्टी में युद्ध को समाप्त करने के लिए एक व्यापक समझौते को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हुए। इस बीच शांति समझौते की अहम कड़ी के रूप में हमास ने सोमवार को इजराइल के 20 बंधकों को छोड़कर सकारात्मक संदेश दिया है। लेकिन भारत के संदर्भ में यह सवाल पूछा जा रहा है कि इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं क्यों नहीं गए? गौरतलब है कि शर्म अल-शेख़ एक प्रसिद्ध रिसॉर्ट शहर है जिसे अंतरराष्ट्रीय बैठकों के लिए जाना जाता है। इसमें अरब लीग की बैठकें, 2022 का विश्व जलवायु सम्मेलन और अरब-इजराइल वार्ताओं के कई दौर शामिल हैं। यह शहर छुट्टियाँ मनाने के लिए यूरोपीय और मिस्री पर्यटकों में काफ़ी लोकप्रिय है। इसे पर्यटकों की सैरगाह भी कहा जाता है। शर्म अल-शेख़ सम्मेलन मिस्र और अमेरिका के संयुक्त निमंत्रण पर आयोजित किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि पीएम मोदी को इस सम्मेलन का निमंत्रण देर से मिला। वो पहले ही कई हम कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फ़तह अल-सीसी और राष्ट्रपति ट्रंप ने सम्मेलन का साझा निमंत्रण सम्मेलन के सिर्फ दो दिन पहले यानी 11 अक्टूबर को दिया। आमतौर पर किसी राजनयिक मामले में अगर राष्ट्राध्यक्ष को बुलाया जाता है तो काफी पहले निमंत्रण दिया जाता है। इसके लिए 48 घंटे का समय काफ़ी कम है। दूसरा कारण इस सम्मेलन में समझौते के दो मुख्य पक्ष इजराइल और हमास दोनों ही शामिल नहीं हो रहे हैं। इजराइल ने सुरक्षा वजहों का हवाला दिया तो हमास ने इस समझौते की कुछ शर्तों के कारण इसका बायकॉट किया है। एक और संभावित कारण अमेरिका से भारत का टैरिफ विवाद भी हो सकता है। इसको लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। लेकिन इस कारण मोदी और ट्रंप के बीच रिश्ते पहले जैसे दोस्ताना नहीं रह गए हैं। शायद मोदी नहीं चाहते थे कि इस इस मुद्दे का समाधान होने से पहले वो ट्रंप से मिलें। कूटनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि कभी-कभी दो कदम पीछे खींचना भी देश के हित में होता है। लिहाजा भारत का यह काफ़ी चतुराई भरा कदम है। यानी वह सम्मेलन में हिस्सेदारी भी कर रहा है और मोदी ने इसमें शामिल न होकर दुनिया को एक संदेश भी दे दिया है। बहरहाल जहां तक गाजा शांति समझौते की सफलता और इसके भविष्य का प्रश्न है तो अभी भी कई किंतु परंतु हैं। क्योंकि हमास के मन में समझौते को लेकर अभी भी कुछ शंकाएं हैं। जबकि इजराइली सेना गाजा से भले पीछे हट रही हों, लेकिन उसका इरादा गाजा पर किसी न किसी रूप में नियंत्रण बनाए रखने का है। ऐसे में गाजा पर नियंत्रण किसका रहेगा, यह बड़ा सवाल है और बतौर शांति समझौता निगरानी एजेंसी अमेरिका की एंट्री भी कई सवाल खड़े करती है। और सबसे बड़ा प्रश्न तो पूरी तरह बर्बाद हो चकी गाजा पट्टी के पुनर्निमाण का है, जिनमें उत्तर मिलने अभी बाकी हैं।

# अंडमान-निकोबार में समुद्र तटीय विकास का औचित्य

**महान निकोबार ढांचागत परियोजना के विकास पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने परियोजना पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में कहा है कि 'शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों का अस्तित्व इस परियोजना के चलते दांव पर है। भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश की अनुमति नहीं दे सकती। हमें न्याय के इस उपहास और राष्ट्रीय मूल्यों के साथ इस विश्वासघात के विरुद्ध अपनी आवाज उठानी चाहिए।' इसके पहले राहुल गांधी ने भी जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम को लिखे पत्र में इस परियोजना पर आपत्ति जताई थी।**

**प्रमोद भार्गव**

दूरांचल में समुद्र तटीय क्षेत्रों में भारत विकास की दृष्टि से पीछे रहा है। उन तटीय क्षेत्रों पर भी हमने ध्यान नहीं दिया, जो देश के लिए नई आर्थिकी और चीन जैसे धोखेबाज देश से चुनौती के लिए सामरिक दृष्टि से अहम् हो सकते हैं। महान निकोबार अर्थात् अंडमान-निकोबार द्वीप समूह इस नाते अछूता है। इस परिप्रेक्ष्य में हम इस क्षेत्र को एक तो प्रसिद्ध सेल्यूलर जेल के नाम से जानते हैं, जो अब राष्ट्रीय स्मारक है। दूसरे उन जनजातियों के लिए जानते हैं, जो आज भी भारत की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बन पाई हैं। नतीजतन अपनी परंपरागत प्राकृतिक अवस्था में रहकर प्रकृति से ही गुजर-बसर कर रही हैं। किंतु अब इस उपेक्षित क्षेत्र की तस्वीर बदलने जा रही है। सिंगापुर की तर्ज पर निकोबार के तट का विकास केंद्र सरकार बड़ी मात्रा में धन का निवेष करके 'महान निकोबार द्वीप परियोजना' (जीएनआई) के अंतर्गत कर रही है। 75 हजार करोड़ की इस वृहद परियोजना के तहत कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने की तैयारी है। हालांकि परियोजना के अमल से बड़ी मात्रा में पर्यावरण को नुकसान भी होगा। परंतु पूरी दुनिया में पर्यावरण के विनाष की बुनियाद पर ही आधुनिक विकास परिणाम तक पहुंचा है। निकोबार द्वीप समूह 10 हजार 44 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। बंगाल की खाड़ी में पोत परिवहन को नया आयाम देते हुए 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से एक पोतांतरण बंदरगाह (ट्रांसशिपमेंट पोर्ट) का निर्माण करने की योजना प्रस्तावित है। यह बंदरगाह विकास से जुड़ी गतिविधियों के बड़े केंद्र के रूप में विकसित होगा। इस बंदरगाह को समुद्री जल मार्ग की प्रमुख गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। वैसे भी यह क्षेत्र दुनिया के कई पोतांतरण बंदरगाहों की तुलना में काफी प्रतिस्पर्धा दूरी पर स्थित है। बदलती जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में पूरी दुनिया यह मानकर चल रही है कि जिस देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों का नेटवर्क और कनेक्टिविटि जितनी बेहतर होगी, इक्कीसवीं सदी के व्यापार में वही देश अग्रणी रहेंगे। ऐसे में इस दूरांचल में ढांचागत सुविधाएं बढ़ेंगी तो अंचल का विकास तो होगा ही, अन्य भारतीयों से समरसता भी बढ़ेगी।



इस द्वीप पर विकसित किए जा रहे माल-परिवहन के दो रणनीतिक कंटेनर पोतांतरण टर्मिनल के दो भौगोलिक फायदे होंगे। पहला यह व्यस्त पूर्वी-पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय जहाजरानी मार्ग के निकट है। अतएव शुरू होने के बाद यह पोतांतरण की बेहतर सुविधा देगा, नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दूसरे इस क्षेत्र में आधुनिक ढंग से निर्मित जहाजों से माल उतारने-चढ़ाने की सुविधाएं बंदरगाह पर उपलब्ध होंगी, इस कारण बड़े जहाजों की आवाजाही बढ़ेगी। फिलहाल भारत के ज्यादातर बंदरगाहों पर बड़े जहाज बंदरगाह के प्लेटफॉर्म तक नहीं पहुंच पाते हैं। ये जलपोत गहरे समुद्री जल में ही चल पाते हैं, इसलिए उथले या कम गहराई वाले बंदरगाहों के प्लेटफॉर्म तक नहीं जा पाते। नतीजतन इन जहाजों को गहरे जल में ही खड़ा रखना पड़ता है। अतएव छोटे जहाजों में माल उतार व लादकर गंतव्य तक पहुंचने का अतिरिक्त श्रम करना होता है। इस प्रक्रिया में माल का खर्च बढ़ जाता है। एक देष से दूसरे देश जाने वाले मालवाहक पोत बहुत बढ़े होते हैं। इनकी ऊंचाई का एक बड़ा हिस्सा जो 50 से 100 फीट होता है, जल में ही समाया रहता है। इसलिए ये कम गहराई वाले बंदरगाहों के एकदम निकट नहीं पहुंच पाते। अंडमान-निकोबार द्वीप प्रशासन ने कुछ समय पहले ही महान निकोबार द्वीप की दक्षिणी खाड़ी में मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र विकसित करने के लिए कंटेनर पोतांतरण टर्मिनल के लिए प्रक्रिया आरंभ की है। इससे भारतीय पोत परिवहन को कोलांबो (लंका), सिंगापुर और मलेशिया के क्लांग बंदरगाह में पोतांतरण का नया विकल्प हासिल होगा। अंडमान-निकोबार का ढांचागत विकास हो जाने पर यहां मछलीपालन एक्वाकल्चर और सीवीड फॉर्मिंग का कारोबार बढ़ेगा। भारत के व्यापारी ही नहीं दुनिया के कई देश इस परिप्रेक्ष्य में व्यापार की बड़ी संभावनाएं देख रहे हैं। इस दृष्टि से पोर्टब्लेयर में एक पायलट परियोजना शुरू की गई थी, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। गुजरात के भावनगर स्थित 'केंद्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान' पिछले कई वर्शों से काम कर रहा है। भारत में लगभग 8,118 किमी समुद्र तटीय क्षेत्र है। इस पूरे क्षेत्र में मछलियों और समुद्री शैवाल व एल्गी का बड़ी मात्रा में प्राकृतिक रूप से उत्पादन होता है। प्रधानमंत्री 'मत्स्य संपदा योजना' के अंतर्गत 640 करोड़ रुपए इस संपदा को सुगम खाद्य पदार्थ में बदलने के लिए जा रहे हैं। अंडमान-निकोबार से लेकर समुद्र तटीय मछुआरों की हालत भी मैदानी क्षेत्रों में फैले गरीब व पराश्रित किसानों जैसी ही है। इन तटवर्ती क्षेत्रों में मछली पकड़कर आजीविका चलाने वाले मछुआरों की संख्या करीब आठ करोड़ है। बड़ी नदियों से मछली पकड़कर गुजारा करने वाले भी करीब तीन करोड़ मछुआरे हैं। गोया, तय है अंडमान-निकोबार क्षेत्र में तटवर्ती मछुआरों को इस क्षेत्र के विकास का सीधा लाभ मिलेगा। मछली और सीवीड का कारोबार बढ़ेगा, जिससे इस समुदाय की समृद्धि बढ़ेगी। महान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का निकोबार क्षेत्र आरक्षित जैवमंडल (बायोस्फीयर) क्षेत्र में आता है। इसे 2013 में विशेष जैवमंडल का दर्जा दिया गया था। भारत में कुल 18 जैवमंडल क्षेत्र हैं, उनमें से एक निकोबार जनजातीय (आदिवासी) आरक्षित वन-भूमि की श्रेणी में है। इस समुद्री क्षेत्र में विशेष प्रजाति के लैदरबैक कछुए, खारे पानी में रहने वाले मगरमच्छ, निकोबारी केकड़े खाने वाले मकाक और प्रवासी पक्षी शामिल हैं। जिनका इस बहुआयामी विकास परियोजना से प्रभावित होना तय है। निर्माणाधीन पोतांतरण टर्मिनल, ऊर्जा संयंत्र, हवाई अड्डा और आवासीय भवन भी बनाए जा रहे हैं। उत्तरी और मध्य अंडमान के बीच सड़क सुविधा को बेहतर बनाने के लिए दो बड़े पुल निर्माणाधीन हैं और यहां के राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस सभी परियोजनाओं के लिए जो भूमियां अधिसूचित की गई हैं, उन पर खड़े 8,52,000 पेड़ों को भी काटा जाना है।

इसके तहत सैन्य-नागरिक उपयोग के लिए आवागमन के श्रेष्ठ उपाय किए जा रहे हैं। यहां के अधिकतर विकास कार्य भी नौसेना के नियंत्रण में होने हैं। महान निकोबार द्वीप देष के सुदूर और दुर्गम क्षेत्र का दक्षिणी भाग है। यहां से बंगाल की खाड़ी, दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी एशियाई सागर क्षेत्र में भारत को सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण व उपयोगी नियंत्रण की सुविधा इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास के बाद हासिल हो जाने की उम्मीद है। दरअसल इसी दक्षिण सागर में चीन का जबरदस्त हस्तक्षेप है। चीन का प्रमुख व्यापार और साम्राज्यवादी दबदबा इसी मलक्का जलडमरूमध्य में सबसे ज्यादा है। लंका तो यहां से निकट है ही, इंडोनेशिया का सुमात्रा द्वीप भी बमुश्किल 90 किमी की दूरी पर है। यह स्थल मलक्का जलडमरू मध्य के पश्चिमी प्रवेश द्वार के करीब है। खाड़ी से तेल ले जाने वाले और पश्चिम में वस्तुओं का निर्यात करने वाले चीनी जहाज मलक्का जलडमरू मध्य से ही गुजरते हैं। निकोबार द्वीप पर सैन्य सामग्री व युद्धपोतों को रखने एवं बनाने के लिए डॉकयार्ड भी यहां बनाए जा सकते हैं। साफ है, जब युद्धपोत यहां खड़े किए जाएंगे तो मिसाइलें भी स्थापित करने के उपाय किए जाएंगे। इस परियोजना के माध्यम से यह उपाय भारत की सामरिक रणनीति का हिस्सा है। इसके संपन्न हो जाने के बाद भारत चीन को न केवल कड़ा संदेश दे सकेगा, बल्कि आंखें भी दिखा सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में चीन यदि लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की सीमा पर उत्पात मचाता है तो भारत मलक्का जलडमरू मध्य क्षेत्र में ईंट का जवाब पत्थर से देते हुए चीन की आर्थिक जीवन रेखा को अवरुद्ध करने की शक्ति प्राप्त कर लेगा। हाल ही में भारत ने वियतनाम और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ जिस 'लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट' को अंजाम दिया है, वह रणनीतिक व सामरिक सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में ही हैं। यह समझौता सैन्य, रसद और पेट्रोलियम सुविधाओं के आदान-प्रदान से संबंधित है। अतएव यह चीन के सैन्य विस्तार और आर्थिक प्रभाव को देखते हुए बहुत महत्वपूर्ण है। सिंगापुर, हांगकांग और दुबई ने पहले ही दिखा दिया है कि किस तरह द्वीपों और समुद्री तटों को विकसित करके सामरिक और व्यापारिक महत्ता को एक साथ बढ़ाया जा सकता है। भारत निकोबार में यही कर रहा है।

## अध्यात्म

### जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे।

जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था।

जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी?

मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था।

धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर?

मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले।

धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात?

भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था। जबकि तुम आराधना ज्यादा धन पाने के लिए करते थे। तुम मजदूरों से ज्यादा काम लेकर कम मजदूरी देते थे। तुम्हारे इन्हीं कामों के कारण तुम्हें मजदूर का नौकर बनाया गया है ताकि तुम भी एक नौकर के दुख-दर्द को समझ सको।

# तरक्की को मुंह चिढ़ा रहे हैं महिला अपराधों के आंकड़े

**भारत की चुनौती वैश्विक रुझानों के समान और उनसे भी बदतर है। कई देशों की तरह, भारत भी कम रिपोर्टिंग और कलंक से जूझ रहा है। लेकिन गहरी जड़ें जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रह और विशाल जनसंख्या घनत्व का मतलब है कि अघोषित अपराधों का एक छोटा सा प्रतिशत भी बहुत बड़ी संख्या में तब्दील हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों की तुलना इस बात पर जोर देती है कि समाधानों में हर देश की हिस्सेदारी है - अंतरराष्ट्रीय समझौतों को लागू करने से लेकर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तक। कानूनों और जागरूकता के मामले में भारत में हाल ही में हुए सुधार सकारात्मक हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अभी भी कई समकक्षों से पीछे है।**

**योगेंद्र योगी**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के वर्ष 2023 के महिला अपराधों के आंकड़े देश की तरक्की के आंकड़ों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। देश एक तरफ जहां रक्षा, विज्ञान-तकनीकी, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में जहां लगातार आगे बढ़ रहा है वहीं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के मामलों में शर्मसार हो रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में उससे पिछले दो सालों की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराध के ज्यादा मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा केस उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। उसके बाद महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में पूरे देश में ऐसे करीब 4.5 लाख मामले दर्ज किए गए।

वर्ष 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,48,211 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में 4,45,256 और 2021 में 4,28,278 मामले थे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 66,381 मामले दर्ज किए गए, उसके बाद महाराष्ट्र में 47,101, राजस्थान में 45,450, पश्चिम बंगाल में 34,691 और मध्यप्रदेश में 32,342 मामले दर्ज किए गए। तेलंगाना प्रति लाख महिला जनसंख्या पर 124.9 अपराध दर के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि इसके बाद राजस्थान 114.8, ओडिशा 112.4, हरियाणा 110.3 और केरल में 86.1 अपराध दर दर्ज की गई।

भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के मामले सबसे ज्यादा थे, जिनमें 133,676 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 19.7 रही। महिलाओं के अपहरण और बंधक बनाने के 88,605 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 13.1 रही। महिलाओं की गरिमा भंग करने के इरादे से हमला करने के 83,891 मामले आए जबकि बलात्कार के 29,670 मामले दर्ज किए गए। अठारह वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं से बलात्कार के 28,821 मामले आए और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों से बलात्कार के 849 मामले आए। बलात्कार के प्रयास के 2,796 मामले दर्ज किए गए।

यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बच्चों से बलात्कार के 40,046 मामले, यौन उत्पीड़न के 22,149 मामले, यौन प्रताड़ना के लिए 2,778 मामले, पोर्नोग्राफी के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने के 698 मामले और कानून के अन्य प्रावधानों के तहत 513 मामले दर्ज किए गए। पुलिस के निपटारा आंकड़ों से पता चला कि पिछले वर्षों से 185,961 मामले जांच के लिए लंबित थे, जबकि 4,48,211 नए मामले दर्ज किए गए और 987 स्थानांतरित किए गए। इस तरह कुल 635,159 मामले थे। एसिड अटैक के 113 मामले दर्ज किए गए।

साल 2012 में दिल्ली में निर्भया के बलात्कार और हत्या के बाद जमीन पर ज्यादा कुछ बदला



नहीं दिखता। कठोर कानून मौजूद हैं, पर वे कितने प्रभावी हैं? साल 2022 के लिए उपलब्ध आंकड़े दिखाते हैं कि 'महिलाओं के खिलाफ अपराध' के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किये गये, जो साल 2021 से चार फीसदी ज्यादा थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध का सबसे बड़ा हिस्सा 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' (31.4 फीसदी) के तहत दर्ज हुआ, जबकि सभी अपराधों में 'शील हनन की नीयत से महिलाओं पर हमले' का हिस्सा 18.7 फीसदी था, और 'बलात्कार' 7.1 फीसदी पर रहा। डब्ल्यूपीएस इंडेक्स (महिला शांति और सुरक्षा सूचकांक) की 2023 की रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग साल 2023 में 128वें स्थान पर रही। डेनमार्क, स्विट्जरलैंड और स्वीडन शीर्ष पर रहे, जबकि अफगानिस्तान, यमन और मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे निचले स्थान पर रहे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2022 में महिलाओं को निशाना बनाकर की जाने वाली राजनीतिक हिंसा के मामले में भारत शीर्ष 10 सबसे खराब देशों में शामिल है। मेक्सिको 537 ऐसी घटनाओं के साथ इस सूची में शीर्ष पर है, उसके बाद ब्राज़ील (327) का स्थान है, जबकि भारत इस सूची में 125 घटनाओं (प्रति 100,000 महिलाओं पर) के साथ सातवें स्थान पर है, जहाँ विशेष रूप से राजनीतिक हिंसा के लिए महिलाओं को निशाना बनाया जाता है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) में पाया गया कि 18-49 वर्ष की आयु की 29.3% महिलाओं ने अपने जीवनकाल में पति द्वारा हिंसा का अनुभव किया है। अगर अपराध दर्ज भी हो जाते हैं, तो न्याय धीमा हो सकता है; पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण अक्सर पीड़ितों को ही दोषी ठहराते हैं या उनकी गवाही को हतोत्साहित करते हैं। परिणामस्वरूप, कई मामले आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं होते। विशेषज्ञों का कहना है कि सांस्कृतिक शर्मिंदगी और प्रतिशोध का डर रिपोर्ट दर्ज कराने में बड़ी बाधाएँ हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों का कारण पितृसत्तात्मक सोच, सामाजिक रूढ़िवादिता, शिक्षा और जागरूकता की कमी, कानूनों का कम प्रभावी कार्यान्वयन और महिलाओं के प्रति समाज की घटती संवेदनशीलता जैसे सामाजिक-आर्थिक और संरचनात्मक कारक हैं।

भारत की चुनौती वैश्विक रुझानों के समान और उनसे भी बदतर है। कई देशों की तरह, भारत भी कम रिपोर्टिंग और कलंक से जूझ रहा है। लेकिन गहरी जड़ें जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रह और विशाल जनसंख्या घनत्व का मतलब है कि अघोषित अपराधों का एक छोटा सा प्रतिशत भी बहुत बड़ी संख्या में तब्दील हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों की तुलना इस बात पर ज़ोर देती है कि समाधानों में हर देश की हिस्सेदारी है - अंतरराष्ट्रीय समझौतों को लागू करने से लेकर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तक। कानूनों और जागरूकता के मामले में भारत में हाल ही में हुए सुधार सकारात्मक हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत अभी भी कई समकक्षों से पीछे है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। माता की सेहत की चिन्ता हो सकती है।

**वृषभ**
आपके सभी काम समय पर पूरे हो जायेंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। समाज में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

**मिथुन**
आपके भीतर निर्भीकता का भाव रहेगा। गलत खानपान के कारण सेहत खराब हो सकती है। व्यवसाय में गतिशीलता कम हो सकती है।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

**सिंह**
माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे। आप किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय ले सकते हैं। आपको पूर्व में किये गये कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या**
आपका दृष्टिकोण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूर्ण कर पायेंगे।

**तुला**
दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। घर में अकेलापन और बोरियत महसूस करेंगे। ठण्डे खाद्यपदार्थों से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें।

**वृश्चिक**
आज का दिन कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ की सम्भावनायें निर्मित करेगा। सन्तान के प्रति विश्वास बनाये रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा।

**धनु**
सरकारी कार्यों में आपको उत्तम लाभ मिलेगा। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**मकर**
परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नये व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

**कुंभ**
जिन लोगों पर आप आँख-मूँदकर भरोसा करते हैं, सम्भव है वही आपको धोखा दे दें। बदहजमी और गैस से बचने के लिये पौष्टिक भोजन का सेवन करें।

**मीन**
अपने मन की करें दूसरों से अधिक सलाह न लें। विद्वान् लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच सम्बन्ध मधुर होंगे। युवाओं को नये करियर के अवसर मिलेंगे।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में कर्मियों की हुई फील्ड टेस्टिंग

## पीआरओ एप के माध्यम से मतदान की होगी रिपोर्टिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर बुधवार को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अफिसर्स द्वारा पीआरओ एप्प का फिल्ड टेस्टिंग किया गया। निर्वाचन विभाग पटना के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों की स्थिति, मॉक पोल, मतदान प्रारंभ, मतदाता उपस्थिति, वोटर टर्न आउट रिपोर्टिंग इत्यादि को समय-सीमा में सुगमता से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किए गए पीआरओ एप के माध्यम से दर्ज करने के उद्देश्य से यह परीक्षण कराया गया। इस कार्यक्रम के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों में सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियों, सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों सहित सभी बीएलओ



**विधानसभा चुनाव**

के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर पीआरओ एप के माध्यम से फिल्ड टेस्टिंग, लोड टेस्टिंग एवं ड्रेस रिहल्सल की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह फील्ड टेस्टिंग निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण अभ्यास है, जिससे मतदान दिवस के दौरान रिपोर्टिंग कार्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न हो। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया कि इस कार्य में सतर्कता, समयपालन एवं सक्रियता के साथ भागीदारी सुनिश्चित करें। ताकि विधानसभा आम निर्वाचन को सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके।

### मतदाता जागरूकता रैली निकली

**नावकोठी।** वोट हमारा है अनमोल, नहीं लेगें इसका कोई मोल, छोड़कर सारे काम, पहले चलों करें मतदान, एक वोट से होता है जीत हार, वोट नहीं हो मेरा बेकार आदि स्लोगन से मतदाता जागरूकता भ्रमण मार्ग गूंज उठा। मौका था गंगा जीविका महिला ग्राम संगठन समसा ,अराधना जीविका ग्राम संगठन नावकोठी तथा पूजा जीविका महिला ग्राम संगठन पहसारा पश्चिम द्वारा आयोजित मेहदी प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रह्ण समारोह के तहत पोषक क्षेत्र के भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रेरित करने का। सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार ने कहा कि स्वच्छ मतदान के बदौलत ही स्वच्छ लोकतंत्र की स्थापना संभव है। मौके पर बीके रिंकू कुमारी,रंजू सीएनआरपी श्वेता कुमारी, मनीषा कुमारी, संगीता कुमारी, काजल कुमारी सहित कई जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया।

## मतदान केन्द्रों का किया गया भौतिक सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सेक्टर पदाधिकारी ने मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन किया। सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि इस प्रखंड में 141 चेरियाबरियारपुर के 21 मतदान केंद्र तथा 147 अजा बखरी विधानसभा के 73 मतदान केंद्रों पर 6 नवंबर को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस क्षेत्र को 9 सेक्टर में बांटकर सेक्टर पदाधिकारी की तैनाती की गई। सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने अधीनस्थ मतदान केंद्र का भ्रमण कर पेयजल, शौचालय, रैम्प, बिजली आदि सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। कमी पाये जाने वाले मतदान केंद्र पर इसे अविलंब पूरा कर लेने की बात कही।बखरी तथा चेरियाबरियारपुर विधानसभा में 30 सामान्य मतदान केंद्र, 14 संवेदनशील, 50 अतिसंवेदनशील केन्द्र है। मतदान केंद्र संख्या 137, 138, 139 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया। इस मतदान केंद्र पर मतदाताओं को बैठने, पेयजल, छाया आदि की व्यवस्था रहेगी। इन्हीं मतदान केंद्र को महिला मतदान केंद्र बनाया गया है। इन मतदान केंद्र पर सभी मतदान कर्मी भी महिला ही होगी। सिया लषण, 2 स्कूल समसा में अर्द्ध सैनिक बल के जवान आ चुके हैं। जबकि पहसारा तथा नावकोठी में भी अर्द्ध सैनिक बल के जवान के आवासन की व्यवस्था की गई है।

## मतदाता जागरूकता को ले निकाली गई साइकिल रैली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** समाहरणालय परिसर से निर्वाचन पदाधिकारी भोजपुर के निर्देशानुसार स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता को जागरूक करने के लिए बुधवार को साईकिल रैली का आयोजन किया गया। इस का मुख्य उद्देश्य बच्चों द्वारा अपने-अपने माता-पिता, रिश्तेदार, पड़ोसी से मतदान करने के लिए अनुरोध करेगे। साथ ही साथ नए युवा मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। उप विकास आयुक्त भोजपुर, द्वारा साईकिल रैली की हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस, स्वीप कोषांग के नोडल अधिकारी, हिना, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला समन्वयक, रंजय राजा, जिला युवा कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, अनु प्रिया, जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, मास्टर ट्रेनर के साथ विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर साईकिल रैली को सफ़ल बनाया।

## विधानसभा चुनाव को लेकर कोषांगो का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को सुचारू रूप से संचालन हेतु 142 बछवाड़ा विधानसभा अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी के नेतृत्व में 10 कोषांगों का गठन किया गया। गठित सभी कोषांग एक दूसरे के साथ एकवद्ध होकर समन्वय स्थापित रखते हुए चुनाव कार्यों का निष्पादन करेंगे। कार्मिक प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी विजय मालाकार को बनाया गया है, इनके साथ अन्य पदाधिकारी, लिपिक एवं अन्य कर्मी को संलग्न किया गया है। इस कोषांग से संबंद्ध लिपिक व अन्य कर्मी मनोज कुमार साह, नवीन कुमार, मोहम्मद नदीम अखतर, पियुष कुमार, शिवम् कुमार, रमेश कुमार झा, अमित कुमार, गोविन्द कुमार, अर्जुन मोची, शशि कुमार शर्मा, रविकांत कुमार, राजेश कुमार, राजेश कुमार राकेश, अमरकांत कुमार, राम विजय कुमार तथा राजू को नियुक्त किया गया है। इस कोषांग का कार्य स्थल प्रखंड कार्यालय भगवानपुर व आर के सी उच्च विद्यालय बरौनी होगा। पांचवां है वाहन प्रबंधन कोषांग, जिसका नोडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी रानू कुमार को बनाया गया है तथा सहायक पदाधिकारी प्रखंड कार्यालय के नाजिर अमरजीत कुमार को बनाया गया है। इस कोषांग से संबंद्ध लिपिक एवं सहायक कर्मी विकास कुमार रजक, आशीष कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार, सुजीत कुमार, शशि भूषण कुमार, विद्यासागर पासवान, राजीव कुमार राय, सुमित कुमार, दीपक कुमार तथा सुमन कुमार को नियुक्त किया गया है। सातवां है एएमएफ कोषांग जिसका नोडल पदाधिकारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अमित अक्षय मिश्रा को बनाया गया है। वहीं सहायक पदाधिकारी लेखापाल सह आइटी सहायक अरविन्द कुमार को बनाया गया है। दशमा तथा अंतिम है नियंत्रण कक्ष कोषांग, जिसका नोडल पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक जीविका रविप्रकाश को बनाया गया है। वहीं सहायक पदाधिकारी एल एस भगवानपुर नीतू कुमारी, रूबी कुमारी तथा श्रुति रिचा को बनाया गया है। वहीं इस कोषांग के सम्बद्ध लिपिक व सहायक कर्मी प्रियदर्शी कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार, पंकज कुमार पंडित,राम विजय कुमार, कुमारी निशा, पुनम कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार, प्रदीप कुमार तथा अक्षय कुमार को नियुक्त किया गया तथा कार्य स्थल प्रखंड कार्यालय ही होगा। उपरोक्त कोषांग का गठन सहायक निर्वाचन पदाधिकारी 142 बछवाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर के निर्देशन में किया गया है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर चला सघन जांच अभियान

### जब्त सामग्रियों की कीमत 2 करोड़ 11 लाख 84 हजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर गठित एफएसटी एवं एसएसटी के द्वारा सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में नियमित रूप से चेकिंग की जा रही है। जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3 एफएसटी एवं 3 एसएसटी टीमों का गठन किया गया है। साथ ही जिले की सीमाओं पर मल्टी एजेंसी चेकपोस्ट भी स्थापित किए गए हैं। इनमें चकिया एनटीपीसी के पास, बछवाड़ा प्रखंड के रसीदपुर थाना के पास,



साहेबपुर कमाल प्रखंड के हीरा टोल के पास, बखरी प्रखंड के साखो आरामील के पास तथा खोदावंदपुर प्रखंड के सागी के पास चेकपोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। चेकिंग अभियान के दौरान अब तक 1 करोड़ 9 हजार रुपये मूल्य के 12,026.7 लीटर शराब, 97 लाख 27 हजार रुपये मूल्य के ड्रग्स, 7 लाख 96 हजार रुपये नकद, 6 लाख 41 हजार रुपये मूल्य के बहुमूल्य धातु एवं 10 हजार रुपये अन्य स्रोत से जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्रियों का कुल मूल्य लगभग 2 करोड़ 11 लाख 84 हजार रुपये है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बेगूसराय जिले में सीआपीएफ की 33 कंपनी की भी तैनाती की गई है। जो लगातार जिले में फ्लैग मार्च कर रही है।

## जैन महाविद्यालय में युवा मतदाताओं के साथ किया गया संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जैन महाविद्यालय में निर्वाचन पदाधिकारी भोजपुर के निर्देशानुसार स्वीप कोषांग के द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एवं मतदाताओं में जागरूकता लाना और साथ ही साथ नए युवा मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करना था कि इस बार 6 नवंबर 2025 को पहले बार मतदान करने कुछ लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक, रंजय राजा, जिला युवा कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, अनु




प्रिया, जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, मास्टर ट्रेनर के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ गुलनवाज उस्मानी एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष प्रो डॉ तबस्सुम बानो की उपस्थिति में पूरी की गई। कैंपस अम्बेसडर खुशी कुमारी व विद्या निवास ने अच्छी तरीके से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी स्वयंसेवकों में राज, संदीप, खुशी, पायल, ज्योति, स्नेहा, छोटू, अरमान, पंकज आदि इन सभी लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग मामले में अलग-अलग गांवों से पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त मामले में थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना कांड संख्या 94/24 के वारंटी थाना क्षेत्र के टांरी जोकिया निवासी झड़ी महतो के पुत्र राजकुमार महतो तथा भगवानपुर थाना कांड संख्या 286/23 के वारंटी थाना क्षेत्र के संजात गांव निवासी राम रतन झा के पुत्र पंकज झा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## पीएचसी में गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी में बुधवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी ड राजीव रंजन चौधरी ने 15 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम, आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर सी एच ओ रविशंकर, सीएचओ जुली कुमारी, सुभानी कुमारी, एल टी पंकज जोशी, एएनएम विश्व भारती, शशि कला, रेणु, नंदन, दीपा आदि सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

### जिला मंत्री अमित देव गिरफ्तार

**बेगूसराय।** परिहारा थाना क्षेत्र निवासी एक राजनीति पार्टी के जिला मंत्री सह जिला परिषद अमित कुमार देव को पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा के समीप डीएसपी कुंदन कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, अमित देव के खिलाफ आठ वर्ष पूर्व परिहारा थाना क्षेत्र में अपने चाचा टुनटुन देव पर गोली चलाने के मामले में वारंट जारी था। बताया जा रहा है कि अमित देव ने हाल ही में बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। वे अपनी पार्टी से नाराज चल रहे थे। उन्होंने कुछ दिन पहले ही कहा था कि मैं कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए मैदान में हूं। गिरफ्तारी के बाद मीडिया से बात करते हुए अमित देव ने कहा यह मेरी राजनीतिक गिरफ्तारी है। मैं न्यायालय की रक्षा में हूं।

## एमएलसी चुनाव की मतदाता सूची की तैयारी शुरू

### पात्र शिक्षकों से की गई वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 005 दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची की तैयारी शुरू कर दी है। दरभंगा स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आयुक्त दरभंगा के द्वारा 30 सितंबर को पब्लिक नोटिस जारी कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पात्र स्नातक मतदाताओं एवं पात्र शिक्षकों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की अपील की गई है। निर्वाचक सूचियां अर्हता तिथि एक नवंबर के आधार पर तैयार होंगी। इसके लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी गतिविधियाँ समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी। सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वह निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन दर्ज कर स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचक सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रपत्र-18 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रपत्र-19 का उपयोग किया जाएगा। वहीं सभी आवेदन अनलाइन और अफलाइन दोनों माध्यम से किए जा सकेंगे। अफलाइन आवेदन अपने प्रखण्ड,अंचल कार्यालय में जमा कर सकते हैं । नाम जोड़ने हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि 6 नवंबर हैं।

### विद्यालयों में हाथ धुलाई दिवस पर कार्यक्रम

**भगवानपुर।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मेहदौली सहित अन्य सरकारी विद्यालयों में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस का आयोजन किया गया। सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में चेतना सत्र के दौरान विद्यार्थियों को हाथ धुलाई संबंधित शपथ दिलाई गई। उसके बाद शिक्षकों ने बच्चों को स्वच्छता एवं हाथ धोने का तरीका बताया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि यदि हम नियमित रूप से हाथ धुलाई,शारीरिक साफ सफाई करते हैं तो हम कई मौसमी बीमारियों से अपना बचाव कर सकते हैं। उक्त अवसर पर एचएम अशोक कुमार सिंह, रईस, रहमानी बीएड कलेज के प्राध्यापक जितेंद्र कुमार मौर्य, शिक्षक सुमन कुमार, अजनीश कुमार, पूनम कुमारी, श्वेता कुमारी, नितेश कुमार, अनिल कुमार, जय प्रकाश, मीरा, ऋतु, अमर शंकर, अदिति, प्रिया सहित बच्चे उपस्थित थे।

## दीप यज्ञ में कई श्रद्धालु हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सिसौनी भगवती स्थान में शक्ति कलश परिभ्रमण टोली के द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु नर, नारियों ने हिस्सा लिया। टोली नायक श्रवण कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्री राम शर्मा आचार्य ने मानव में देवत्व का उदय तथा धरती पर स्वर्ग का अवतरण का उद्घोष किया। इसका मूर्तरूप अब परिलक्षित होने लगा है। उन्होंने मानव के अंदर कसाय, कल्मष को दूर करने के साधना, अराधना, उपासना को अपने जीवन में उतारने के लिए निवेदन किया। आज मानव के मनो मस्तिष्क पर दुर्बुद्धि ने अपना सम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिससे मानव अपनी मानवीय गरिमा को विसरा कर अकिंचन कार्य कर रहा है। इससे सदबुद्धि के द्वारा ही मुक्ति मिल सकती है। इसके लिए सदबुद्धि की देवी गायत्री के शरण में जाने की जरूरत है। इसके लिए नियमित साधना, अराधना, उपासना करने पर बल दिया। उन्होंने 4 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक मटिहानी केएल हाईस्कूल के समीप होने वाले 251 कुडीय शक्ति संवर्धन गायत्री यज्ञ तथा संस्कार महोत्सव में अधिकाधिक श्रद्धालुओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर शक्ति कलश रथ के साथ परिभ्रमण करने वाले परिव्राजक मनीष कुमार, आलोक कुमार, सच्चिदानंद, जयशंकर कात्यायन, महेन्द्र सहित पुरुषोत्तम जायसवाल, उमेश सत्यार्थी, दया नंद चौधरी, राधा कांत महतो सहित कई गायत्री परिजनों ने भाग लिया।

### पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** मसौढी थाना क्षेत्र बैरमचक गांव से हत्या का प्रयास एवं आर्म्स मामले में फरार चल रहे पटना जिला का वांछित अपराधी राहुल पासवान पिता गनौरी पासवान को बैरमचक गांव से बिहार एसटीएफ पुलिस ने गिरफ्तार कर मसौढी पुलिस को सौंप दी है। दरअसल बताया जाता है की 13.3.2025 को रात में बैरमक गांव के रुक्मिणी देवी पति राजकुमार निराला के साथ में धारदार हथियार से मारपीट का जख्मी कर दिया था जिसमें दो उंगली कट गई थी इसे बचाने आए उसके पति, भसुर सबको मारकर जख्मी कर दिया था इस पूरे मामले में 10 लोगों पर प्राथमिकी के दर्ज की गई थी इसी पूरे मामले में वह फरार चल रहा है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अनुमंडल पदाधिकारी ने दिलाई शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत मंगलवार को जगदीशपुर में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार, ने प्रखंड परियोजना प्रबंधक जगदीशपुर, क्लस्टर मैनेजर सामुदायिक शिक्षण सहायक और जीविका दीदियों को मतदान करने और दूसरों को मतदान हेतु प्रेरित करने के संबंध में शपथ दिलाई।

अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि वे

**विधानसभा चुनाव 2025**

ल्पहले मतदान, फिर जलपान के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं और आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब हर नागरिक अपने मत का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ करे और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करे।

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रांतिकुमार क्रांति कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पीरो, जीविका टीम के सदस्य और अन्य सरकारी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे और चुनाव में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नौला पिकेट प्रभारी अकरम खा ने 30 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया एवं लगभग 1500 लीटर अर्द्धनिर्मित देसी शराब को विनष्ट किया। इस संबंध में पिकेट प्रभारी अकरम खा ने बताया कि नौला गांव के वार्ड नंबर 21 निवासी विजो चौधरी के पुत्र संजय पासी के द्वारा अपने ही घर में देसी शराब बनाने का कारोबार चल रहा था जिसे देर रात्रि छापेमारी कर संजय पासी को 30 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया एवं उक्त आरोपी के घर के पीछे जंगल में रखे लगभग 1500 लीटर अर्ध निर्मित देसी शराब को विनष्ट किया गया।

## इंडिया गठबंधन के बैनर तले माले प्रत्याशी ने किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नामांकन प्रक्रिया के तहत मंगलवार को आरा विधानसभा क्षेत्र (संख्या 194) से भाकपा-माले की ओर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने उत्साह माहौल में अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन के समय उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक, कार्यकर्ता और महागठबंधन के स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैंड-बाजे, लाल व हरे झंडे और नारों के बीच निकले नामांकन जुलूस ने पूरे आरा शहर को चुनावी रंग में रंग दिया। नामांकन से पहले पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि वे इंडिया गठबंधन की ओर से चुनाव मैदान में हैं और उनका उद्देश्य आरा का संपूर्ण विकास करना है। उन्होंने कहा कि आरा में चार-चार इंजन की सरकार है केंद्र में भाजपा की, राज्य में भाजपा की, नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर भी भाजपा के हैं। इसके बावजूद शहर की हालत बदतर है। 25 साल से भाजपा के विधायक रहे हैं, लेकिन आरा की गलियों में आज भी गंदगी, बजबजाती नालियां और टूटी सड़कें जनता की परेशानी बढ़ा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि आरा में शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है, सरकारी स्कूलों की हालत दयनीय है, और युवाओं को रोजगार के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है। गरीबों, किसानों और मजदूरों की आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। अब जनता बदलाव का मन बना चुकी है और माले-इंडिया गठबंधन को ऐतिहासिक जीत दिलाएगी।

नामांकन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई हटाओ, रोजगार लाओ, भ्रष्टाचार मिटाओ, वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की भारी भागीदारी रही। मौके पर भाकपा-माले के राज्य सचिव कुणाल, आरा सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक शिव प्रकाश रंजन, स्वदेश भट्टाचार्य, दिलराज प्रीतम, राजु यादव, पंकज कुशवाहा, भीम यादव, मुनीर आलम, रौशन कुशवाहा, निरंजन केसरी, कमलेश यादव समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रबी फसल के बीज लेने के लिए किसान कर सकते है.बी आर बी एन पोर्टल पर आवेदन

**बनकटवा (पूर्वी चम्पार) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रबी फसल बीज के लिए इक्षुक किसानों के लिए मटर, राइ, तोरी, स्वीटकर्ण बेबीकर्ण, गेहूं बीज लेने के लिए बी आर बी एन पोर्टर पर ऑनलाइन आवेदन करेंगे इसके अलावे अनुदानीत कृषि यन्त्रिकरण हेतु आवेदन जारी है वह तीस अक्टूबर तक ऑफ मास पोर्टर पर इक्षुक किसान आवेदन करेंगे इसके अलावे जिनके पास स्वयं की नाम से जमाबंदी है. वैसे किसान इ केवाईसी किसान सलाहाकार कृषि समन्वयक द्वारा किया जा रहा है, इक्षुक किसान समय रहते इ केवासी जरूर करावे अन्यथा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की राशि बंद हो सकती है. जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकुमार पासवान ने दी।

### चुनावी व्यवस्थाओं को पारदर्शी व सरल बनाने की दिशा में एक और कदम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत सभी उम्मीदवारों अथवा उनके प्रतिनिधियों को चुनाव प्रचार-प्रसार में विभिन्न अनुमतियों की प्राप्ति में सुविधा हेतु विभिन्न स्तरों पर एकल खिड़की कोषांग की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में आज जिलास्तरीय एकल खिड़की की व्यवस्था जो लाहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यालय में संचालित है, का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया।एकल खिड़की व्यवस्था (कोषांग) में सभी राजनैतिक उम्मीदवारों को उनके चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रैलीचुनाव कार्यालय हेलीकॉप्टर आदि की अनुमति उक्त कोषांग के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर दी जायेगी।इस मौके पर सुमित कुमार, उप विकास आयुक्त, राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, अरूण प्रकाश, निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, सौरभ आलोक, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, नगमा तबस्सुम, वरीय उप समाहर्ता, राकेश कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर बेतिया में जिला स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

**70 लाइसेंसी हथियार होंगे जमा**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला दण्डाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आसन्न बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, डॉ0 शौर्य सुमन एवं पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज उपस्थित रहे। बैठक में उन शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया जिनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित है, अथवा जिनके विरुद्ध आसन्न चुनाव की दृष्टि से या लोकशांति भंग होने की संभावना के आधार पर कोई कानूनी निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि लोकशांति की दृष्टि से जिले में 70 अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों को निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक संबंधित थाने में 22 अक्टूबर तक सुरक्षार्थ जमा कराया जाए।

### ईवीएम, वीवी-पैट विखंडीकरण का कार्य प्रारंभ?

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के अंतर्गत जिले में ईवीएम वीवी-पैट मशीनों के विधानसभा सभावार विखंडीकरण का कार्य आज दिनांक 14 अक्टूबर 2025 से ईवीएम वीवी-पैट वेयरहाउस में शुरू कर दिया गया है।नोडल पदाधिकारी, ईवीएम वीवी-पैट कोषांग, अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य विधानसभा क्षेत्रों में उनके सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करना है। हर मशीन का तकनीकी परीक्षण किया जा रहा है, साथ ही उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा प्रणाली की भी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मशीनों के विखंडीकरण कार्य में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या से बचा जा सके। विधानसभा सभावार कार्य की निगरानी वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारियों द्वारा की जा रही है और मशीनों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा रहा है।

### दो पीएसएस में छह घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर ग्रिड में मरमती को लेकर गुरुवार को विद्युत अवर आपूर्ति प्रमंडल नरकटियागंज क्षेत्र के साठी और मुशहरवा पॉवर सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में गुरूवार को छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब आधा दर्जन से अधिक पंचायत में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए विधुत विभाग के सहायक अभियंता सूचित कुमार ने बताया कि रामनगर ग्रीड में मरम्मती कार्य को लेकर 15 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक साठी और मुशहरवा पीएसएस की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। वही साठी जेई राहुल कुमार ने बताया कि दोनों पीएसएस बन्द होने से परोराहा, सेमरी,साठी, भभटा, भेड़िहारवा, बरवा बरौली, राजपुर तुमकड़िया पंचायत के अलावे जयमंगलापुर और रोआरी गांव के कुछ भाग में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। जेई ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि समय रहते विद्युत संबंधित आवश्यक दैनिक कार्य कर लें। ताकि उपभोक्ताओं को अधिक परेशानी नहीं हो।

### नरकटियागंज व सिकटा में तीसरे दिन भी शून्य रहा नामांकन

**नरकटियागंज में अबतक तीन और सिकटा में छह एनआर कटा**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन के तीसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है। दोनों विधानसभा में तीसरे दिन भी नामांकन शून्य रहा। बुधवार को नामांकन के तीसरे दिन 03 नरकटियागंज विधानसभा और 09 सिकटा विधानसभा के प्रत्याशियो के नामांकन के लिए अधिकारी इंतजार करते रहे लेकिन किसी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नही किया। हालांकि दोनों विधानसभाओं के लिए अब तक कुल करीब नौ एनआर कटाए गए हैं। 03 नरकटियागंज विधानसभा के आरओ सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता और सिकटा के आरओ सह डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन ने संयुक्त रूप से बताया कि तीसरे दिन भी नामांकन शून्य रहा है। इधर नरकटियागंज के लिए अब तक तीन एनआर तथा सिकटा के लिए कुल छह एनआर कटाए गए हैं। बता दे कि दोनों विधानसभा मे अबतक कुल नौ एनआर कटाए गए है।

### दलित टोला में जीविका दीदियों ने ली मतदान की शपथ, मतदाता जागरूकता अभियान में दिखा उत्साह

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के दलित टोला में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जीविका से जुड़ी दर्जनों दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।अभियान के दौरान दीदियों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें यह शपथ दिलाई गई कि वे न सिर्फ स्वयं मतदान करेंगी, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी प्रेरित करेंगी।आपका वोट,आपका अधिकार जैसे नारों के माध्यम से महिलाओं को यह समझाया गया । हर एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाता है । इस अवसर पर जीविका के क्लस्टर कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि जागरूक मतदाता ही अच्छे नेतृत्व का चयन कर सकते हैं। उन्होंने मतदान प्रक्रिया की जानकारी भी विस्तार से दी, ताकि कोई भी भ्रम या भय मतदान में बाधा न बने। इस संबंध में बीपीएम अंशिका आर्य ने बताया कि सभी दीदियों ने एकमत होकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया और लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई।



### केबल चोरी के आरोप में रक्सौल में चार चोर गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल आरपीएफ की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे कोचों से कौपर वायर चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है और चार चोरों को पकड़ा है। पूरी कार्रवाई को आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व मे अंजाम दिया गया। गश्ती के दौरान रेलवे यार्ड में लक्ष्मण यादव ( नेपाल) और बिट्टू कुमार सिंह ( सीतामढ़ी) को चोरी के कॉपर वायर के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे चोरी का कॉपर वायर सीतामढ़ी के कबाड़ दुकानों में बेचते हैं। इसकी बिनाह पर सीतामढ़ी में आरपीएफ की टीम ने दो कबाड़ के दुकानों पर छापेमारी कर विजय कुमार और दिलीप कुमार को गिरफ्तार किया और उनकी दुकानों पर से जले हुए हालत में बारह किलो कॉपर वायर को जप्त कर लिया।




# एकमा में प्रशिक्षणार्थियों ने छठ महापर्व की झांकी प्रस्तुत की







**प्रशिक्षुओं की प्रस्तुति ने वातावरण को किया भक्तिमय, भक्ति गीतों से गूंजा परिसर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

एकमा (सारण)। रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के परिसर में छठ महापर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा छठ महापर्व की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, प्राचार्य डॉ सत्यप्रकाश दास, शिक्षकगण के अलावा शिक्षकेत्तर कर्मचारी नागेंद्र कुमार सिंह, अनूप कुमार आदि श्रद्धा व भक्ति के भाव में लीन नजर आए। पूरे परिसर में छठी मैया के पारंपरिक गीतों की गूंज के साथ वातावरण एक अद्भुत उत्साह व पवित्रता में डूब गया। प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत झांकी में छठ घाटों का सुंदर चित्रण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की आस्था, सूर्य उपासना और अर्घ्य देने की झलक ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, लोक संस्कृति व प्रकृति के सम्मान का एक अनूठा उदाहरण है। यह पर्व समाज में पर्यावरण संतुलन, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और कॉलेज परिसर छठी मईया के जयघोष से गूंज उठा।

## प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मॉक पोल ट्रेनिंग आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग , मोतिहारी के द्वारा प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित पीठासीन अधिकारी, मतदान पदाधिकारी प्रथम के लिए मॉक पोल ट्रेनिंग हेतु सी एस डी ए भी पब्लिक स्कूल बनकट, मोतिहारी के कैंपस में आयोजित किया गया। जिसमें मतदान दल के कर्मियों का 100-100 मॉक पोल कराया गया, भी भी पैट से पर्ची का मिलान कराया गया । साथ ही निर्वाचन के विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराते हुए उन्हें आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 हेतु पूर्ण रूपेण तैयार करने के लिए जिले के कुशल एवं योग्य मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से इस प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। जिसमें मतदान दल कर्मियों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया ,मतदान से जुड़ी हुई बारीकियां की जानकारी दी गई तथा उनके प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण एवं प्रभावशाली हो इसके लिए जिले के प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता श्री शैलेंद्र भारती एवं नोडल पदाधिकारी राम जन्म पासवान जिला पंचायती राज पदाधिकारी के साथ-साथ प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग के नोडल अधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी मौजूद रहे।

## चाकू से जानलेवा हमला,प्राथमिकी दर्ज

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सोबैया बेलघटीया टोला निवासी 17 वर्षीय शत्रुधन कुमार पर बुधवार को चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर घायल के भाई सोबैया गांव निवासी चंदन कुमार ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है।थाना में दिए आवेदन में बताया है कि उसका भाई हसनपुर बाजार से सामान लेकर लौट रहा हैथा तभी रास्ते में घात लगाए बैठे सत्यम कुमार, शिवनाथ राय, अच्छेलाल यादव, नंद किशोर यादव व उनके साथियों ने उसे घेर लिया और उसपर चाकू से हमला कर दिया। सत्यम कुमार ने पेट में तथा अच्छेलाल यादव ने पीठ पर दो बार चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया।

## प्रमोद कुमार सिन्हा को हराने की पुरजोर कोशिश करेंगे इंजीनियर जितेंद्र

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिन्हा के नाम आने के बाद एक युवा नेता इंजिनियर जितेंद्र कुमार कुशवाहा विवादों के घेरे में है प्रदेश की राजनीति करने के कारण इनका नाम सुर्खियों में था, इन्होंने अपने परिश्रम व दायित्व के कारण पिछले वर्ष भी टिकट मिलने की संभावना जताई गई थी,लेकिन कुछ राजनीतिक अड़चनों ने बाधा डाल प्रमोद कुमार सिन्हा को भाजपा ने टिकट दे डाली,आज स्थिति यह है कि विधानसभा क्षेत्र में प्रमोद कुमार सिन्हा के नाम पर वोटों की कतौटी होगी, विकास के नाम के ढिंढोरा पीटने वाले भाजपा नेताओं की मंसूबा पर पानी फिर सकती है सही पुछा जाए तो अनेकों कार्यकर्ता भाजपा छोड़ अन्यत्र चलें गये ,और कुछ इंजिनियर जितेंद्र कुमार कुशवाहा के साथ है जो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की पुरजोर कोशिश जारी है कभी प्रमोद कुमार सिन्हा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले आज बागी बनकर सबक सिखाने की बात कर रहे हैं जो विधायक के सगे संबंधी भी है कुशवाहा के चुनाव लड़ने से वोट बैंक में सेंध मारी होने की संभावना है उन्होंने पत्रकारों से बताया कि युवाओं का रूख मेरे तरफ है भाजपा द्वारा कराए गए सर्वे में सबसे पहले मेरा स्थान है मेरे द्वारा किए गए मेहनत को नजरंदाज किया गया चुनाव लड़ने की घोषणा से प्रतिद्वंद्वीयो की हालत खराब होगी,इस खबर से रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है।



## दिव्यांगजनों ने रैली निकाल दिया मतदान का संदेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला स्वीप कोषांग, द्वारा दिव्यांगजनों की रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरा झंडा दिखाकर एडीएम अनिल कुमार सिन्हा एवं नगमा तबस्सुम ने रवाना किया। विकलांग जनों की इस रैली को कलेक्ट्रेट से रेड क्रॉस सोसाइटी तक जाकर सभी विकलांग जनों ने आम जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया ताकि सभी पश्चिम चम्पारण के मतदाता 11 नवंबर को बढ़-चढ़कर मतदान करें। श्रीमती तबस्सुम, ने कहा कि जिले में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान करें, इसके लिए लगातार जिला स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। साथ ही दिव्यांगजनों की रैली में सभी को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गयी स्वीप की सदस्या मेरी एडलीन ने रैली की अगुवाई करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी तक सभी जनमानस से नारा लगवाया और लोगो से अपील किया कि सभी मतदाता 11 नवंबर को मतदान अवश्य करें।

## एमआईटी मुजफ्फरपुर की सहायक प्रोफेसर डॉ. कुमारी शैल बाला को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**मांझी प्रखंड के एकडेंगवा की पुत्रवधू को मिला 'द बेस्ट टीचर अवार्ड'**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/मांझी (सारण)।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने एमआईटी मुजफ्फरपुर में पदस्थापित सहायक प्रोफेसर डॉ. कुमारी शैल बाला को 'द बेस्ट टीचर अवार्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें एमआईटी मुजफ्फरपुर के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. शैल बाला सारण जिले के मांझी प्रखंड स्थित एकडेंगवा गांव निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी रुदल सिंह की पुत्रवधू एवं दिल्ली विश्वविद्यालय में पदस्थापित प्रो. (डॉ.) सुनील सिंह की पत्नी हैं। उनके इस सम्मान से परिवार एवं क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर है। उन्हें इस सम्मान प्राप्ति पर जदयू नेता जितेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, विनोद सिंह, समाजसेवी योगेंद्र शर्मा, मोती चंद प्रसाद, शिक्षक डॉ. शशि भूषण शाही, कमल कुमार सिंह, जितेंद्र पांडेय, डॉ. कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, योगेश कुमार सिंह, दिग्विजय कुमार गुप्ता, आईएएस अधिकारी राजकुमार, डॉ. अनुज सिंह, हर्षिता माथुर तथा यूपी के सपा युवा नेता नीरज यादव, शिक्षाविद प्रो कुमार अजीत सिंह, समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, डॉ दिलीप कुमार प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उधर स्थानीय लोगों ने कहा है कि डॉ. शैल बाला की यह उपलब्धि सारण जिले के लिए गौरव का विषय है और यह क्षेत्र की शिक्षिकाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।




## रक्सौल में इंडो- नेपाल बार्डर कोर्डिनेशन कमेटी की उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर सीमा पार की चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग एवं समन्वय के उद्देश्य से इन्टीग्रेटेड चेकपोस्ट रक्सौल के हॉल मे इंडो- नेपाल वार्डर कॉर्डिनेशन कमिटि की उच्च- स्तरीय बैठक का अयोजन किया गया। इस बैठक नेपाली सीमावर्ती जिले के शिष्टमण्डल, पुलिस उप महानिरीक्षक चंपारण रेंज, पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिम चम्पारण डीएम-एसपी तथा बगहा के एसपी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी गण का सर्वप्रथम जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा स्वागत किया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान भारत नेपाल सीमा को सुदृढ़ बनाने, सीमा क्षेत्र पर बिहार में लागू शराब बंदी के नियमों का अनुपालन कराने, सीमा क्षेत्र के आसपास के इलाकों में विधि व्यवस्था दोनों तरफ से पूर्ण रूप से चौकस रखने, आसू -चनाओं का आदान-प्रदान करने, केमिकल ड्रग्स, क्रिमिनल एक्टिविटी, स्मगलिंग एवं अवैध सामग्रियों के आवाजाही को प्रतिबंधित करने पर दोनों तरफ से सहमति जताई गई। भारत नेपाल की खुली सीमा को देखते हुए सभी संवेदनशील रास्तों पर कड़ी नजर रखने को लेकर दोनों देशों के पुलिस अधिकारियों को इस पर लगातार नजर बनाए रखने, सीमा पर शांति सुरक्षा एवं घुसपैठ पर रोक लगाने, जाली करंसी, अवैध असलहा पर कड़ाई से रोक लगाने आदि विषयों पर आधिकारिक रूप से चर्चा की गई। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा पर एसएसबी तथा पुलिस के साथ-साथ नेपाल पुलिस की संयुक्त रूप से गश्ती बढ़ाने पर जोर दिया गया। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर दोनों देश के बॉर्डर पर सघन चौकसी बरतने पर सहमति तथा सामंजस्य के साथ-साथ पहल करने का निर्णय लिया गया। इस प्रकार दोनों देशों के बीच आज की बैठक सभी मुद्दों पर आम सहमति के साथ सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक के दौरान नेपाल की तरफ से सीडीओ परसा एवं बारा जिला, पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा बगहा के पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।




## दूसरे दिन एक निर्दलीय ने नौतन से किया नामांकन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण की चुनावी प्रक्रिया के दौरान नामांकन दाखिला करने के तीसरे दिन बुधवार को केवल एक मात्र नौतन विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नामांकन का पचार्दाख्लि किया। जबकि जिला मुख्यालय में लौरिया, वाल्मीकिनगर, चनपटिया एवं बेतिया में तीसरे दिन भी एक भी नामांकन नही दर्ज हो सका। हालाकि चनपटिया से अभी तक चार लोगो ने नामजदगी का पर्चा खरीदा है। वहीं बेतिया से वाल्मीकिनगर से चार, नौतन से सात एवं लौरिया से दो लोगो ने नामांकन का पर्चा खरीदा । निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों के अनुसार बुधवार को नौतन विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में विपिन बिहारी पांडेय ने निवार्ची पदाधिकारी सह बेतिया के भूमि सुधार उप समाहर्ता शिवम गुप्ता के समक्ष अपना नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। उधर चनपटिया से अबतक चार लोगो ने नामजदगी का पर्चा खरीदा है। जिसमें अभिषेक रंजन, उमाकांत सिंह, प्रकाश राय एवं मनीष कश्यप का नाम शामिल है। वहीं बेतिया से अबतक छह लोगो ने नामजदगी का पर्चा खरीदा है। जिसमें कृष्ण कुमार, रविन्द्र कुमार रवि, रण कौशल प्रताप सिंह, रेणु देवी, सतीश कुमार, एवं संजय कुमार मिश्र शामिल है।वहीं लौरिया से संतोष कुमार एवं नरेश साह ने नामजदगीका पर्चा खरीदा है। वहीं नौतन से अबतक नारायण प्रसाद, विनोद कुमार कुशवाहा, संजय कुमार ने नामजदगी का पर्चाखरीदा है।

## एसएसबी जवान अभिषेक का शव पहुंचा गांव, पसरा मातम परिजनों में कोहराम

**पत्नी बेहोश, पिता ने लगाए हत्या के आरोप**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी जवान अभिषेक का शव बुधवार को जैसे ही उनके पैतृक गांव गैरा पहुंचा पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। परिजनों में कोहराम मच गया।पत्नी शव देखते ही बेहोश हो गई। वह बार-बार यही कहती रही हे भगवान, अब हम किसके सहारे जिएंगे।शव को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घर में कोहराम मच गया।जवान के पिता हरिशंकर झा ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की मौत दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। उन्होंने बताया कि अभिषेक की पोस्टिंग सिक्किम के 69 बटालियन में थी। और जिन जवानों के साथ वह ड्यूटी पर था, उन्हीं में से एक पर हत्या का शक है।उनका दावा है कि जिस जवान पर शक है, उसी ने पोस्टमार्टम करवाने में भी भूमिका निभाई और अब तक उसका मोबाइल फोन भी नहीं मिला है।परिजनों ने बटालियन के फोटो, स्कूटी की तस्वीरें और अन्य सबूत एसएसबी के हेड क्वार्टर को सौंपे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने एसपी और डीएम को बुलाने की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया और कहा कि दोषी जवान को सजा दिलाने तक वे शांत नहीं बैठेंगे. परिजनों और स्थानीय लोग भी जांच की मांग को लेकर मौके पर डटे रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सर्किल इंस्पेक्टर खालिद अहमद, एफएसटी के सरफराज खान और थानाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार विक्की मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया. अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हो सकी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।प्रशासन ने परिजनों को न्याय दिलाने की बात कही है। लेकिन सवाल अब भी कायम है एक देशभक्त जवान की मौत के कारणों का सच कब सामने आएगा।



## महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में कार्यशाला संपन्न

**स्वास्थ्य एवं कल्याण' विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम**

**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सहयोग से 'नृविज्ञान पद्धतियाः स्वास्थ्य एवं कल्याण' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 14 -15 अक्टूबर 2025 को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों एवं शोधार्थियों को स्वास्थ्य और कल्याण के सामाजिक सांस्कृतिक आयामों पर विचार-विमर्श के लिए एक साझा मंच प्रदान करना था। कार्यशाला के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ शोधार्थी निखिल पांडेय के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीव्र सामाजिक परिवर्तन के इस दौर में नृविज्ञान के माध्यम से कल्याण को समझना शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सामाजिक वास्तविकताओं से जोड़ने में सहायक है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. टॉम मार्शल (क्वीन्स यूनिवर्सिटी, बेलफास्ट, यूनाइटेड किंगडम) रहे। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव (ऑनलाइन माध्यम से), चीफ प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह, तथा समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुजीत कुमार चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक मधुबनी कला से सजे स्मृति-चिह्न और अंगवस्त्र से किया गया। अपने स्वागत संबोधन में प्रो. सुजीत कुमार चौधरी, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष, ने कहा, सच्चा स्वास्थ्य मन से प्रारंभ होता है। शारीरिक सीमाओं के बावजूद आगे बढ़ने की क्षमता ही मानसिक दृढ़ता का परिचायक है। प्रो. प्रसून दत्त सिंह, मुख्य कुलानुशासक, ने भारतीय दार्शनिक परंपरा में समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा, हमारी परंपराओं में शरीर, मन और आत्मा के कल्याण को कभी अलग नहीं देखा गया; यही संतुलित जीवन का आधार है। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने वर्चुअल संदेश में आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन केवल अकादमिक अभ्यास नहीं, बल्कि उपचार, संवाद और मानवीय समझ के लिए आवश्यक मंच हैं। उन्होंने कहा, भौतिकतावादी दुनिया में कल्याण को सामूहिक मूल्य के रूप में पुनः स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ऐसे कार्यक्रम यूजीसी और शिक्षा मंत्रालय की मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पहल के अनुरूप हैं। पहले दिन डॉ. टॉम मार्शल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि महामारी के दौरान छात्रों के स्थानिक और सामाजिक परिवेश में आए बदलावों ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, कल्याण कोई स्थायी अवस्था नहीं, बल्कि समय, स्थान और समुदाय से निरंतर विकसित होती अनुभूति है। उन्होंने अपने शोध में क्रिटिकल मेडिकल एंथ्रोपोलॉजी, सामाजिक निर्माणवाद, स्ट्रक्चरल वायलेंस और बायोपॉलिटिक्स जैसे सिद्धांतों का उपयोग कर पारंपरिक जैव-चिकित्सीय दृष्टिकोण को चुनौती दी। दूसरे दिन प्रतिभागियों ने एथ्नोग्राफिक पद्धतियों पर व्यावहारिक अभ्यास किया। डॉ. मार्शल ने छात्रों को अपने परिवेश में चलते हुए अपनी इंद्रियगत और भावनात्मक अनुभूतियों को दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, कल्याण को शब्दों में व्यक्त करना भीतर और बाहर की दुनिया को जोड़ने का प्रयास है- यह जागरूकता की नृविज्ञान है। छात्रों ने समूहों में चित्र, लघु लेखन और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला के समापन सत्र में समन्वयक डॉ. स्वेता ने प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा, नृविज्ञान हमें सिखाता है कि स्वास्थ्य केवल चिकित्सीय श्रेणी नहीं, बल्कि जीवन का अनुभव है। अवलोकन को सहानुभूति में बदलना ही इसका मूल उद्देश्य है। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. स्वेता ने कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव, चीफ प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह, और अधिष्ठाता प्रो. सुजीत कुमार चौधरी सहित सहयोगी शिक्षकों -डॉ. अनुपम वर्मा, डॉ. उपमेश तलवार, डॉ. पंकज कुमार सिंह, डॉ. कैलाश प्रधान, डॉ. अल्पिका त्रिपाठी, डॉ. मनीषा रानी, डॉ. पैथलोथ ओंकार, डॉ. मुस्कान पांडेय, डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. उमेश पात्रा, डॉ. चंदोबा नरसिंग बालांडे का आभार व्यक्त किया। साथ ही छात्र टीम- निखिल पांडेय, अमित विक्रम, शांति, स्मिता, अशोक, तथा फोटोग्राफी सहयोग हेतु रोहित कुमार और निखिल विनय - को विशेष धन्यवाद दिया।



# व्यय प्रेक्षक गार्गी उमराव ने किया निर्वाचन कोषांगों का निरीक्षण

## मीडिया और वीडियो निगरानी टीमों को दिए दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल और पारदर्शी संचालन के लिए व्यय प्रेक्षक सुश्री गार्गी उमराव ने बुधवार को जहानाबाद जिले में मीडिया विडियो, अवलोकन टीम एवं वीडियो निगरानी टीम कोषांगों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन खर्चों की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत मीडिया कोषांग से की गई, जहां प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों से टीवी प्रसारण की मॉनिटरिंग प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किस प्रकार पेड न्यूज और फेक न्यूज की पहचान की जाएगी और अखबारों में प्रकाशित प्रचार सामग्री को किस आधार पर पेड न्यूज के दायरे में शामिल किया जाएगा। प्रेक्षक ने मीडिया कोषांग के कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रचार सामग्री का मूल्यांकन निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन और डीएवीपी दरों के अनुसार करें और व्यय कोषांग को नियमित रूप से रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, ताकि शैडो रजिस्टर में व्यय का सही-सही अंकन किया जा सके। इसके बाद व्यय प्रेक्षक ने वीडियो निगरानी टीम कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने नोडल पदाधिकारी और टीम के कर्मियों को निर्देश दिया कि वे व्यय लेखा पंजी संधारण के प्रपत्रों का संकलन कर सघन जांच सुनिश्चित करें। सभी प्रत्याशियों के लिए प्रतिदिन का व्यय लेखा पंजी भरना अनिवार्य होगा और जांच कार्यक्रम की सूचना समय पर प्रत्याशियों को दी जानी चाहिए। प्रेक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि नामांकन के दिन से लेकर मतगणना और परिणाम घोषणा के बाद विजय जुलूस तक प्रत्याशियों के व्यय पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इस उद्देश्य से बाजार दर के अनुसार टेबल, कुर्सी, लाउडस्पीकर, पोस्टर, बैनर, वाहन, ईंधन और अन्य प्रचार सामग्री की दर सूची (रेडी रेकनर) तैयार की जाएगी और सभी प्रत्याशियों को उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, उन्होंने विडियोग्राफी कोषांग के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न टीमों के लिए समय पर विडियोग्राफर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण के माध्यम से व्यय प्रेक्षक ने यह संदेश दिया कि चुनावी खर्चों की निगरानी में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। व्यवस्थित और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रेक्षक गार्गी उमराव के निरीक्षण ने अधिकारियों और कर्मियों में जागरूकता बढ़ाई है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सभी प्रचार गतिविधियों का सही आकलन किया जाए और निर्वाचन खर्चों का सही रिकॉर्ड रखा जाए। इस तरह की तैयारी से चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और जवाबदेही बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# पचार में दिनदहाड़े सीएसपी संचालक से 2.80 लाख रुपए और लैपटॉप की लूट

## चार अपराधियों ने बंदूक की नोक पर दिया वारदात को अंजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के पचार गांव में बुधवार की सुबह हथियारबंद अपराधियों ने पंजाब नेशनल बैंक के सीएसपी संचालक से 2 लाख 80 हजार रुपए एवं एक लैपटॉप लूट लिया। घटना को चार अपराधियों ने दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर अंजाम दिया और कासमा की ओर फरार हो गए। सीएसपी संचालक राजू रंजन (पिता अंबिका प्रसाद, निवासी ढोसिला खुर्द) ने बताया कि सुबह लगभग 9:30 बजे वे अपने सीएसपी केंद्र पहुंचे ही थे कि इसी दौरान रफीगंज की ओर से दो मोटरसाइकिल पर चार युवक आए। उन्होंने बंदूक की नोक पर धमकाकर बैग में रखे 2 लाख 80 हजार रुपए और एक लैपटॉप लूट लिया और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई एस. पी. गुप्ता, एएसआई रामा अवधेश सिंह, बबनजीत कुमार, सिपाही सतीश कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच-पड़ताल शुरू की। घटनास्थल से एक कारतूस बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी अभियान चला रही है।

# नर्सिंग कॉलेज के निर्माण की गति धीमी, मात्र 70 प्रतिशत हुआ कार्य

## 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण हो रहा कालेज का भवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के सदर अस्पताल के सामने नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं नर्सिंग कॉलेज की प्रगति इतनी धीमी है कि कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि 41 महीने पूर्व कॉलेज का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था। जब कॉलेज का निर्माण हो रहा था तो छात्रों को लगा था कि यहां नर्सिंग की पढ़ाई प्रारंभ होगी। यहां के छात्रों को नर्सिंग की शिक्षा लेने बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वर्तमान में यहां के छात्र दूसरे जिले में जाकर सरकारी नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई करते हैं। वहीं सक्षम छात्र-छात्राएं निजी कॉलेज में जाकर लाखों रुपये खर्च कर पढ़ाई करते हैं। वर्ष अप्रैल 2022 में कॉलेज का निर्माण प्रारंभ हुआ था। बता दें कि अक्टूबर 2023 में कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य पूरा करना था। 18 माह में कार्य समा' करना था परंतु 41 माह बीतने के बाद भी मात्र 70 प्रतिशत कार्य हुए हैं। बीएमएसआइसीएल के परियोजना प्रबंधक करीब 20 करोड़ की लागत से कॉलेज का निर्माण हो रहा है। अब तक करीब 7० प्रतिशत कार्य हुआ है जिसमें करीब 12 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। रुपये की कमी के कारण कार्य में विलंब हुआ है। अभी कार्य चल रहा है। नवंबर 2025 तक कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि तीन ब्लाक का निर्माण कराया जा रहा है। एक जी प्लस पांच एवं दूसरा व तीसरा जी प्लस तीन का निर्माण हो रहा है। बताया कि कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो वर्ष 2026 से नर्सिंग कॉलेज में नामांकन प्रारंभ हो जाएगा। वहीं यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सदर अस्पताल में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कुम्हार की चाक की चौकड़ी को लगा बाजारवाद की नजर

डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो





**जहानाबाद।** मिट्टी का बर्तन बनाकर अपनी जीविका चलाने वाले कुम्हार जाति के लोग अपनी परंपरा के रोजगार को छोड़कर दैनिक मजदूरी करने को विवश हैं। दीपावली, छठ सहित कई पर्व त्योहारों से लेकर शादी विवाह के उत्सवों एवं अन्य दिनों में जहां यह वर्ग लगातार मिट्टी के बर्तन बनाने और पकाने में व्यस्त रहता था, आज चाक की गति शिथिल हो गई है। हुलासगंज बाजार से सटे उतीमपुर गांव के टोला कन्हैयागंज में कई परिवार जिनकी जीविका चाक के सहारे चलती थी उनकी पुस्तैनी परंपरागत रोजगार छीन गई है। आज इस वर्ग के अधिकांश लोग बाहर जाकर नौकरी करने को विवश हैं या खेती में मजदूरी करके गुजारा कर रहे हैं। कुछ परिवार ऐसे भी यहां दिख गया जिनकी रगों में आज भी परंपरागत रोजगार बसा है। ये लोग दीपावली, छठ के आसपास और लग्न के दिनों में मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं , बाकी दिन दिहाड़ी करके अपने पेट को पालते हैं। कभी ग्रामीण परिवेश में मिट्टी के बर्तन और उसमें सोंधी खुशबू के साथ व्यंजनों का सुगंध चूल्हे पर पक्का था लेकिन आज का पीढी इससे बिल्कुल अंजान है। हर त्योहार, शादी विवाह, उत्सवों के लिए मिट्टी के बर्तन की जरूरत किसान को पड़ती थी। लेकिन बदलते परिवेश और तेजी से विकास करता औद्योगिक समाज के कारण आज चाक की गति मंद पड़ चुका है। कहा जाए तो मिट्टी के रंग बिरंगे बर्तन और मिट्टी के बने खिलौनों का युग अब समाप्ति के कगार पर है। इस रोजगार में लगे परिवार के युवा पीढ़ी तो मिट्टी के बर्तन बनाने की कठिनाइयों को देखते हुए और बाजार में इसकी मांग नहीं होने से इस रोजगार से अपने आप को अलग कर लिए हैं, लेकिन इस वर्ग के बुजुर्ग अभी भी इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

# कोसडीहरा गांव में नल-जल योजना की स्थिति बदहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** राज्य सरकार ने वर्षो पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डो में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां सरकार के सभी दावे फ़ेल नजर आ रहा है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। मदनपुर प्रखंड के पिरवां पंचायत के कोसडिहरा गांव में बीते चार वर्षों से अधिक समय से नल-जल योजना बदहाल है। चार वर्ष पहले वार्ड में 10 लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बंद है। बता दें कि वार्ड में 120 से अधिक घरों की बस्ती है। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण राजू सिह, सुदीप कुमार, संजय सिह, पंकज कुमार, सहित बताते हैं कि जब गांव में नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं। पीएचइडी विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। नल-जल योजना की मरम्मत कराकर चालू नहीं कराया गया तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताया कि जब गांव में नल-जल योजना की शुरूआत हुई थी तो खुशी हुई थी परंतु अब नल-जल योजना फ़ेल हो गया है। कुछ ग्रामीणों द्वारा योजना के तहत लगे मोटर से खेत का पटवन किया जाता है। विभाग को चाहिए कि इसे दुरुस्त करवाकर चालू करवाए ताकि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। कई बार जलमीनार को चालू करवाने की मांग की गई लेकिन अभी तक चालू नहीं किया गया।

# स्वास्थ्य कारणों से निर्वाचन कार्य से मुक्ति के लिए मेडिकल बोर्ड से लेनी होगी रिपोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से निर्वाचन कार्य से मुक्त होने वाले कर्मियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार अमर शहीद जगदेव प्रसाद सदर अस्पताल, जहानाबाद में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। यह मेडिकल बोर्ड 16 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक कार्य करेगा। इस अवधि में वे कर्मी जो मतदान दिवस पर स्वास्थ्य कारणों से निर्वाचन कार्य से मुक्त होना चाहते हैं, वे अपनी जांच करवाकर मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल मेडिकल बोर्ड द्वारा दी गई प्रमाणित रिपोर्ट के आधार पर ही संबंधित कर्मियों को मतदान कार्य से विमुक्त किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों की वास्तविक स्वास्थ्य स्थितियों का समुचित मूल्यांकन कर निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके।

## एक नजर

### शराब के साथ महिला धंधेबाज गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के चनहट गांव से शराब बनाने का उपकरण व 16 लीटर देशी महुआ का शराब के साथ महिला धंधेबाज राजकुमार चौधरी की पत्नी सुमित्रा देवी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की वारंटी को गिरफ्तारी के लिए चनहट गांव छापामारी में मंगलवार को दोपहर में गए थे। जहां जानकारी मिली की चनहट में दैशी शराब तैयार किया जाता है। जब गांव पुलिस पहुंची तो पुलिस को देख एक व्यक्ति भाग निकला। जब भागने वाला व्यक्ति का नाम पता करने पर राजकुमार चौधरी बताया गया। राजकुमार चौधरी घर की तलाशी ली गई तो शराब बनाने वाला उपकरण व 16 लीटर देशी महुआ का शराब बनाते महिला पकड़ी गई। जिसे गिरफ्तार करते हुए पुलिस कारवाई में जुट गई है। वही कोइलवां टोले रघुनाथ बिगहा गांव से 420 लीटर देशी महुआ का शराब बरामद हुआ है। रघुनाथ बिगहा निवासी कन्हाई चौधरी, संजय चौधरी, रोहित चौधरी को नामजद आरोपित किया गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी पुलिस लगातार कर रही है।

### क्षतिग्रस्त पइन की मरम्मत न होने से किसान मायूस

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत के शिवा बिगहा चहका से सैलवां कोइरी बिगहा पइन जो झरही नदी से निकलती है, वह पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है। झरही नदी में पानी अत्यधिक प्रवाहित होने के कारण पइन के पिंड अनेकों जगह पर तोड़ दिया है जिस कारण किसानों को खेत पटवन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सैलवां पइन से तीन पंचायतों बनिया, महुआवां एवं बेरी के थवई सैलवां, कोइरी बिगहा, बेलहर महुआवां आदि गांवों के सैकड़ों एकड़ जमीन का सिंचाई होता है। किन्तु सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण इस पइन का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया है। उक्त गांवों के किसानों को सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। पूर्व में बनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्या बबिता देवी के द्वारा बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री सह औरंगाबाद ज़िला के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, सचिव लघु जल संसाधन विभाग बिहार पटना एवं जिलाधिकारी, कार्य पालक अभियंता लघु जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर शिवा बिगहा चहका से सैलवां कोइरी बिगहा तक पैईन को हर खेत तक पानी जो जल जीवन हरियाली बिहार सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है। इसके माध्यम से लघु जल विभाग के तहत इसको कार्यान्वित करवाने की मांग पूर्व में ही की गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### पारिवारिक विवाद में मारपीट, चाचा घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के फिता बिगहा गांव में मंगलवार की संध्या पारिवारिक विवाद में मारपीट की घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मोहम्मद शहाबुद्दीन, पिता सरफुद्दीन, निवासी फिता बिगहा को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल शहाबुद्दीन ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व उनके घर में चोरी की घटना हुई थी, जिसके संबंध में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले को लेकर मंगलवार को उनकी भाभी अनीशा, भतीजा जफर इमाम तथा अन्य परिजनों ने एकजुट होकर उन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना के बाद वे धनबाद चले गए थे और हाल ही में गांव लौटे थे। लौटने पर परिजनों ने विवाद को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### शराब बरामद, 700 लीटर जावा महुआ विनष्ट



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए बदोपुर गांव में छापामारी कर 20 लीटर महुआ देसी शराब बरामद की तथा लगभग 700 लीटर जावा महुआ को विनष्ट किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने बताया कि छापामारी के दौरान आशीष चौधरी एवं अशोक कुमार के घरों से अवैध शराब बनाने और भंडारण करने की जानकारी मिली थी। पुलिस की भनक लगते ही मौके पर मौजूद शराब पी रहे लोग और विक्रेता भागने में सफल रहे। सर्च ऑपरेशन के दौरान संजीत चौधरी के घर से 10 लीटर महुआ देसी शराब बरामद की गई, जबकि 200 लीटर जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं, अशोक कुमार के घर से 10 लीटर शराब बरामद की गई और 500 लीटर जावा महुआ को विनष्ट किया गया। जब्त शराब और उपकरणों को थाना लाया गया। एसआई निरंजन कुमार सिंह के बयान पर संजीत चौधरी एवं अशोक कुमार के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

# लापता का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने थाना क्षेत्र के ककड़िया गांव में 3 दिन पूर्व से लापता हुए व्यक्ति का शव बुधवार की दोपहर गांव के ही बधार से बरामद किया गया है। मृतक ककड़िया गांव निवासी महेश यादव बताये जाते है। जो तीन दिनों से लापता थे। इस मामले में गुमशुदगी की शिकायत परिजनों ने मखदुमपुर थाने में सोमवार को किया था। इसके साथ ही लापता महेश यादव के परिजनों ने मंगलवार को टेहटा सरेन मोड़ के समीप एनएच- 22 को जाम कर आंदोलन भी किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण यह घटना हुई है। वहीं शव मिलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई। इस दौरान मखदुमपुर थाने की पुलिस भी दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लेने प्रयास किया। पुलिस को ग्रामीणों द्वारा शव उठाने नही दिया जा रहा था। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल के जवानों को बुलाया गया है। थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज रही हैं। मृतक के परिजनों के फर्द बयान लेकर आरोपितों को गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। घटना के बाद पुलिस की सुस्ती पर आक्रोशित मृतक के भाई समलेश यादव एवं अमलेश यादव ने बताया कि पुलिस सक्रिय रहती तो ये घटना नही घटता। उन्होंने बताया की मृतक को अपनी बेटी की शादी करनी थी। वही मृतक के पुत्र सुजीत कुमार ने पुलिस प्रशासन से घटना की जांच करने एवं दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग किया है।

# मारपीट मामले में पांच आरोपितों को चार वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार सिन्हा द्वारा ग्राम बीबीपुर, थाना-पाली, जिला जहानाबाद के निवासी बृंद यादव, रामाशीष यादव, मुकेश यादव, रामलखन यादव एवं विद्या भूषण यादव को मारपीट के मामले में भा० द० वी० की धारा 325 में दोषी पाया गया है। अभियुक्त वृन्द यादव को चार वर्ष सश्रम कारावास एवं पंद्रह हजार रुपया का अर्थ दंड कि सजा सुनाया गया है। अर्थ दंड कि रकम सूचक कुंदन कुमार को दिया जाएगा। वहीं अर्थदंड कि रकम नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एवं अन्य चारों अभियुक्त को संदेह का लाभ देते हुए, प्रवेशनल एक्ट के तहस डांट डपट का छोड़ दिया गया। सरकार की ओर से पक्ष रख रहे, अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि इस केस के सूचक कुंदन कुमार ग्राम बीबीपुर निवासी ने पाली थाना काण्ड संख्या :--40/2014. प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अभियुक्त पर आरोप लगाया था कि 25 सितंबर 2014 को सूचक कुंदन कुमार को खेल मैदान में घेर कर बृंद यादव ने रॉड से सूचक के सर पर जान मारने के नीयत से मारा, जिससे वो बुरी तरह जख्मी हो गया, और अन्य सभी अभियुक्तों ने भी लाठी डंडा से मारपीट किया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में कुल सात साक्षियों का साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा सभी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई।

# जन सुराज ने जहानाबाद सदर विधानसभा सीट से शिक्षाविद अभिराम शर्मा पर जताया भरोसा

## प्रत्याशी अभिराम शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता से मांगा समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद सदर विधानसभा सीट से जन सुराज पार्टी ने अभिराम शर्मा को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। उनके नाम की घोषणा 14 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह के द्वारा की गई। पार्टी द्वारा टिकट और सिंबल दिए जाने की औपचारिक घोषणा के बाद अभिराम शर्मा ने बुधवार को अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस वार्ता को संबोधित उन्होंने कहा कि वे जन सुराज के सिद्धांतों और प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए समर्पित रहेंगे।अभिराम शर्मा कहा कि जन सुराज सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि लोगों की आवाज़ और व्यवस्था परिवर्तन का अभियान है। हम हर घर तक जन सुराज के मुद्दे, विचार और संकल्प लेकर जाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचारमुक्त शासन हमारे प्रमुख एजेंडे रहेंगे।

इस प्रेस वार्ता में जन सुराज के युवा नेता अक्षय आनंद समेत जन सुराज के कई स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सभी ने जहानाबाद सदर विधानसभा सीट से प्रत्याशी डॉ अभिराम शर्मा को बधाई दी और जहानाबाद में पार्टी को मज़बूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# सड़क के किनारे लगती हैं फल व सब्जी की दुकानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जीटी रोड के सिक्स लेन का निर्माण कार्य चल रहा है परंतु वर्तमान में अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के कारण यह सिकुड़ सी गई है। जहां-तहां सैकड़ों वाहनें खड़ी रहती हैं। सड़क पर ही सब्जी बाजार सजता है। इस कारण एनएच पर हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है परंतु एनएचएआइ और प्रशासन दोनों बेपरवाह बना हुआ है। सड़क पर सैंकड़ों की संख्या में वाहन लगे रहते हैं। जीटी रोड पर सिर्फ ट्रक खड़े रहते हैं। एनएच-दो एवं एनएच-139 पर सड़क किनारे वाहन लगे रहते हैं। वाहन खड़ा रहने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। एनएचएआइ के अधिकारी व्यवस्था सुचारू करने में असफल साबित हो रहे हैं। महाराणा प्रताप चौक से रायपुरा गांव मोड़ तक जीटी रोड पर दोनों तरफ वाहन खड़े रहते हैं। सड़क पर वाहनों के खड़े होने से कई बार दुर्घटना हुई है। घटना के बाद एनएचएआइ की नींद खुलती है तो अभियान चलाया जाता है। फिर कुछ दिनों बाद सभी चीजें पुरानी हो जाती है। शहर में तीन बस स्टैंड हैं जिनमें दो की स्थिति काफी बदहाल है। रामबांध में बेहतर बस स्टैंड बना परंतु नेशनल हाइवे पर ही वाहनों को खड़ा किया जाता है। रामाबांध बस स्टैंड की स्थिति नारकीय है। इस वजह से जाम की समस्या हो जाती है। ओवरब्रिज से लेकर रामाबांध तक दोनों तरफ बस खड़े रहते है। बीच में थोड़ी जगह बच रही है जिसमें वाहनों का आवागमन होता है। अतिक्रमण से नागरिक परेशान हैं। मदनपुर एवं शिवगंज में बस स्टैंड भी जीटी रोड पर है। मदनपुर में जीटी रोड पर वाहन लगे रहने के सड़क संकीर्ण हो गई है। ओबरा में औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर सब्जी की दुकानें लगती है। इस कारण हमेशा जाम रहता है। हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है। एनएच पर सब्जी विक्रेताओं ने कब्जा जमा रखा है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण नागरिकों एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। शहर के एनएच-139 पर ओवरब्रिज से रामाबांध तक सब्जी एवं चाइनीज फूड का ठेला लगा रहता है। दाउदनगर में भी यही स्थिति है। यहां भी बस सड़क पर ही खड़े होते हैं।

# मूर्ति बिगहा गांव जाने वाली सड़क जर्जर, बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड में सड़क की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। प्रखंड के डिहरी पंचायत के मूर्ति बिगहा जाने वाली पथ पर ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बता दें कि 20 से 25 वर्ष पहले ईंट सोलिग का कार्य हुआ था। इसके बाद कोई कार्य नहीं हुआ। सड़क से होकर करीब 1000 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। ग्रामीण चंदन सिह, निक्कू सिह, मनजीत सिह ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। पैदल चलना भी मुश्किल है। कोई भी चार पहिया वाहन पर आना नहीं चाहता है। यहां तक की बच्चों को विद्यालय जाने में भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जब कोई ग्रामीण पड़ जाता है तो अस्पताल ले जाने के लिए भी मशक्कत करना पड़ता है। इस पथ से होकर 20 गांव के लोग आवागमन करते हैं। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सड़क की निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। बताया कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सामने मुद्दा उठाया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। बताया कि सोनबर्षा गांव तक पक्की सड़क है। इसके बाद उनके गांव जाने के लिए लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल दूरी तय करना पड़ता है। बता दें कि कुछ वर्ष पहले प्रखंड प्रमुख के द्वारा सड़क पर ईंट सोलिग का कार्य कराया गया था परंतु ट्रैक्टर और अन्य वाहनों के चलने के कारण कुछ दिन में ही सड़क जर्जर हो गई। कच्ची मार्ग पर पैदल ही सफर करते हैं। बताया कि अगर सड़क का निर्माण हो जाता है तो सोनबर्षा, तेजपुरा, डिहरा और अरंडा गांव के लोगों को काफी राहत मिलेगी। ग्रामीण आसानी से आवागमन कर सकते हैं।

# कैमूर बॉर्डर पर जांच के दौरान 4.30 लाख बरामद

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कुदरा के पछाहगंज चेकपोस्ट पर हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कैमूर के बॉर्डर कुदरा थाना क्षेत्र के पछाहगंज चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक कार से चार लाख तीस हजार रुपये बरामद किया। कार सासाराम की तरफ से मोहनियां की ओर जा रहा था। पुलिस ने कार में सवार आशीष चौधरी के सामने रुपये गिनती कर जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि सीजर लिस्ट की एक कॉपी कार सवार को दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार चालक द्वारा अपने रुपये से सम्बंधित कागजात दिखाने के बाद उसे रुपये वापस कर दिया जाएगा। मामले में कार सवार ने बताया कि वे मकान बनाने के लिए खरीदे गए गिट्टी, छड़ व अन्य सामग्री के रुपये देने जा रहे थे। मालूम हो कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस क्षेत्र में

## चेकपोस्ट पर अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करमचट थाना एसएसटी चेक पोस्ट पर बुधवार को अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। विधानसभा चुनाव को लेकर कैमूर और रोहतास दोनों जिले को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बगही पुल स्थित एस एस टी पोस्ट बनाया गया है जहां 24 घंटे आने जाने वाले बड़े छोटे वाहनों का पुलिस प्रशासन द्वारा बारीकी से जांच किया जा रहा है, इसी क्रम में जांच के दौरान विनय कुमार पिता जय मुनि चौधरी ग्राम सवार थाना करमचट जिला कैमूर के पास से एक 8 पीएम, गोल्ड व्हिस्की 180 एम एल, दस माउंटेन ओके व्हिस्की 180 एम एल, और एक 8 पी एम स्पेशल ब्लैड ऑफ स्कॉच व्हिस्की 750 एम एल कुल 7.730 एम एल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है, वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि अभियुक्त को मेडिकल जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला मुख्यालय भभुआ शहर के वार्ड 15 में बुधवार की दोपहर एक युवक की गोली मार बदमाशों ने हत्या कर दी। मृतक 30 वर्षीय रामलाल चौधरी बसंत मल्लाह का बेटा है। बदमाशों ने इस घटना को तब अंजाम दिया जब रामलाल अपने मुहल्ले में तीन-चार लड़कों के साथ अपने घर के बाहर बैठा था। बदमाश आए और युवक को गोली मार भाग निकले। मुहल्ले के लोगों और परिजन युवक को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. विनय कुमार तिवारी ने उसके स्वास्थ्य की जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना से गुस्साए लोगों ने शहर के एकता चौक को जाम कर दिया। दिनदहाड़े युवक की हत्या किए जाने से लोगों में काफी गुस्सा देखा गया। लोग अपराधियों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग कर रहे थे। मौके पर उपस्थित भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार व डीएसपी मनोरंजन भारती लोगों को समझाने में लगे हुए थे।

# 6.34 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर कुदरा- भभुआ मोड़ के पास से एक हेरोइन तस्कर को दबोच लिया। तस्कर के पास से 6.34 ग्राम हेरोइन के साथ आठ हजार रुपये नगद बरामद किया गया। पुलिस ने तस्कर से पूछताछ के बाद बुधवार को भभुआ न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि तस्कर से पूछताछ के बाद धंधे में शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। धराया धंधेबाज सुधीर कुमार पांडेय पिता राम इकबाल पांडेय कुदरा थाना के चकिया मुहल्ला का निवासी है। मालूम हो कि क्षेत्र में हेरोइन तस्कर शहर के अलावे गांवों में हेरोइन की खेप पहुंचा रहे हैं जिसके चलते युवा पीढ़ी में नशे की लत लग गई है। छोटे-छोटे बच्चे घर से स्कूल जाने के लिए निकलते हैं, लेकिन उन्हें स्कूल में पढ़ने के बदले हेरोइन के तस्कर नशे की लत लगा दे रहे हैं जिसके चलते कुदरा क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। दर्जनों की संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को कुदरा के स्कूलों से नामांकन इस लिए कटा कर बाहर भेज दिए कि उसे नशे की लत न लग जाय। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ सघन अभियान चला रही है। ग्रामीणों को भी कहा गया है कि नशे के धंधेबाजों व सेवन करने वालों की सूचना थाना को दें।

## एटीएम कार्ड बदल 45 हजार की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र में करवंदिया थाना क्षेत्र निवासी रिजवाना खातून ने एटीएम कार्ड बदलकर 45 हजार रुपए की ठगी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। नारायण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के पास एक बैंक के एटीएम से उक्त महिला 25 हजार रूपये की निकासी कर रही थी तभी एक अज्ञात युवक वहां पहुंचा और उसने एटीएम कार्ड बदल दिया। उनके खाते से 45 हजार गायब हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीडीयू मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिन चला जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिन डीडीयू मंडल में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। स्टेशनों पर 'स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत' के नारों के साथ कर्मचारियों ने यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्टेशन परिसर में घूम-घूम कर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपने आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। मंडल के विभिन्न




स्टेशनों पर स्वच्छता विषयक पोस्टर, स्लोगन और चित्रों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया गया। प्लास्टिक मुक्त परिसर, डस्टबीन के उपयोग, प्रसाधन की सफाई, जल स्रोतों की स्वच्छता और अपशिष्ट पृथक्करण जैसे विषयों को विशेष रूप से प्रचारित किया गया। पखवाड़ा के दौरान डीडीयू मंडल ने स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रसाधन और पर्यावरण जैसे विषयों पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित कीं। संवाद कार्यक्रम, सफाई अभियान और प्रतियोगिताओं के माध्यम से यात्रियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। आज भी स्टेशनों पर 'अमृत संवाद' कार्यक्रम जारी रहा जिसमें यात्रियों से प्रत्यक्ष बातचीत कर उनके अनुभव, सुझाव और अपेक्षाएं सुनी गईं। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन पर मंडल ने जन सहभागिता और जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए स्वच्छता को एक सतत अभ्यास के रूप में आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# दूसरे सेमीफाइनल में भैसौला ने सबार टीम को 4-3 से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड के देवराढ़ खेल मैदान पर चल रहे जिला फुटबॉल लीग चैम्पियन मैच के दूसरे सेमीफाइनल में बुधवार को भैसौला फुटबॉल की टीम ने सबार फुटबॉल टीम को स्टार क्लब कुदरा को 4 - 3 से हराया। मैच का उद्घाटन बासगीत सिंह ने किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि भैसौला की फुटबॉल की टीम ने पहला गोल कर सबार फुटबॉल टीम पर दबाव बना लिया। हालांकि दबाव से निकलते हुए सबार की टीम ने एक गोल दागे जिसके जबाव में तीन गोल लगातार दागकर भैसौला की टीम के खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल मुकाबला 4-3 से जीत लिया। मैच में उपस्थित गणमान्य लोगों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैच में दिलीप सिंह, संजय सिंह समेत दर्जनों गणमान्य लोगों के साथ सैकड़ों खेलप्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## पति पर अश्लील फोटो वायरल करने की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम निवासी विवाहित प्राची कुमारी ने पति राणा रोशन प्रताप सिंह पर इंटरनेट मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने, मारपीट कर प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए मजबूर करने की प्राथमिक साइबर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाजार में जाम की समस्या से आमजन परेशान

## 40 फीट का स्टेट हाइवे 15 फीट में सिमटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** बाजार में जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कर्पूरी चौक से मलहीपुर रोड तक घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। पहले 40 फीट चौड़ा स्टेट हाइवे अब केवल 15 फीट में सिमट गया है। सड़क के दोनों किनारों पर सब्जी विक्रेताओं और ठेले वालों का कब्जा हो गया है जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। चेनारी बाजार में स्टेट हाइवे के किनारे बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेता और ठेले वाले अपने ठेले लगाकर बैठे हैं। इसके अलावा कुछ दुकानदार भी अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैलाकर रखते हैं




जिससे सड़क संकीर्ण हो गई है और वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। सुबह और शाम के समय जाम की समस्या सबसे अधिक होती है। पैदल चलने वालों को भी मुश्किल होती है क्योंकि फुटपाथ न होने के कारण वे सड़क पर ही चलते हैं। स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और अधिक परेशान करने वाली हो जाती है। जाम के कारण एंबुलेंस और दमकल वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है। कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी हो जाती है जिससे जान का भी खतरा बढ़ जाता है। कुछ महीने पहले अतिक्रमण हटाने की घोषणा की गई थी। स्थानीय प्रशासन ने भी मेगाफोन के जरिए व्यापारियों और ठेले वालों को हटने की चेतावनी दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। चेनारी बाजार में जाम की समस्या अब केवल परेशानी नहीं बल्कि एक गंभीर संकट बन गई है। प्रशासन की निष्क्रियता के चलते आम जनता को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और विकराल हो सकती है। जनता की मांग है कि स्थानीय प्रशासन जल्द से जल्द इस मुद्दे पर ध्यान दें।

# एनसीपी ने समाजसेवी आशुतोष सिंह को सासाराम से बनाया उम्मीदवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र 208 से विधायक उम्मीदवार बने आशुतोष सिंह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से घड़ी छाप के सैंबल से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार बनाए गए हैं। आशुतोष सिंह सासाराम विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी के विधायक उम्मीदवार बने आशुतोष सिंह अधिवक्ता, समाजसेवी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष बिहार किसान एनसीपी को सासाराम विधानसभा से अपना उम्मीदवार बनाया है। सासाराम विधानसभा क्षेत्र से शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 को सासाराम कचहरी के पास अनुमंडल पदाधिकारी के यहां



अपना नॉमिनेशन करेंगे। आशुतोष सिंह 2020 में भी इकलौता राष्ट्रीय पार्टी के रूप में सासाराम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं।

# डिहरी के गौरव रहे अमीर चन्द प्रसाद : मुन्ना कुशवाहा

## भोजपुरी जगत में डिहरी की अलग पहचान बनाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी शहर के गौरव रहे कलाकार अमीरचंद प्रसाद गुप्ता। उक्त बातें जदयू नगर अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा ने स्टेशन रोड स्थित राकेश होटल में भोजपुरी सिनेमा जगत के मशहूर कलाकार स्वर्गीय अमीरचन्द प्रसाद की 8वीं पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि वे हम लोग के गार्जियन स्वरूप थे, भोजपुरी सिनेमा के मशहूर कलाकार थे, वे डिहरी के गौरव थे। वहीं अभिनव कला संगम के सचिव नंदन कुमार ने कहा कि स्वर्गीय अमीर चंद गुप्ता रंगमंच से जुड़े एक सधे हुए कलाकार थे अपने जीवन काल में करीब दर्जनों भोजपुरी सिनेमा के लिए अभिनय किया है जिसमें उन्हें पिता और विलेन का किरदार मुख्य



रूप से मिलता था। उनके मुख्य भोजपुरी फिल्मों में 'हमार दूल्हा', 'गंगा ज्वाला', 'बेटी उधार के', 'हमार दुल्हा' जैसे कई भोजपुरी सुपरहिट फिल्में दी है वही जय शिव कला मंदिर जैसे नाट्य संस्था के बैनर तले 'खूनवा के रंगवा एकेबा' भोजपुरी नाटक में अपने अभिनय से देश के विभिन्न मंचों पर अपनी अमिट पहचान बनाई थी। उनका अभिनय और सादगी हम सभी के लिए प्रेरणा है। जदयू के जिला महासचिव महाराणा प्रताप उर्फ गुड्डू पटेल ने कहा कि स्वर्गीय गुप्ता से प्रेरणा लेकर कई कलाकार कहीं न कहीं अपने भोजपुरी सिनेमा जगत में कार्यरत है। डिहरी ऑन-सोन में कई कलाकार इनसे प्रेरणा लेते थे। इस मौके पर उनके मित्र रतनलाल शर्मा, उनके पुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## सासाराम जंक्शन पर जल्द शुरू होगा राजधानी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों का ठहराव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बुधवार को पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के सदस्य जावेद अख्तर और कुंडल सिंह रेलवे भवन में मंडल अधिकारी से मिलकर सासाराम स्टेशन के विकास के ऊपर बात की। इस दौरान उन्होंने सासाराम में राजधानी का ठहराव और आरा-भभुआ पैसेंजर ट्रेन को वाराणसी तक विस्तार करने की बात कही। उन्होंने सासाराम जंक्शन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने और सासाराम स्टेशन पर वाशिंग लाइन बनाने की भी बात कही। रेलवे बोर्ड के अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सासाराम में कुछ नया होगा।

# टिकट चेक करने बिक्रमगंज पहुंची 'लाल गाड़ी'

## डीडीयू मंडल ने 516 मामलों में 1,65,135/- का जुर्माना वसूला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा आज बिक्रमगंज स्टेशन पर एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान सुबह 6 बजे से सासाराम जंक्शन से प्रारंभ हुआ जहां सभी टिकट जांच दल के सदस्य एकत्रित हुए। प्रारंभिक जांच के बाद टीम ने एक विशेष ट्रेन 'लाल गाड़ी' से बिक्रमगंज के लिए प्रस्थान किया। बिक्रमगंज पहुंचने पर टीम ने स्टेशन परिसर में गहन जांच की जिसमें प्लेटफॉर्म, प्रवेश एवं निकास द्वारों के साथ-साथ गुजरने वाली छह रेलगाड़ियों को भी शामिल किया गया। इस अभियान में लगभग 50 कर्मियों की तैनाती की गई थी जिनमें टिकट जांच दल और रेल सुरक्षा बल के सदस्य शामिल थे। जांच के दौरान कुल 516 यात्रियों को बिना वैध टिकट या अनुचित श्रेणी में यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे



1,65,135/- का जुर्माना वसूला गया। अभियान का उद्देश्य था अनाधिकृत यात्रा, अनुचित श्रेणी में यात्रा और बिना बुक सामान की रोकथाम करना जिससे रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अनुशासित बनाया जा सके। आज सामान्य दिनों की तुलना में टिकट काउंटरों पर लंबी कतारें देखी गईं। यात्रियों ने जांच की गंभीरता को समझते हुए वैध टिकट लेने को प्राथमिकता दी जिससे जागरूकता में स्पष्ट वृद्धि दर्ज की गई। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा से पूर्व वैध टिकट अवश्य लें, निर्धारित श्रेणी में ही यात्रा करें और जांच अभियान में सहयोग करें। इस प्रकार के सघन अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। ताकि रेलवे व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाया जा सके।

# डॉ निर्मल कुशवाहा का करवंदिया में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जनसुराज के ऑफिस सासाराम में प्रेस कांफ्रेंस किये जाने के क्रम में करवंदिया ग्राम में जदयू से बागी हुए डॉक्टर निर्मल कुशवाहा का लोगों ने भव्य स्वागत किया। लोगों ने जय बिहार जय जय बिहार का नारा लगाते हुए फूल



मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में श्रीकांत चौधरी, विनोद शर्मा, गोविंद सिंह, रवींद्र गुप्ता, राजनाथ शर्मा, विंध्याचल चौधरी, भगत कुमार, प्रमोद कुशवाहा, अजय महतो, दिलीप साह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# व्यय कोषांग से संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में व्यय कोषांग से संबंधित सभी पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया। बैठक में एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एकाउंटेंट टीम के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक द्वारा सभी पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने काम को तत्परता से करें कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरते। एसएसटी और एफएसटी टीम सभी प्रकार के वाहनों की सख्ती से जांच करें। किसी भी प्रकार की जप्ती (यथा शराब, कैश, अन्य मादक पदार्थ आदि) की सूचना तुरंत दें एवं नियमानुसार कार्रवाई करें। उधर, व्यय प्रेक्षक, कैमूर जिला द्वारा एसएसटी, चेकिंग पॉइंट एवं एफएसटी टीम की जांच हेतु किया गया क्षेत्र भ्रमण। व्यय प्रेक्षक द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान दुर्गावती थाना अंतर्गत एसएसटी टीम, अंचलाधिकारी दुर्गावती और थाना अध्यक्ष दुर्गावती द्वारा पकड़े गए शराब लदे ट्रक का निरीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक द्वारा एफएसटी टीम को जप्ती सूची बनाने एवं एफआईआर करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान नोडल पदाधिकारी व्यय कोषांग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां, अंचलाधिकारी दुर्गावती एवं थाना अध्यक्ष दुर्गावती उपस्थित थे।

# किसान संघर्ष मोर्चा को किया गया भंग

## नया संगठन बनाने के लिए विमलेश पांडेय को किया अधिकृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के पसाई गांव में मंगलवार को किसानों की बैठक आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता विमलेश पांडेय एवं संचालन अनिल सिंह ने किया। बैठक में चांद चैनपुर रामपुर एवं भगवानपुर प्रखंड के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर को भंग किया। किसानों के द्वारा नये संगठन बनाने के लिए विमलेश पांडेय को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया। पिछले दिनों से किसान संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी राजनीति करते देखे गए। किसानों के सुविधा के लिए बनाया गया व्हाइट साप किसान ग्रुप को भंग कर नया ग्रुप बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल विक्की सिंह पतियार राम मंशा सिंह मुन्ना खान सत्येन्द्र कुमार मंटु पाण्डेय रवि शंकर सिंह सुनील सिंह अनिल सिंह अरविंद सिंह गज्जन सिंह भूपेंद्र सिंह राजु सिंह अरूण सिंह तिलेश्वर दुबे आदि सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। किसानों ने समस्या कहते हुए कहा सरकार किसानों की



अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा नहीं दिया और फसल रौंद दिया। किसानों ने कहा बहुत से किसानों का अर्विटेटर या कमिश्नर के द्वारा मुआवजा दुना नहीं हो पाया है। किसानों ने समस्या कहते हुए कहा बहुत से किसान जानकारी के अभाव में सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर नहीं कर पाए। उन्हें कोर्ट में जाने के लिए संभावना की तलाश किया जाए। किसानों के नुकसान हुए धान की फसल की क्षतिपूर्ति राशि दिया जाए। किसानों की समस्याओं पर जवाब देते हुए विमलेश पांडेय ने कहा किसानों की सुविधा एवं उचित मुआवजा के लिए नया संगठन जल्द बनाया जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए तुरंत व्हाइट साप ग्रुप बनाया जाएगा। विमलेश पांडेय ने कहा एक जिला एक परियोजना एक भूमि प्रकृति एक मुआवजा के लिए सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पाण्डेय ने कहा किसानों के हित के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में अनिल सिंह एवं अभिमन्यु सिंह अध्यक्ष भारतीय किसान मजदूर यूनियन कैमूर ने कहा किसानों की आंदोलन जारी रहेगा उन्होंने कहा किसानों के खाते में उचित मुआवजा मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# मानवाधिकार एसोसिएशन ने यज्ञ कथावाचक टीम को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम के साकेत नगर स्थित सती माता मंदिर के प्रांगण में आयोजित भव्य श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ के समापन एवं पूर्णाहुति समारोह के अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन (नई दिल्ली) की जिला इकाई रोहतास के जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा और रोहतास जिला महिला संरक्षण प्रमुख श्रीमती प्रज्ञा सिन्हा ने जिले के प्रसिद्ध कथावाचक परमपूज्य श्रीधर शास्त्री और उनकी समस्त टीम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर इंजीनियर नवीन सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि धर्म की वास्तविक अभिव्यक्ति जब सद्कर्मों के रूप में होती है, तब समाज स्वनियंत्रित रहता है और कानून की आवश्यकता कम हो जाती है। एक चरित्रवान और नैतिक समाज का निर्माण होता है। यही हमारे सनातन संस्कृति का मूल उद्देश्य है और रामराज्य की कल्पना भी इसी सशक्त और नैतिक समाज में संभव है। समारोह में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला इकाई रोहतास के जिला प्रवक्ता डॉ. राकेश बघेल, मीडिया सचिव अधिवक्ता संजय कुमार तिवारी, डॉ. उमेश, अनिल दुबे, सरोज सिंह संगठन सचिव, पत्रकार सह मीडिया सचिव करहगर निरंजन तिवारी सहित शहर के कई प्रतिष्ठित लोग और सैकड़ों की तायदाद में महिलाएं उपस्थित थी।

# किसान समाज पार्टी (एस) ने बक्सर विधानसभा से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** किसान समाज पार्टी (एस) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र बक्सर जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र (200) से अपने प्रत्याशी के रूप में पंकज कुमार पाण्डेय को मैदान में उतारने की औपचारिक घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.पी. मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पंकज कुमार पाण्डेय को पार्टी की ओर से आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया गया है और इसका विधिवत पत्र निर्वाचन आयोग को प्रारूप ''क'' व ''ख'' के तहत भेजा जा चुका है। पंकज कुमार पाण्डेय पिता स्व. पदुमदेव पाण्डेय उनवांस के निवासी है। प्रत्याशी पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि वे किसानों के अधिकारों, युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा की मजबूती, और ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका उद्देश्य ''गांव, गरीब और किसान'' की आवाज़ को विधानसभा तक पहुंचाना है। पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि वह 17 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.पी. मिश्र ने पंकज पाण्डेय को संगठन का समर्पित और जुझारू कार्यकर्ता बताया, और भरोसा जताया कि वे बक्सर विधानसभा क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर पार्टी की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि चुनाव आयोग को अधिकृत प्रतिनिधियों की सूची और उनके हस्ताक्षर जमा करा दिए गए हैं, जिससे नामांकन प्रक्रिया में कोई अड़चन न आए। लाल बहादुर शास्त्री अमर रहें का नारा देते हुए पार्टी ने सभी किसानों और युवाओं से समर्थन की अपील की है।

## सतीश के समर्थकों ने की निर्दलीय चुनाव लड़ने की अपील

**शहर के एक रिसॉर्ट में सतीश समर्थकों का लगा जमावड़ा**





**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख युवा चेहरे और जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह को भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार न बनाए जाने से नाराज उनके समर्थकों ने बुधवार को शहर के एक रिसॉर्ट में बैठक की और प्रस्ताव पारित कर सतीश कुमार सिंह से निर्दलीय चुनाव लड़ने की अपील की। समर्थकों का कहना था कि सतीश कुमार सिंह पिछले एक दशक से लगातार जन सेवा में लगे हुए हैं और औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ है। इन्होंने पार्टी और संगठन को काफी समय दिया है और अपने खून पसीने से सींचा है। जनता भी इस बार मन बना चुकी थी कि वह सतीश कुमार सिंह को जिताकर विधानसभा में भेजेगी लेकिन अचानक से बाहरी उम्मीदवार को टिकट दे दिया गया जिससे न केवल सतीश कुमार सिंह के समर्थक बल्कि भाजपा के आम कार्यकर्ताओं तथा जनता में भी निराशा है। सतीश सिंह के समर्थकों ने कहा की इसी आक्रोश तथा निराशा को देखते हुए यह बैठक आहूत की गई थी जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए तथा सभी ने प्रस्ताव पारित कर सतीश कुमार सिंह से निर्दलीय चुनाव लड़ने की अपील की है। इस बैठक में सतीश कुमार सिंह, नगर परिषद चेयरमैन उदय गुप्ता भी शामिल हुए।

## एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस के साथ मामा-भांजा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी पुलिस ने बुधवार की दोपहर अवैध आगनेय शास्त्र के साथ मामा और भांजा को गिरफ्तार किया है। दरअसल बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि मसौढी के अस्पताल रोड स्थित चाय दुकान के आसपास एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना को सत्यापन करते हुए पुलिस की टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई जहाँ पुलिस को देखकर वह भागने लगा जिसे पुलिस ने पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पैकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। युवक का नाम आदित्य कुमार अरविंद प्रसाद गंगाचक मालिकाना का रहने वाला है। जब उसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह हमारा दोस्त तेजस्वी कुमार पिता अजय यादव के खटाल में देसी पिस्टल छुपा कर रखे हैं। पुलिस ने उसके घर पर जाकर सर्च अभियान की जहां से ईट के नीचे एक पिस्तौल बरामद किया गया है इसका मैगजीन नहीं था, जब पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि हम अपने मामा मकैत उर्फ मणिकांत पिता स्वर्गीय बिंदेश्वर प्रसाद पुरानी बाजार से 2000 में खरीदे थे उसके निशान देही पर उसके घर पर गिरफ्तारी की गई जहां मैंकांत उर्फ मणिकांत कुमार को गिरफ्तार किया गया है जब उससे पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि पुरानी बाजार के भींडा को उसे बनाने के लिए दिए हैं उसे पूरे मामले में कुल चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए फिलहाल दोनों को गिरफ्तार किया है।

## सरकार के कार्यों को लेकर बना है सकारात्मक माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी विधानसभा में बुधवार को एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी के नामांकन के बाद एनडीए कार्यकर्ताओं की एक विशेष सभा आहूत की गई, जहां पर एनडीए के सभी घटक दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की मंच संचालन भाजपा नेता संजय केसरी ने की। मौके पर पूर्व सांसद अरुण कुमार, विधान पार्षद गुलाम गौस, महादलित आयोग के सदस्य रूबेल रविदास, विधानसभा प्रभारी संतोष चौधरी, जिला प्रभारी मनोरंजन आदि शामिल रहे। सभा संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अरूण कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं को कहा की जनता में सरकार के कार्यों को लेकर सकारात्मक माहौल है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसी साफ छवि और ईमानदार नेता दूसरा कोई नहीं है, जन-जन में विकास कार्यों की चर्चा है ऐसे में मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अरूण मांझी को विजयी बनाने का संकल्प ले। सभा को विधान पार्षद गुलाम गौस, कुमारी खुशबू रानी, रूबेल रविदास ने संबोधित किया।

---

**Format C-7**
**(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **Rashtriya Janata Dal**
***Name of the Election** : **Bihar Vidhan Sabha**
**Name of State/UT** : **Bihar**
(1) Name of Constituency : **71, Bihariganj**
Name of the candidate : **Renu Kumari**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **Protest and demonstration in prohibited area.** |
| | b. | Case no. | Case No.-76/22 PS Kotwali, Patna, U/S 143, 188, 353, 341, 323 |
| | c. | Name of the Court | Addl. Chief Judicial Magistrate 1st, Patna |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No **(2)** No |
| | e. | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | She is very popular in her area and is very active for the development and Welfare of her area. Her Educational Qualification is MA, LLB, Ph.D. No other candidate in Party is as good as him. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | She is Ex. Minister, her probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

---

**Format C-7**
**(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **राष्ट्रीय जनता दल**
***Name of the Election** : **बिहार विधान सभा**
**Name of State/UT** : **बिहार**
(1) Name of Constituency : **72, सिंहेश्वर (अ०जा०)**
Name of the candidate : **चन्द्रहास चौपाल**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **(1) हत्या के केश में नामजद आरोपी (2) Extraction and Assault (3) अचार संहिता उल्लंघन** |
| | b. | Case no. | (1) शंकरपुर थाना (मधेपुरा) काण्ड सं०-88/2014, धारा- 341, 323, 302/34 IPC Act. (2) मधेपुरा थाना काण्ड सं०-68/2023, धारा- 341, 323, 351 (B) 379, 385, 504, 506, 427, 134 IPC Act. |
| | c. | Name of the Court | (1) ADJ मधेपुरा (2) ACJM-2 मधेपुरा (3) CJM-1 मधेपुरा |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता बी.एससी है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

**राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित**

---

**Format C-7**
**(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **Rashtriya Janata Dal**
***Name of the Election** : **Bihar Vidhan Sabha**
**Name of State/UT** : **Bihar**
(1) Name of Constituency : **108, Raghunathpur (Siwan)**
Name of the candidate : Osama Shahab

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | (1) Arms Act. (2)Arms Act. (3) Arms Act. (4) Arms Act (5) No offence declared. |
| | b. | Case no. | (1) Hussainganj, Siwan P.S. 249/23, U/s 147/149/411/414/447/ 307/427/ 504 506 IPC27 & Arms Act. (2) Motihari Town PS. 533/23, U/s 447/ 341/ 323/ 324/ 307/384/ 427/504/ 506/ 34120 (B) of IPC & 27 Arms Act. (3) Siwan (i) 220/14 302/34/120 (B) of IPC & 27 Arms Act. (4) Hussainganj 92/22 302/307/120(B) of IPC & 27 Arms Act. (5) Rajasthan Case No. 1346/ 23 U/s 107/151/ Cr P.C. PS Ramganj Mandi Dist Kota Rajasthan. |
| | c. | Name of the Court | **(1)** JMFC Siwan, **(2)** CJM Motihari, **(3)** Siwan **(4)** ACJM-IX, Siwan **(5)** SDM Ram Garh Mandi Kota. |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No **(2)** No **(3)** No **(4)** No **(5)** No |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable **(3)** Not Applicable **(3)** Not Applicable **(5)** Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable **(3)** Not Applicable **(4)** Not Applicable **(5)** Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | He is very popular in his area and is very active for the development and Welfare of his area. His Educational Qualification is Matric. No other candidate in Party is as good as him. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | His probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

---

**Format C-7**
**(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **राष्ट्रीय जनता दल**
***Name of the Election** : **बिहार विधान सभा**
**Name of State/UT** : **बिहार**
(1) Name of Constituency : **148, अलौली (अ०जा०)**
Name of the candidate : **रामवृक्ष सदा**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **(1) दंगा फसाद, झड़प मारपीट, अपराधिक अभिकास (2) सधारण दंगा फसाद एवं मारपीट (3) धोखाधरी छदम वेश तथा सार्वजनिक विश्वास के विरूद्ध** |
| | b. | Case no. | (1) Alauli P.S. Case No.- 244/14, धारा- 147, 148, 149, 307, 341, 323, 337, 338, 504, 506/34 भा०द०वि० एवं 27 (2) Khagaria Chitragupta Nagar P.S. Case No.- 525/12, धारा- 144, 148, 149, 427, 307, 120 भा०द०वि० (3) Khagaria Chitragupta Nagar P.S. Case No.- 795/20, धारा- 171, 188, 269, 270, 290/34 भा०द०वि० 3 एपिडमेरिक डिजीज एक्ट 1987 |
| | c. | Name of the Court | (1) ADJ IIIrd Khagaria(2) तृतीय उपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश खगड़िया (3) प्रथम श्रेणी न्या० दंडाधिकारी, खगड़िया |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | वर्तमान में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

**राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित**

# कोषांगों के बीच आपसी समन्वय बनाए रखने पर डीएम का जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** जिले में विधानसभा चुनाव के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन की दिशा में की जा रही तैयारियों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा की गई। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी कोषांगों के वरिष्ठ नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर नामावली, प्रशिक्षण, वाहन, सामग्री प्रबंधन, आईटी, विधि-व्यवस्था, स्वीप, कार्मिक, ईवीएम, एमसीसी, मीडिया, मत पत्र एवं अन्य कोषांगों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी नोडल अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतांत्रिक प्रणाली की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, अतः प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रशिक्षण कार्य, मतदान केंद्रों की भौतिक तैयारी, सामग्री प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था तथा आईटी प्रणाली की तत्परता सुनिश्चित की जाए। स्वीप कोषांग को मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया ताकि जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि कानून-व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) से संबंधित सभी पहलुओं की निरंतर निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। सभी कोषांगों के बीच आपसी समन्वय बनाए रखने एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित संचार प्रणाली को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। बैठक का समापन जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इस अपेक्षा के साथ किया गया कि सभी पदाधिकारी एक टीम भावना के साथ कार्य करें ताकि औरंगाबाद जिला में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन का संचालन सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, विभिन्न कोषांगों के नोडल अधिकारीगण एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दीपावली पर आग से बचाव के सिखाए गुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** दीपावली के अवसर पर अगलगी की घटना पर काबू पाने के उद्देश्य से फायर ब्रिगेड की टीम जागरूकता अभियान चला रही है। इस क्रम में बुधवार को चौक चौराहा, दुकानों, शैक्षिक संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की टीम अगलगी की स्थिति पर नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल का प्रदर्शन कर लोगों को आग से बचने का तरीका बताया। फायर ब्रिगेड के ऑफिसर व कर्मियों ने शहर के पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया और उन्हें दुकान में छोटे अग्निशमन उपकरण, बाल्टी में पानी और बालू भरकर रखने की सलाह दी। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने अपने अधिकारी के नेतृत्व में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को अग्निशमन जागरूकता से संबंधित पंपलेट बांटे। टीम द्वारा पटाखे, बिजली, गैस, पेट्रोलियम पदार्थ एवं अन्य कारणों से हुई आग लगी की घटनाओं पर नियंत्रण के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने गैस सिलिंडर, तेल और बिजली से लगी आग को बुझाने के तरीकों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि गैस सिलिंडर में आग लगने पर मोटे कपड़े को पानी में भिगोकर सिलिंडर को चारों ओर से ढकने या बाल्टी में पानी भरकर डालने से आग को नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही बिजली के मेन स्विच को बंद करने, पाइप हटाने और आवश्यक स्थिति में डीसीपी व फोम अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में अग्निक हरेराम सिंह सहित अन्य कर्मियों ने सराहनीय योगदान दिया।

# पांचवें दिन मिला महिला का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना क्षेत्र स्थित रघुनाथपुर घाट से मंगलवार की शाम एक अन्य महिला का शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान रघुनाथपुर निवासी रंजिता देवी के रूप में की गई है। दरअसल, बीते शुक्रवार को सोन नदी में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो था। इस घटना में अब तक पांच लोगों का शव बरामद किया गया है जबकि एक युवती अब भी लापता है। घटना को लेकर एसडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम द्वारा लापता युवती की तलाश की जा रही है। विदित हो कि शुक्रवार की शाम तक बड़ेम निवासी शमीम अंसारी की 20 वर्षीय बेटी तमन्ना एवं योगेंद्र राय की 21 वर्षीय बेटी काजल उर्फ छोटी की शव बरामद किया गया। शनिवार को उस गांव निवासी नरेश चौधरी की बेटी सोनी कुमारी (21) एवं चितरंजन पासवान की पत्नी सविता देवी (30) का शव बरामद किया गया है। वहीं मंगलवार की शाम उस गांव निवासी संजय चौधरी की पत्नी रंजिता देवी का शव बरामद किया गया है। जबकि इस घटना में अब तक सुरेंद्र चौरसिया की पुत्री मंजू कुमारी (18) की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, बड़ेम गांव की करीब डेढ़ दर्जन महिला कृषि मजदूर रघुनाथपुर घाट से नाव पर सवार होकर आलू की बुआई के लिए आलू बीज की बोरियां लेकर सोन नदी पार मैदानी खेतों की ओर जा रही थीं। इस दौरान बीच नदी में नाव गहराई में जाकर अनियंत्रित हो गई और पलट गई। नाव पलटने के बाद अधिकांश महिलाएं तैरकर बाहर निकल आईं, जबकि छह महिलाएं पानी में डूब गईं थीं। थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार चौधरी ने बताया कि नाव दुर्घटना में चार शव पहले बरामद किया गया था। मंगलवार की शाम एक अन्य शव बरामद किया गया है। जबकि एक अन्य शव अब तक लापता है। एसडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम लापता युवती की तलाश में लगी हुई है और पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मास्टर प्रशिक्षकों की कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** निपुण बिहार उत्कर्ष कार्यक्रम के तहत मास्टर प्रशिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन औरंगाबाद में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा प्रबंधक शादाब आलम ने की जबकि आयोजन में पीरामल फाउंडेशन की टीम का सहयोग रहा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मास्टर प्रशिक्षकों की क्षमता वर्धन, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफ.एल.एन.) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर केंद्रित रहा। प्रशिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों, टिप्स संकेतक, आदर्श कक्षा की संरचना, शिक्षक व्यवहार और छात्रों में सीखने की रुचि बढ़ाने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में मध्य विद्यालय औरा के प्रधानाध्यापक एवं चैंपियन मास्टर प्रशिक्षक रमेश कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षण कौशल और कक्षा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। रमेश कुमार ने कहा कि एफ.एल.एन. किट, स्थानीय टी.एल.एम. सामग्री और छात्र सहभागिता आधारित गतिविधियां बच्चों के अधिगम स्तर में उल्लेखनीय सुधार ला सकती हैं। उन्होंने मास्टर प्रशिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान और विधियों को अपने विद्यालयों में अवश्य लागू करें, ताकि बच्चों की सीखने की गति और रुचि दोनों में सुधार हो सके। कार्यशाला में विद्यालय अवलोकन रिपोर्ट की गुणवत्ता सुधार, विद्यालय प्रक्रियाओं के सुदृढ़ीकरण और कक्षा अवलोकन के मानक संकेतकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर औरंगाबाद जिले के बारून, ओबरा तथा औरंगाबाद प्रखंड के सभी मास्टर प्रशिक्षक, गांधी फ़ेलो एवं पीरामल फाउंडेशन की टीम के सदस्य उपस्थित रहे। राज्य स्तर से परिमल झा, कुमार अभिषेक और नरेंद्र ने अपने प्रेरक विचारों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं, वरिष्ठ कार्यक्रम लीडर प्रभात कुमार, कार्यक्रम लीडर स्पृहा सिंह, अहमद रज़ा और प्रीति मिश्रा ने कार्यशाला की रूपरेखा को प्रभावी ढंग से संचालित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने विद्यालयों में सीखी गई शिक्षण विधियों और नवाचारों को लागू कर निपुण भारत-निपुण बिहार मिशन के लक्ष्य हर बच्चा पढ़े, लिखे और गणना करने में निपुण बने को साकार करेंगे।

# रफीगंज में प्रमोद सिंह ने मारी बाजी, जदयू ने बनाया प्रत्याशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के बीच बुधवार को औरंगाबाद के रफीगंज विधानसभा सीट पर बड़ा उलटफ़ेर सामने आया है। यहां लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के प्रदेश महासचिव रहे प्रमोद सिंह ने अचानक जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसके बाद जदयू ने बिना देर किये उन्हें रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। जदयू से उम्मीदवार घोषित होने के बाद प्रमोद सिंह ने मीडिया से बातचीत में पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मेरे तरफ से क्षेत्र में किए गए कामों और जनता के बीच मेरी सक्रियता को देखते हुए मुझपर भरोसा जताया है। मैं इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करूंगा। जदयू का सिम्बल मिलने के बाद प्रमोद कुमार सिंह जैसे ही औरंगाबाद पहुंचे यहां सभी उत्साहित कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जिला मुख्यालय में स्वागत होने के बाद श्री सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र रफीगंज जाकर आमलोगों से संपर्क कर रहे हैं।

# तीसरे दिन तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीन दिन बीत जाने के बाद भी जिले में चुनावी रेस गर्म नहीं हो पायी है। बुधवार को केवल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया, जबकि अब तक जिले में कुल छह उम्मीदवारों ने ही चुनाव मैदान में उतरे हैं। आज कुटुंबा विधानसभा से जन सुराज पार्टी के श्यामबली पासवान एवं औरंगाबाद विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार धीरेन्द्र कुमार सिंह तथा अजीत कुमार ने नामांकन पर्चा भरा है। जबकि दाउदनगर अनुमंडल से किसी उम्मीदवार ने नामांकन पर्चा नहीं भरा। नामांकन की इस सुस्त रफ्तार से स्पष्ट है कि अधिकांश उम्मीदवार अंतिम समय तक अपनी रणनीति पर काम कर रहे हैं और जल्दबाजी में नामांकन नहीं करना चाहते। हालांकि, नामांकन की अवधि कम होने के साथ ही आने वाले दिनों में नामांकन की संख्या में वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। कार्यकर्ताओं में भी संशय बनी हुई है। इस दौरान समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उम्मीदवारों ने नामांकन कराया गया। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय में नामांकन को लेकर परिसर में सुरक्षा चाक-चौबंद है। ड्रॉप गेट के अंदर अनावश्यक रूप से प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। ड्रॉप गेट पर नियुक्त मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल सघन तलाशी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों के दोनों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के लिए अलग अलग हेल्प डेस्क बनाया गया है। जहां प्रत्याशी नामांकन से पूर्व अपने दस्तावेजों की जांच करा रहें हैं। नामांकन स्थलों पर अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क सेंटर बनाया गया है। जहां अभ्यर्थियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। वेटिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी एवं सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# विवाहिता के हत्याकांड में पिता-पुत्र का आत्मसमर्पण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** हत्याकांड में फरार पिता-पुत्र ने बुधवार को व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में कुटुंबा थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर गांव निवासी प्रमोद मेहता (65) एवं उनका पुत्र सुनील कुमार शामिल है। घटना 15 मार्च 2025 की है जिसमें मदनपुर थाना क्षेत्र के धोबडीहा निवासी जनेश्वर प्रसाद द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना को लेकर उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री सोनी कुमारी की ससुराल वालों ने जहर देकर हत्या कर दी। इस घटना में उन्होंने दामाद सुनील कुमार एवं ससुर प्रमोद मेहता को नामजद अभियुक्त बनाया। कांड की गंभीरता के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस की तफ्तीश पर पिता-पुत्र ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# सिन्हा कालेज में वोटर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने बुधवार को आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर स्नातकोत्तर सत्र 23-25 चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए वोटर जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच चुनावी प्रक्रिया के महत्व को समझाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो मसउद आलम के द्वारा की गई, जिन्होंने मतदान के महत्व और लोकतंत्र में मतदान की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। प्रो दिलीप कुमार केशरी (विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर मगध विश्विद्यालय बोध गया) ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक, विशेष रूप से युवा वर्ग, अपने मतदान अधिकार का उपयोग करें और अपने राष्ट्र के विकास में भागीदार बने। विभागाध्यक्ष प्रो मसउद आलम ने अंत मे कहा कि विभाग ने यह सुनिश्चित किया कि आने वाली पीढ़ी में मतदान के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव जागृत हो, ताकि हम एक सशक्त और सक्षम लोकतंत्र की दिशा में कदम बढ़ा सकें। मौके पर प्रो पूनम कुमारी (सहायक प्राध्यापक मगध विश्वविद्यालय), मोहम्मद राशिद नईम (सहायक प्राध्यापक गया कॉलेज गया), अरुण कुमार (विभागाध्यक्ष ए एन एस कॉलेज नबीनगर), रामपति माली, चंदन कुमार, आमिर, मुन्ना कुमार आदि शामिल हुए।

# जालसाजी सहित अन्य मामलों में 21 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। इस दौरान अलग-अलग मामलों में 21 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 14 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। जालसाजी में 2, शराब के शीर्ष कांडों में 11 एवं अन्य शीर्ष कांड में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1686 वाहनों की जांच की गई जिसमें 3 लाख 34 हज़ार 500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 302.30 लीटर देसी शराब, 1.44 लीटर विदेशी शराब, 2 बाइक, 2 तसला बरामद किया गया है। इस दौरान 6000 लीटर महुआ विनिष्ठ एवं 2 भट्ठी ध्वस्त किया गया है। वहीं वारंट निष्पादन की संख्या - 2 कुर्की निष्पादन की संख्या एकहै। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक कि माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोक थाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

# हाइटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना गोह थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के बधार की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के रामप्रवेश साव के बेटे 32 वर्षीय मुन्ना कुमार गुप्ता के रूप में की गई। मुन्ना बुधवार को अपने खेत पटवन के लिए जा रहे थे। जैसे ही खेत के पास पहुंचे टूटे हुए बिजली तार से करंट से लग गया। वहां मौजूद ने लोगों ने शोर मचा कर जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी। घटना स्थल पर काफी संख्या में लोग पहुंचे और किसी तरह तार के संपर्क से हटाया। इसके बाद परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह ले गए। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। मृतक अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह घर पर रहकर आटा चक्की चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना के बाद मृतक की पत्नी मधु कुमारी एवं दो छोटे बच्चे सहित अन्य परिजनों का बुरा हाल है। दोनों बच्चों के लालन-पालन का भार अब दादा और बड़े चाचा रंजीत गुप्ता के कंधे पर आ गई है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप दिया गया है।

# वोटरों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा घर-घर पहुंचकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों ने मोहल्लों एवं गांवों में जाकर लोगों को 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मत का महत्त्व है, इसलिए सभी पात्र मतदाता अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। बच्चों ने 'मतदान मेरा अधिकार है, इसका करना उपयोग सच्चा मेरा व्यवहार है तथा पहले मतदान, फिर जलपान' जैसे नारों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलायी। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि बालकों द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी है। जिला प्रशासन ने भी इस सराहनीय पहल के लिए सभी विद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# त्रेता युग से चली आ रही दीपावली में घरौंदा बनाने की परंपरा

रंजन सिंह / नबिटा ब्यूरो



**औरंगाबाद।** दीपावली के मौके पर गणेश-लक्ष्मी की पूजा के साथ-साथ बेटियां घरौंदा और रंगोली बनाकर उसकी पूजा करती हैं। अब जमाना हाइटेक हो गया है। नई पीढ़ी परंपराओं से दूर होती जा रही है। उसे यह भी नहीं पता कि माता-पिता घर में जो रीति निभाते हैं उसका मूल मतलब क्या है? दीपावली में भी धनतेरस के दिन से ही कुबेर पूजा, आभूषण-बर्तन खरीद, लक्ष्मी-गणेश पूजा, घरौंदा भरना, रंगोली बनाना सहित परंपराएं निभानी शुरू हो जाती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रीराम जब 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या लौटे तो उनके आने की खुशी में अयोध्या वासियों ने अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर उनका स्वागत किया था। लोगों ने यह माना कि अयोध्या नगरी उनके आगमन से एक बार फिर बस गई है। इसी परंपरा के कारण घरौंदा बनाकर उसे सजाने का प्रचलन बढ़ा।

## घरौंदा पूजा पर चढ़ा आधुनिकता का रंग

घरौंदा पूजा में अब आधुनिकता का रंग चढ़ गया है। आधुनिक युग में लोग इस पुरानी परंपरा से कटते जा रहे हैं। अब घरों में मिट्टी का घरौंदे की जगह थर्मोकोल, कूट, चदरा और टीन निर्मित बाजार में बिक रहे घरौंदा खरीद कर पूजा की रस्म अदायगी करते हैं। पहले महिलाएं, युवतियां मिट्टी से घरौंदा तैयार करती थी। फिर उसको रंगों से सजाती थी। मिट्टी के दीये जलाकर रंग-बिरंगे मिठाई, सात प्रकार का भुंजा सहित मिट्टी के बर्तन में भरकर विधि-विधान के साथ महिलाएं घरौंदा पूजन करती थी। इसके बाद आतिशबाजी की जाती थी लेकिन यह परंपरा शहर में तो पूरी तरह समाप्त होती नजर आ रही है। ग्रामीण अंचलों में थोड़ी बहुत इसकी रस्म अदायगी भले ही की जा रही है। घरौंदा में सजाने के लिए कुल्हिया-चुकिया का प्रयोग किया जाता है और उसमें अविवाहित लड़कियां लाबा, फरही, मिष्ठान भरती हैं।

## रंगोली लगा देती है घर को चार चांद

घरौंदा से खेलना लड़कियों को काफी भाता है। इस कारण वह इसे इस तरह से सजाती हैं जैसे वह उनका अपना घर हो। युवती पूजा कुमारी, नेहा कु मारी बताती हैं कि घरौंदा की सजावट के लिए तरह-तरह के रंग-बिरंगे कागज, फूल, साथ ही वह इसके अगल बगल दीये का प्रयोग करती हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि इससे उसके घर में अंधेरा नहीं हो और सारा घर रोशनी कायम रहे। आधुनिक दौर में घरौंदा एक मंजिला से लेकर दो मंजिला तक बनाए जाने की परंपरा है। दीपावली के दौरान ही घर में रंगोली बनाये जाने की भी परंपरा है। दीपावली के दिन घर की साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया जाता है और रंगोली घर को चार चांद लगा देती है। घर चाहे कितना भी अधिक सुंदर हो यदि रंगोली घर के मुख्य द्वार पर नहीं सजाई गयी तो घर की सुंदरता अधूरी सी लगती है। सामान के तौर पर रंगोली का निर्माण चावल, गेंहू, मैदा, पेंट और अबीर से बनाया जाता है लेकिन सर्वश्रेष्ठ रंगोली फूलों से बनायी जाती है। इसके लिये गेंदा और गुलाब के साथ हरसिगार के पूलों का इस्तेमाल किया जाता है जो देखने में सुंदर तो लगता ही है साथ ही सात्विकता को भी उजागर करता है।

# तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं देने वाला पति गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं देने वाले पति को कासमा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के धनवा गांव निवासी शहजाद अहमद के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए पति शहजाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK